# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## हनुमान जयंती पर प्रदेश भर में धार्मिक अनुष्ठान, शोभायात्राएं और भंडारे

# शिवपुरी की सिंधिया छत्री में छोटी 9 तोपों की सलामी, धमाका होते ही बिखर गए 'पुष्प'

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिरों में सुंदर सजावट रही। भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया है। अखंड रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन भी किया गया।

शिवपुरी में सिंधिया राजवंश की छत्री प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। यहां हनुमान जी को 9 तोपों की सलामी दी गई। ये तोप एक खास मेटेरियल से बनाई जाती हैं। इन तोपों में बारूद के साथ फूल भरे होते हैं। जैसे ही तोपों में धामाका होता है, पुष्प उससे बाहर निकलता है। एक लाइन में 9 तोपों को खड़ा कर सलामी देते हुए हनुमान जी को पुष्प अर्पित किया गया। छत्री ट्रस्ट के मैनेजर अशोक मोहिते ने बताया कि आरती के दौरान छोटी तोपों से सलामी देकर हनुमान जयंती का आगाज किया गया।



सीएम डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर भोपाल एयरपोर्ट स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। उधर, रतलाम शहर के नेहरू स्टेडियम पोलो ग्राउंड में 1 लाख 11 हजार 111 बार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप भी हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हुए। शहर के प्रमुख श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

**उज्जैन में एक क्विंटल नुक्ती का महाभोग**

## रतलाम में 1 लाख 11 हजार 111 बार हनुमान चालीसा का पाठ

### मुख्यमंत्री ने इंदौर के पितृ पर्वत पर की पूजा-अर्चना

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकद्वय रमेश मेंदोला तथा मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



### बाबा महाकाल को हनुमान के रूप में सजाया गया

शनिवार को हनुमान जयंती पर भगवान महाकाल का बजरंगबली के रूप में श्रृंगार किया गया। शनिवार तड़के 4 बजे महाकाल मंदिर के कपाट खुलते ही विशेष पूजन-अभिषेक की शुरुआत हुई। भगवान को वैष्णव तिलक लगाया गया फिर भांग, चंदन, सिंदूर के साथ हनुमान स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। इस खास दिन पर 'हरि ओम' जल अर्पित कर, भक्ति से ओतप्रोत कपूर आरती की गई। इसके बाद भगवान को भस्म अर्पित की गई, जो महाकाल की पहचान है। उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर के श्री बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर में भगवान को आरती के बाद 1 क्विंटल बेसन से बनी नुक्ती का महाभोग लगाया गया। श्रद्धालुओं के लिए भगवान को ड्रायफ्रूट्स, ताजे फल और मिठाइयों का भोग लगाया गया। ⏩पढ़ें पेज 03 भी



अभिषेक ने बनाया ऑल टाइम हाईएस्ट स्कोर, ट्रेविस हेड ने भी खोले हाथ, सबसे बड़ा रिकॉर्ड स्कोर चेज

245 रन बनाने के बाद भी पंजाब नहीं बन सकी 'किंग्स'

# सनराइजर्स की जीत का 'अभिषेक'

ये हैदराबाद की आईपीएल-2025 में दूसरी जीत, ये आईपीएल में हैदराबाद का सबसे सफल रन चेज है, इससे पहले इस टीम ने इतना टारगेट हासिल नहीं किया




एजेंसी ⏭हैदराबाद

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड आखिरकार अपनी फॉर्म में लौट आए और इसका नतीजा ये रहा कि सनराइजर्स हैदराबाद ने चार मैचों के बाद जीत की रास्ते पर वापसी कर ली है। इन दोनों की शानदार पारियों के दम पर हैदराबाद ने रविवार को पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। ये हैदराबाद की आईपीएल-2025 में दूसरी जीत है। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 245 रन बनाए। हैदराबाद ने 18.3 ओवरों में दो विकेट खोकर ⏩शेष पेज 4 पर

**सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया**

### अभिषेक ने 141 रन की तूफानी पारी खेली

हैदराबाद की पारी में अभिषेक शर्मा के बल्ले का कमाल देखने को मिला जिन्होंने 55 गेंदों में 14 चौके और 10 छक्कों की मदद से 141 रनों की बेहतरीन पारी खेली तो वहीं ट्रेविस हेड के बल्ले से 66 रनों की पारी देखने को मिली।

### पंजाबियों ने भी ढाया कहर

हेड और अभिषेक से पहले पंजाब के बल्लेबाजों ने भी तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए चार ओवरों में 66 रन जोड़े। तीन ओवरों में ही इस जोड़ी ने टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया था। 13 गेंदों पर दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। उनके बाद आए कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी ⏩शेष पेज 4 पर ⏩पढ़ें पेज 11 भी

### कंट्रोल रूम स्थापित, नोडल अधिकारी की नियुक्ति

# आज भोपाल आएंगे अमित शाह सहकारी सम्मेलन में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ⏭भोपाल

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार 13 अप्रैल को भोपाल आएंगे। शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत भोपाल के रविंद्र भवन में दोपहर 12 बजे राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन होगा। इसमें लोकसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा विशेष अतिथि होंगे। प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि एक कंट्रोल-रूम भी स्थापित किया गया है, जिसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त की गई है। उन्होंने बैठक व्यवस्था, पास, निमंत्रण-पत्र, वाहन पार्किंग के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।











बिना अनुमति के किया था आयोजन

### चूरू में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान पंडाल गिरा, मची भगदड़



एजेंसी ⏭चूरू

प्रदेश के चूरू जिले में शुक्रवार को कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान तेज आंधी और धूलभरी हवाओं के कारण पंडाल गिर गया। हादसे के समय लगभग वहां करीब 15 हजार लोग मौजूद थे। घटना में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चा घायल हो गए। वहां मौजूद लगभग 15 हजार लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चा घायल हो गए। तीनों को तुरंत एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



भगदड़ के दौरान कई महिला श्रद्धालुओं के साथ चेन स्नेचिंग की भी घटना हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही रतनगढ़ थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे और टेंट में फंसी महिला ⏩शेष पेज 4 पर

Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार
राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड
International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# सहकार से समृद्धि



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

## सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल

मुख्य अतिथि
**अमित शाह**
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल**



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारु पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

D-11007/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

भोपाल
रविवार, 13 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 12
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 35
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं

### देश में ऐसा पहली बार...सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया

सुप्रीम कोर्ट की अभूतपूर्व टिप्पणी

# राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयकों पर फैसला करना चाहिए

तीन महीने की समयसीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा

राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने क्या टिप्पणी की

### दूसरे राउंड में विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध



सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं।

## 10 विधेयक बिना राज्यपाल या राष्ट्रपति की मंजूरी के कानून बन गए

*देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना कोई विधेयक कानून बन चुका है। ये ऐतिहासिक घटना सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद हुई, जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा विधेयकों को मंजूरी न दिए जाने के मामले में सुनवाई हो रही थी। तमिलनाडु की सरकार और राज्यपाल के बीच गतिरोध लंबे समय से चला आ रहा है। तमिलनाडु की विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी नहीं मिल पा रही थी। विधेयकों को लौटाने के बाद इन्हें दोबारा पारित कर राज्यपाल के पास भेजा गया था, फिर भी ये बिल मंजूरी के बिना लटके हुए थे। इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राज्य सरकार ने राज्यपाल पर जानबूझकर विधेयकों में देरी करने और विकास को बाधित करने का आरोप लगाया था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 10 विधेयक बिना राज्यपाल या राष्ट्रपति की मंजूरी के कानून बन गए हैं। इन विधेयकों में राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति पर संशोधित नियम शामिल हैं। स्टालिन सरकार ने इसे भारतीय राज्यों के लिए एक बड़ी जीत बताते हुए अदालत का धन्यवाद दिया है।*

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
74411 61485
Website : ssscn.ac.in

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366

IPL आज का मुकाबला
राजस्थान बेंगलुरु
दोपहर 3.30 बजे से
दिल्ली मुंबई
शाम 7.30 बजे से

लाल किला परिसर में त्रिदिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन का शुभारंभ

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा-शासकों के लिए आज भी आदर्श हैं महाराजा विक्रमादित्य

# भारतीयता हमारी 'पहचान' है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म



*उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता से भारत की पुरानी प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित और जीवंत हो रही है। भाषा हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए।*

सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया

केंद्र एवं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महाराजा विक्रमादित्य ने अपने शासन से उस काल को और भारत को गौरवान्वित किया। हमारी सांस्कृतिक चेतना के विकास में सम्राट विक्रमादित्य का अतुल्य योगदान रहा। वे शासकों के लिए आज भी एक आदर्श हैं। वे बड़े प्रजा वत्सल थे। उन्होंने शासकों को सिखाया कि एक राजा को किस तरह अपनी प्रजा की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने अपने शासनकाल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विकास को संरक्षण और संवर्धन देकर भारत राष्ट्र को विकसित किया।

धनखड़ ने कहा कि हमारी संस्कृति एक मिसाल है कि भारतीय जीवन मूल्यों के साथ जीवन कितना सहज और सरल हो सकता है। भारतीयता हमारी ▶▶शेष पेज 4 पर

करीब 250 कलाकार एक साथ दे रहे रंगारंग प्रस्तुति



### 14 अप्रैल तक चलेगा महानाट्य का महामंचन

*सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 13 एवं 14 अप्रैल को भी होगा। इसमें 250 कलाकार सम्राट विक्रमादित्य की जीवन गाथा को जीवंत कर रहे हैं। इस महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ की ओर से विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित 'आर्ष भारत' प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। इसमें 100 से अधिक ऋषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग की ओर से मप्र का विकास एवं उपलब्धियां विषय पर भी प्रदर्शनियां भी यहां लगाई हैं।*

### विक्रमादित्य ने शासन को सुशासन की व्यवस्था में बदला: मुख्यमंत्री


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति को सहेजने और संवारने में विक्रमादित्य का अमिट योगदान है। उन्होंने शासन को सुशासन की व्यवस्था में बदला। वे अदम्य साहस, धीरता वीरता और संवेदनशीलता के प्रतीक थे।




उन्होंने अपनी प्रजा को कर्जमुक्त किया। वे अनेकानेक गुणों से युक्त थे। गरीबों, लाचारों, वंचितों को उनका हक दिलाने की प्रेरणा हमें सम्राट वीर विक्रमादित्य से ही मिलती है। वे अपनी प्रजा का सुख-दुख देखने के लिए भेष बदलकर प्रजा के बीच जाते थे। हमारी संस्कृति मां गंगा की अविरल धारा की तरह लगातार बहती रहेगी। हमें अपने गौरवशाली अतीत पर नाज है और यह भावना हमें नई पीढ़ी तक भी पहुंचानी है। देश की राजधानी दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के मूल में हमारी यही मंशा है।

### नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी का एक्शन शुरू

# कब्जे में ली जाएगी 661 करोड़ रुपए की संपत्ति नोटिस हुआ जारी



▶▶ मुंबई, दिल्ली और लखनऊ में नोटिस चिपकाए गए



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में एक्शन शुरू कर दिया है। ईडी ने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं। इन संपत्तियों को ईडी ने कांग्रेस के नियंत्रण वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था। मुंबई, दिल्ली और लखनऊ में नोटिस ▶▶शेष पेज 4 पर


पीएमएलए के तहत कार्रवाई

#### राहुल और सोनिया के पास शेयर

धन शोधन का यह मामला एजेएल और यंग इंडियन से जुड़ा हुआ है। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन एजेएल द्वारा किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के मेजॉरिटी शेयरधारक हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। ईडी का कहना है कि यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपए के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपए के फर्जी अग्रिम किराए और 29 करोड़ रुपए के फर्जी विज्ञापनों के रूप में अपराध की आगे की आय अर्जित करने के लिए किया गया।


## खबर संक्षेप

### पंकज आडवाणी का जलवा, जीता रजत



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में रजत पदक हासिल किया है।

### आज नजर आएगा पिंक मून का अद्भुत नजारा



**नई दिल्ली।** रविवार को चांद पिंक मून होने जा रहा है, भारतीय समयानुसार पिंक मून 13 अप्रैल, रविवार की सुबह 5 बजे नजर आएगा। इस चांद का नाम पिंक मून है। इसका नाम पिंक मून वसंत में खिलने वाले जंगली फूल फ्लॉक्स के नाम पर पड़ा है।

### भाजपा विधायक के बेटे की दबंगई

## देवास में पुजारी का आरोप, टेकरी के पट नहीं खोलने पर मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



इंदौर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला पर देवास की माता टेकरी के पुजारी को धमकाने, गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगा है। पुजारी ने इसे लेकर पुलिस को शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। ये मामला शुक्रवार देर रात करीब पौने एक बजे का है। रुद्राक्ष अपने इंदौर और देवास के कुछ साथियों को लेकर करीब एक दर्जन वाहनों के काफिले के साथ माता टेकरी पहुंचा। मंदिर बंद होने के बावजूद उसने पुजारी से जबरन पट खोलने की मांग ▶▶शेष पेज 4 पर

■ आधी रात को एक दर्जन वाहनों के साथ पहुंचा था

### झाबुआ में बड़ा सड़क हादसा

## टैंपो ट्रैक्स पलटने से 4 की मौत 7 घायल, 2 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶झाबुआ



पेटलावद के रायपुरिया थाना क्षेत्र में बोलासा घाट पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे सवारी वाहन (टैंपो ट्रैक्स) पलटने से महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। इस तरह मृतकों की संख्या 4 हो गई है। सभी घायलों को पेटलावद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में 2 की हालत ज्यादा गंभीर है, जिन्हें गुजरात के दाहोद रेफर किया गया है। पेटलावद थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने ▶▶शेष पेज 4 पर

■ जहर खाए व्यक्ति को अस्पताल ले जा रहे थे

### महिला ने छेड़छाड़ का किया विरोध तो दरिंदगी की हदें पार

## बल्देवगढ़ में पेट्रोल डालकर परिवार के 3 लोगों को जिंदा जलाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶बल्देवगढ़ (टीकमगढ़)

बल्देवगढ़ में रात के सन्नाटे में चीखों का शोर गूंजा, जब एक हैवान ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पेट्रोल की लपटों में एक महिला, उसका मासूम बेटा और जीजा झुलस गए। ये हादसा तब हुआ, जब महिला ने आरोपी को छेड़छाड़ से रोका था। दर्दनाक बात ये कि पीड़िता 8 दिन पहले ही पुलिस से मदद मांग चुकी थी। पर पुलिस सोती रही, और दरिंदा जलाने पहुंच गया। घटना बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र की है। झुलसे तीनों जख्मी जिला अस्पताल में जिंदगी से लड़ रहे हैं। पीड़िता की मां और बहन की बेटी किसी तरह बाल-बाल बच गईं। पीड़िता ने बताया कि ▶▶शेष पेज 4 पर

*पीड़िता 8 दिन पहले लगा चुकी थी गुहार लेकिन पुलिस से नहीं मिली मदद*



### पुलिस ने लोगों को खदेड़ा, हालात नियंत्रण में

## गुना में हनुमान जयंती के जुलूस पर पथराव घटना के विरोध में लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



यहां हनुमान जयंती के जुलूस पर शनिवार शाम को पथराव हो गया। जिसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। घटना के विरोध में लोगों ने चक्काजाम कर दिया।प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस और राजस्व अमले की उपस्थिति में स्थिति को तुरंत नियंत्रण में ले लिया गया। जुलूस शाह के कोल्हू पुरा से निकलकर रपटा, हाट रोड तरफ आ रहा था। शाम करीब 7:30 बजे जुलूस कर्नलगंज स्थित मस्जिद के सामने पहुंचा। यहां जुलूस को आगे बढ़ाने को लेकर एक पार्षद की किसी से कहासुनी हो गई। इसी दौरान जुलूस पर कहीं से पत्थर फेंका गया। जुलूस के साथ वाले युवा यहां से हनुमान चौराहे पहुंचे और चक्काजाम शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी को लेकर केस दर्ज ▶▶शेष पेज 4 पर

एक पार्षद से कहासुनी के बाद बढ़ा विवाद

### बीते दिनों में यह सर्वर कई बार हो चुका है ठप... बताया जाता है तकनीकी कारण

लाखों यूजर्स के ट्रांजैक्शन फेल हो गए, सोशल मीडिया में भी लोगों ने बताई समस्या

## एक बार फिर ठप हुआ यूपीआई का सर्वर, फोन पे... गूगल पे नहीं हुआ

यूपीआई.... फिर मुसीबत आई

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

शनिवार को देशभर में यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) यूजर्स को एक बार फिर से डिजिटल पेमेंट में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी की वजह से यूपीआई सर्विस अस्थायी रूप से ठप हो गई, जिससे लाखों यूजर्स के ट्रांजैक्शन फेल हो गए यह लगातार तीसरी बार है जब बीते दो हफ्तों में यूपीआई में ऐसी बड़ी तकनीकी समस्या आई है। इससे पहले 26 मार्च और 2 अप्रैल को भी इसी तरह की परेशानी रिपोर्ट की गई थी।



#### दो हजार से ज्यादा शिकायतें

डाउन डिटेक्टर एक ऐसा प्लेटफॉर्म जो यूजर्स की शिकायतों के आधार पर सर्विस में आई रुकावटों पर नजर रखता है, उसके मुताबिक शनिवार सुबह 11:30 बजे के बाद से यूपीआई ट्रांजैक्शन फेल होने की शिकायतें लगातार आने लगीं। आंकड़ों के अनुसार, शाम तक करीब 2 हजार से ज्यादा शिकायतें यूपीआई सर्विस को लेकर दर्ज की गईं। इनमें से गूगल पे पर 150 और पेटीएम पर 125 यूजर्स ने दिक्कतों की सूचना दी।

देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़

यूपीआई भारत का सबसे तेज और आसान इंस्टेंट पेमेंट सिस्टम है, जो आईएमपीएस इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित है। इसके जरिए यूजर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के कभी भी और कहीं भी तुरंत पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। यूपीआई का इस्तेमाल छोटे-बड़े ▶▶शेष पेज 4 पर

### दुनिया भर में वॉट्सएप सेवाएं भी ठप रही

*देश की जानी मानी सोशल मैसेजिंग साइट वॉट्सएप भी कुछ समय के लिए ठप रहा। भारत सहित दुनिया भर में लोग वॉट्सएप का इस्तेमाल नहीं कर पाए। भारत में शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक वॉट्सएप आउटेज की सैकड़ों शिकायतें दर्ज की गईं। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, शाम 5:30 बजे तक करीब 600 से ज्यादा यूजर्स ने आउटेज की रिपोर्ट की और शाम 7:30 बजे तक यह आंकड़ा बढ़कर 773 रिपोर्ट्स तक पहुंच गया। यूजर्स मोबाइल एप्लिकेशन और वेब-आधारित प्लेटफॉर्म दोनों पर वॉट्सएप कनेक्ट नहीं कर पाए। इसके कारण लोगों को निजी और दफ्तर के कामकाज को करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।*

## राजधानी में निकलीं शोभायात्राएं, 400 से अधिक जगहों पर हुए भंडारे, भक्तों ने लगाई अर्जी

# श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर घरों व मंदिरों में गूंजा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हनुमान जन्मोत्सव पर भोपाल शहर में चारों ओर श्रद्धा और उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा था। समूचा शहर भक्तिमय दिखाई दे रहा था। एक तरफ जहां मंदिरों को फूलों से सजाया गया वहीं दिन भर धार्मिक अनुष्ठान का दौर चलता रहा। मंदिरों व घरों में पूरे दिन पूजा पाठ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ हुए। 25 से अधिक जगहों पर शोभायात्रा और प्रभात फेरियां निकाली गईं। राम मंदिर गुरबख्श की तलैया, छोला, न्यू मार्केट और गुफा मंदिर सहित कई मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। हनुमान जी को चोला व प्रसाद चढ़ाने के लिए कड़ी धूप में भी भक्त कतारों में लगे नजर आए। राजधानी में हर तीन से चार किमी पर एक भंडारा यानी करीब 400 जगहों पर भंडारे के आयोजन किए गई। जहां करीब पौने तीन लाख लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भेल क्षेत्र में भी बड़े धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। भरखेड़ा राममंदिर, पिपलानी, सोनागिरी खेड़ापति हनुमान मंदिर, आनंद नगर स्थित मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुए। पिपलानी क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनियों में भी धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। शिवलोक फेस-2 में महाकाल भक्त मंडल समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार चैत्र मास की पूर्णिमा को राम भक्त हनुमान का प्रकट उत्सव 57 वर्षों बाद पंचग्रही योग सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, राहु, मीन राशि व हस्त नक्षत्र व्याघात योग में मनाया गया। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से 1:04 बजे से शुभ मुहुर्त में भक्तों ने पूजा-पाठ की। कुंभ, मीन, राशि में साढ़ेसाती शनि चल रहे हैं, सिंह एवं धनु राशि को ढैय्या शनि चल रहे हैं। इनके जातक सहित अन्य लोगों ने शनि मंदिरों में पहुंचकर पूजा पाठ की।



शोभायात्रा में हनुमानजी का ध्वजा लहराता श्रद्धालु।

### बरखेड़ा में सुदंरकाड पाठ

बरखेड़ा भेल कृष्णा मंदिर विजय मार्केट में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भोजपाल मेला महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि हनुमान के जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से भंडारे का आयोजन किया गया।

### गुफा मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

गुफा मंदिर में सुबह 6:30 पर महंत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक सिंदूर चोला अर्पण कर पूजा की गई। अखंड श्री रामचरितमानस पाठ किया गया। इसके बाद श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती की गई। इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ तथा प्रसादी वितरण किया गया।

### हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

शीतला माता मंदिर टीलाजमालपुरा मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णुकांत जोशी के मार्गदर्शन में संगीतमय सुंदरकांड आयोजन किया गया। यहां हनुमान जी की प्राचीन मूर्ति है। इस मौके पर दरबार को सजाकर दीप प्रज्जवलित किए साथ ही रंगोली सजाई और भंडारा हुआ।



राजधानी के तलैया स्थित काली मंदिर से निकाली शोभायात्रा।

### दादाजी धाम मंदिर में लड्डूओं का लगा भोग

राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर मे इस वर्ष भी शनिवार को सूर्योदय के समय हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह हनुमान जी का अभिषेक पूजन के बाद सवामन लड्डुओं एवं फल का

### भंडारे में पर्यावरण का रखा विशेष ध्यान

हनुमान जयंती के अवसर पर पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भंडारे किया। विवेकानंद कॉलोनी कटारा हिल्स में लगभग 2000 लोग भंडारे में शामिल हुए। यहां के पर्यावरण प्रेमी रहवासियों ने पर्यावरण की रक्षा करते हुए भंडारे में प्लास्टिक के डिस्पोजल सामग्री का यूज नहीं किया गया।



शोभायात्रा में भगवा ध्वज लेकर निकले श्रद्धालु।

### हनुमान भक्त पहलवानों ने निकाला चल समारोह

श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ भोपाल ने अपनी परंपरा अनुसार भवानी चौक सोमवारा से डीजे ढोल के साथ चल समारोह निकला। श्री राम, सीता व भाई लक्ष्मण व हनुमान जी की लीलाओं को दर्शाती झांकियों के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे व बालिका आदि लोग भगवान को भेष धारण कर शोभायात्रा में चल रहे थे। चल समारोह लखेरापुरा चौक इतवारा, मंगलवार,घोड़ा नक्कास बस स्टैंड से झोला मंदिर में रात्रि 9 बजे चल समारोह का समापन हुआ। चलसमारोह का मुख्य आकर्षण श्री हनुमान जन्मोत्सव की झांकी,

### वल्लभ नगर में मनाई हनुमान जयंती





हनुमान जयंती के अवसर पर वल्लभ नगर में जय महाबली सेवा कल्याण समिति ने जागरण एवं भजन कीर्तन किया। समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कलश यात्रा एवं चल समारोह भी निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे। इसके बाद भण्डारे का भी आयोजिन किया गया जो देर रात तक जारी रहा।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुंदरकांड के बाद भंडारा





राजधानी की नर्मदापुरम रोड स्थित मिसरोद रेलवे स्टेशन के नजदीक प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे से सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद हनुमानजी की आरती के बाद दोपहर करीब 12 बजे से प्रसादी एवं भंडारा शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा, जिसे श्रीराम कॉलोनी, गायत्री परिसर, स्नेह नगर समेत आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया।

### श्री पशुपतिनाथ मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति से मनाया

श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में शनिवार को हनुमान जी की जयंती श्रद्धाभक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भक्तजनों का सुबह से ही मंदिर में तांता लगा रहा और बड़ी सख्या में लोगों ने पूजन में भाग लिया।

### श्री शिव शक्ति धाम में जयंती नहीं, मनाया हनुमान जन्मोत्सव

श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में जयंती नहीं धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया है। श्री हनुमान जी महाराज को चोला चढ़ाकर भव्य श्रृंगार कर लड्डू का भोग लगाया। इस अवसर पर श्री हनुमान की महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित सुशील पाण्डेय ने बताया कि श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम पर श्री हनुमान जी की जयंती नहीं 'जन्मोत्सव' मनाया जाता है, क्योंकि श्री हनुमान जी आज भी जीवित हैं और अजर अमर है। मरे हुए लोगों पर पुष्प चढ़ाकर जयंती मनाई जाती है।

### सिंदूर से अभिषेक कर चढ़ाया चोला





*राजधानी के खेड़पति हनुमान मंदिर ,1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी का सिंदूर से अभिषक किया गया। चोला चढ़ाया गया। इसके बाद भोग लगा कर आरती की गई। इस दौरान हनुमान लला के जयकारे गूंजने लगे। भंडारे का आयोजन किया गया।*

### हनुमानजी की पूजा कर निकाली शोभायात्रा

हनुमान जयंती पर तलैया इलाके से शोभायात्रा शुरू की गई। सबसे पहले यहां पर हनुमान जी की पूजा की। जिसके बाद शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। छोटे-छोटे बच्चे व बालिका आदि श्रद्धालु भगवान को भेष धारण कर शोभायात्रा में चल रहे थे। इस दौरान भगवान हनुमान जी की एक बड़ी मूर्ति को रथ पर सवार किया गया, जिसमें करीब दस हजार से अधिक लोग शामिल हुए। यहां हनुमान भक्त श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे।



न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, विधायक भगवानदास सबनानी, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी समेत हजारों भक्तों ने आरती में हिस्सा लिया।

### खेड़ापति हनुमान पहाड़ी मंदिर पर हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा



शनिवार को श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर कोलार नयापुरा पहाड़ी स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान जी महाराज का अभिषेक कर चोला चढ़ाकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण आहुति कर हवन कराया गया। मंदिर संस्था के अध्यक्ष सत्यम मीना सहित सैकड़ों हनुमान भक्तों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जी की आरती की।

---


## विश्वभर के विशेषज्ञ, शोधकर्ता पहुंचे

# डॉ. तान्या ने अमेरिका में किया पैथोलॉजी कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के पैथोलॉजी और प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. तान्या शर्मा ने बोस्टन, मैसाचुसेट्स अमेरिका में आयोजित यूनाइटेड स्टेट्स एंड कैनेडियन एकेडमी ऑफ पैथोलॉजी की 114वीं वार्षिक बैठक में एम्स भोपाल का प्रतिनिधित्व किया। यह सम्मेलन पैथोलॉजी के क्षेत्र में विश्व के सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक है, जिसमें विश्वभर के विशेषज्ञ, शोधकर्ता और चिकित्सक भाग लेते हैं।

इस वैश्विक मंच पर डॉ. शर्मा ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा वित्तपोषित अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया। यह शोध केंद्रीय भारत के नेफ्रोटिक सिंड्रोम से पीड़ित मरीजों की एंटीजनिक और



क्लीनिको-पैथोलॉजिकल प्रोफाइल पर आधारित था, जिसमें मेम्ब्रेनस नेफ्रोपैथी में नए एंटीजन की पहचान पर विशेष बल दिया गया, जो निदान की सटीकता बढ़ाने और मरीजों के लिए व्यक्तिगत उपचार रणनीतियों को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. शर्मा ने अपने शैक्षणिक मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के लिए एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह तथा पैथोलॉजी एवं प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली वाल्के के प्रति आभार व्यक्त किया।




## आदिवासी समाज ने धूमधाम से मनाया पूनल सावरी कार्यक्रम

**भोपाल।** सगा सग्गुम आदिम सामाजिक संस्था के तत्वावधान में गोंड़ समुदाय द्वारा कोया पुनेमी पुनल सावरी पाबुन अर्थात प्राकृतिक नया वर्ष कार्यक्रम धूमधाम से मनाया । इस मौके पर इष्ट देवी-देवता, जाहेर आयो को विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। उन्होंने इष्ट देवी-देवताओं से अच्छी फसल, धन-दौलत की बरकत, सभी मनुष्यों की सुख शांति, समृद्धि की कामना की। इस दौरान आदिवासी समाज के महिला-पुरुषों ने परंपरागत नृत्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिरुमाल यशवंत कुवेर्ती, तिरूमाय-रमा, प्रेम शान्ति तेकाम अध्यक्ष ताकंचना आर्मो, तिरुमाय निलेश्वरी मसराम, क्रांति गोंड़ व सरिता मेरावी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

■ इष्ट देवी देवताओं की पूजा की

## माशिमं : मूल्यांकन 60 फीसदी पार, मई के पहले सप्ताह तक जारी हो सकेंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब विद्यार्थियों को अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। माशिमं अधिकारियों के अनुसार, दोनों कक्षाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग 60 फीसदी हो चुका हैं, वहीं बाकी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। मूल्यांकन के साथ ही अंको भी प्रविष्टि भी ऑनलाइन की जा रही है। ऐसे में परीक्षा परिणाम मई के पहले सप्ताह तक जारी किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर के 52 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य जारी है। माशिमं 25 अप्रैल तक शेष कार्य भी पूरा करने में जुटा है। इसके बाद रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि मई के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की तैयारी है।

**16,60,252 विद्यार्थी शामिल हुए हैं परीक्षा में:** इस वर्ष हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा 27 फरवरी से शुरू हुई थी। वहीं, हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हुई थी। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 3,887 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। राजधानी भोपाल में 103 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई थी। इन परीक्षाओं में इस बार कुल 16,60,252 विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

# माता यशोदा ने कन्हैया को जब-जब अपने से दूर किया, तब-तब आया

### मां शीतला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा, श्रीकृष्ण की बाल लीला का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





मां शीतला माता मंदिर जनता नगर कॉलोनी करोंद में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित सुशील महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार जब मां यशोदा मईया ने कन्हैया को पालने में लिटाकर अकेला छोड़कर किसी कार्य के लिए कहीं गई, तभी शकटासुर राक्षस वहां पालने के ऊपर आकर बैठ गया। यह बात कि कन्हैया को पसंद नहीं आई। उन्होंने एक लात शकटासुर में मार दी। तब शकटासुर का वहीं प्राणांत हो गया। एक वार पूतना राक्षसी अपना भेष बदलकर मां यशोदा के पास ग्वालिन के भेष में आई। तब मां यशोदा उसे नहीं पहचान पाईं और उसके मांगने पर अपने लाला को राक्षसी पूतना के हवाले कर दिया और पूतना श्रीकृष्ण भगवान को अपने स्तन में लगा जहर भरा दूध कन्हैया को पिलाने लगी। तब कन्हैया ने पूतना का दुग्धपान करते समय उसके प्राणहर लिए। इसी प्रकार तृणावर्त राक्षस अकेला देखकर कन्हैया को उठा ले गया था, लेकिन उसी समय कन्हैया ने तृणावर्त राक्षस का वध कर दिया था।

मुंबई से सबसे सस्ता रहेगा हज का सफर

# भोपाल से हज यात्रा पर जाने वालों को 66 हजार रुपए देना पड़ेगी ज्यादा राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हज पर जाने वाले प्रदेश के हज यात्रियों को मुंबई, दिल्ली या देश के अन्य इंबारकेशन प्वाइंट के मुकाबले ज्यादा रकम अदा करना पड़ेगी। मुंबई के मुकाबले भोपाल से जाने वालों को 66 हजार रुपए अधिक देना पड़ेंगे, जबकि भोपाल, रायसेन और सीहोर के हज यात्रियों को मक्का और मदीना में रुबात मिलने के बाद कुछ राशि कम हो जाएगी। वर्तमान में भोपाल से हज यात्रा पर जाने वाले लोगों से 3 लाख 87 हजार 150 रुपए जमा कराए जा रहे हैं, जबकि इंदौर से 3 लाख 71 हजार 200 और मुंबई से जाने वाले हज यात्रियों से 3 लाख 21 हजार 150 रुपए जमा कराए जा रहे हैं। हज यात्री दो किश्त के रूप में 2 लाख 51 हजार 800 रुपए पहले ही जमा कर चुके हैं। शेष राशि की अदायगी 27 अप्रैल तक की जानी है।

हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा तय की गई हज राशि में मुंबई इंबारकेशन प्वाइंट का खर्च 3 लाख 21 हजार 150 तय किया है। जबकि दिल्ली से यह खर्च 3 लाख 30 हजार 100 रुपए है। इसके विपरीत मप्र के दोनों इंबारकेशन प्वाइंट इन दोनों शहरों से महंगे हैं। जहां भोपाल के हज यात्रियों को दिल्ली के मुकाबले 57 हजार तो मुंबई के मुकाबले 66 हजार रुपए ज्यादा देना पड़ेंगे। इसी तरह इंदौर से दिल्ली के मुकाबले 68 हजार और मुंबई के मुकाबले 50 हजार रुपए ज्यादा अदा करना पड़ेंगे।

### सबसे सस्ता मुंबई बिहार गया महंगा

सेंट्रल हज कमेटी द्वारा एक ही देश के अलग-अलग हाजियों के लिए तय किए खर्च में बड़ी असमानता है। जहां तय किए गए खर्च में सबसे सस्ता मुंबई है। इसका कुल खर्च 3 लाख 21 हजार 150 रुपए है। वहीं देश का सबसे महंगा हज खर्च बिहार के गया से तय हुआ है। यहां से हज पर जाने वाले एक हज यात्री को 4 लाख 11 हजार 600 रुपए देना पड़ेंगे।

## भोपाल में एक सप्ताह बाद पारा 38.8 डिग्री रहा, लोगों को मिली राहत

मंडला में सर्वाधिक 10.6 डिग्री से. तक आई कमी

# प्रदेश में पारा 40 डिग्री के नीचे, बारिश और ओले से घुली राहत, दो दिन बाद बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार को भीषण गर्मी से राहत रही। प्रदेशभर में दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने से लोगों को राहत मिली। सर्वाधिक दिन का पारा खंडवा में 41.5 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम दिन का तापमान मंडला में 29.4 डिग्री दर्ज हुआ है।

यहां बारिश, ओले के बाद पारे में सर्वाधिक 10.6 डिग्री की गिरावट रही। भोपाल में एक सप्ताह बाद अधिकतम पारा 1.8 डिग्री गिरकर 37.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से आधा डिग्री कम है। इससे पहले इसी महीने 4 अप्रैल को यहां दिन का पारा 37.6 डिग्री रहा था। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश में बारिश, ओले और बादलों के असर के साथ रातें हवाएं उत्तरी होने से दिन और रात के तापमान में तेजी से कमी आई है। यह क्रम दो दिन और जारी रहेगा। इसके बाद गर्मी में तेजी आएगी। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद तापमान में बढ़त होगी।

सर्वाधिक दिन का पारा खंडवा में 41.5 डिग्री रहा




चेतक ब्रिज दोपहर 2:30 बजे

### बारिश-ओले की संभावना

*रविवार तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में बारिश, कहीं कहीं ओले गिरेंगे। छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में बादल, तेज हवाएं चलेंगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मदंसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, मैहर जिलों में बादल, कहीं तेज हवाएं और कहीं बारिश होगी।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 अप्रैल 2025

8 हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में चोला चढ़ाकर की...



12 'हनुमंत कथा' और 'नमामि देवी नर्मदे' की प्रस्तुति ने...





## यातायात प्रबंधन पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, 11 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक

# आज भोपाल दौरे पर रहेंगे गृहमंत्री अमित शाह राजधानी में बदली रहेंगी यातायात व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल आ रहे हैं। इसके चलते यातायात प्रबंधन पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। असुविधा से बचने के लिए ट्रैफिक प्लान समझें। स्टेट हैंगर से कुशाभाऊ ठाकरे कनवेंशन सेंटर तक आवाजाही के दौरान यात्री बसों के लिए डायवर्सन व्यवस्था (समय प्रातः 11:00 बजे से 05:00 बजे तक) रहेगी।



### ऐसा रहेगा ट्रैफिक प्लान

- इंदौर, उज्जैन से आने-जाने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- राजगढ़-ब्यावरा से हलालपुर आने-जाने वाली यात्री बसें मुबारकपुर से खजूरी बायपास से बैरागढ़ होते हुए हलालपुर बस स्टैण्ड तक जा सकेंगी।
- रोशनपुरा से पॉलिटेक्निक कमला पार्क, रेतघाट, व्हीआईपी रोड, गांधी नगर एवं पॉलिटेक्निक गांधी पार्क तक आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। भारत माता चौराहा, भदभदा, साक्षी ढाबा, नाथू बरखेडा रोड़, मुगालिया छाप, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहे होकर आवागमन कर सकेंगे।
- रोशनपुरा से पॉलिटेक्निक, कमला पार्क, रेतघाट, व्हीआईपी रोड, गांधी नगर, से गांधी पार्क तिराहा तक प्रतिबंधित रहेगा।
- सीहोर-इंदौर के वाहन भारत माता, भदभदा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़, रातीबढ़ होकर आ-जा सकेंगे। भोपाल से सीहोर-इंदौर, राजगढ-ब्यावरा एवं एयरपोर्ट जाने वाले प्रभात चौराहा, जेके रोड, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करौंद, नई जेल, गांधी नगर तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

### ऐसा रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- भारतमाता, भदभदा साक्षी ढाबा, नीलबड़ त मुगालियाछाप, खजूरी सड़क, खजूरी मुबारकपुर होकर आवागमन कर सकेंगे।
- दोपहिया, चार पहिया वाहन व्हीआईपी भ्रमण के दौरान रोशनपुरा चौराहा से कमलापार्क, रेतघाट, व्हीआईपीरोड, गांधीनगर एवं पॉलिटेक्निक से गांधीपार्क तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित किया जायेगा।
- बैरागढ़, राजाभोज विमानतल एवं राजगढ़-ब्यावरा की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारतमाता चौराहा, भदभदा, साक्षीढाबा नीलबड़ से नाथूबरखेडा रोड़, मुगालियाछाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तमुबारकपुर चैराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- सीहोर-इंदौर की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षीढाबा तिराहा, नीलबड़, रातीबढ़ झागरिया होकर आवागमन कर सकेंगे।
- इसके अतिरिक्त भोपाल शहर से सीहोर-इंदौर, राजगढ-ब्यावरा एवं राजाभोज एयरपोर्ट की ओर जाने वाले प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरि, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करौंद चौराहा, नई जेल, गांधीनगर तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

### सुरक्षा व्यवस्था में एक हजार पुलिसकर्मी तैनात

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा के लिए एक हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यह पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखेंगे। दरअसल, रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें गृहमंत्री मुख्य अतिथि होंगे। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री, भारत सरकार, अमित शाह को (जेड+ सुरक्षा दर्जा के साथ सीआरपीएफ सुरक्षा कवर प्राप्त) है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कार्यक्रम स्थल रवींद्र भवन भोपाल से 5 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बलून सहित अन्य फ्लाईंग ऑबजेक्ट के उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त स्थान को रेड जोन, नो फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है। यह आदेश आज 13 अप्रैल सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कमर्शियल फ्लाईट्स इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन से मुक्त रहेंगी।

## डॉक्टर्स को डिग्री और वैध रजिस्ट्रेशन की देनी होगी जानकारी

# एक्शन में विभाग: निजी अस्पताल के डॉक्टरों को देना होगा शपथ पत्र

*दमोह में पकड़ाए फर्जी डॉक्टर के बाद सतर्क हुआ स्वास्थ्य विभाग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह में फर्जी 'किलर डॉक्टर' नरेंद्र यादव उर्फ डॉ. एन जॉन केम के पकड़े जाने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इस घटना के बाद सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने जिले के सभी निजी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं। अब इन्हें अपने यहां कार्यरत डॉक्टरों की शैक्षणिक योग्यता और वैध रजिस्ट्रेशन की जानकारी सीएमएचओ दफ्तर में अनिवार्य रूप से दर्ज करानी होगी।

### 100 रुपए के स्टांप पर देना होगा शपथ-पत्र

निजी अस्पतालों के संचालकों को अस्पताल में कार्यकरत डॉक्टरों की योग्यता और रजिस्ट्रेशन की जानकारी 100 रुपए के शपथ पत्र पर सीएमएचओ के कार्यालय में देनी होगी। इसके साथ ही शपथ पत्र में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि अस्पताल में कार्यरत सभी डॉक्टर वैध डिग्रीधारी हैं और उनका रजिस्ट्रेशन संबंधित परिषद में पंजीकृत किया जा चुका है।

### बाहरी डॉक्टरों पर भी निगरानी

मप्र के बाहर से आने वाले किसी भी डॉक्टर को इलाज करने की अनुमति नहीं दी जाएगी यदि उसके पास वैध डिग्री और रजिस्ट्रेशन नहीं है। यह कदम राज्य में अवैध प्रैक्टिस करने वाले फर्जी डॉक्टरों पर रोक लगाने उठाया गया है।

### उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

यदि कोई अस्पताल इन दिशा निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दमोह जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ये दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

**डॉ प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ




### कार्रवाई के डर से कई क्लीनिक्स पर डले ताले

**भोपाल।** राजधानी में बिना पंजीयन के चल रही क्लिनिक्स की जांच दूसरे दिन भी जारी रही। कार्यवाही के डर से कई संचालकों ने अपने क्लिनिक्स बंद रखे। इन क्लिनिक्स पर विभाग की टीम नजर रख रही है। स्थानीय पुलिस, नगर निगम एवं प्रशासन का सहयोग भी लिया जा रहा है। एक दिन पहले ही विभाग की टीम ने निजी चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया था। जिसके बाद सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने चार क्लिनिक्स को नोटिस जारी कर संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करवाया था। शनिवार को जिला जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ रितेश रावत, सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्विन भंबल एवं डॉ. अभिषेक सेन अशोका गार्डन स्थित गुप्ता क्लीनिक एवं प्लेटिनम प्लाजा स्थित शुद्धि क्लीनिक पर पहुंचे, हालांकि कार्यवाही के डर से संचालकों ने क्लीनिक बंद रखे।

- बिना अनुमति संचालित क्लीनिक्स की जांच दूसरे दिन भी जारी

## छह गैस गोदाम संचालकों ने दिया नोटिस का जवाब

# पटाखा दुकानों की शिफ्टिंग फिलहाल अटकी, तीन गैस गोदामों की शुरू

रहवासी इलाके में गैस गोदामों को शिफ्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के हलालपुरा पटाखा बाजार, करोंद और निशातपुरा स्थित पटाखा दुकानों को दोबारा से खोलने की परमिशन दी गई है। अब तक इन्हें शहर से बाहर करने की पहल नहीं की गई है। इधर शहरी क्षेत्र में आ रहे नौ गैस सिलेंडरों के गोदामों को शहर से बाहर करने का काम शुरू कर दिया गया है। जिसको लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने संचालकों को नोटिस दिए थे। जिसके तहत संचालकों ने नोटिस का जवाब पेश कर दिया है। सबसे पहले गुफा मंदिर स्थित ममता, सारा और एसबी गैस एजेंसी के गैस गोदाम शहर से बाहर शिफ्ट किए जा रहे हैं।

### शहर में नहीं बिकेंगे पटाखे, गैस गोदाम भी होंगे बाहर

आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए शहर में कहीं भी दुकानों से पटाखे नहीं बेचे जाएंगे। इन दुकानों को शहर से बाहर किया जा रहा है। गैस गोदाम भी दो महीने में शहर से बाहर किए जाएंगे। शहर में भारत, इंडेन, एचपी सहित अन्य कंपनियों के एलपीजी गैस सिलेंडर गोदाम भी खतरा बने हुए है। खजूरी स्थित भारत गस गोदाम भी रहवासी इलाके में है। इसी तरह आरके गैस एजेंसी का न्यू मार्केट में गैस गोदाम है। जिससे खतरा बना हुआ है। सुभाष नगर में भी गैस गोदाम रहवासी इलाके में चल रहा है। अभिषेक, अर्चना, जौहर, प्रदीप, सुनील गैस एजेंसी को भी बाहर करने की तैयारी है।




### तय संख्या से अधिक सिलेंडर नहीं रख सकेंगे

*कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर से कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी गैस गोदामों की एनओसी की जांच की जाए। जो गोदाम शहरी क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं, उन्हें बाहर करने का अल्टीमेटम दिया जाए। जिसको लेकर नोटिस जारी किए गए थे। कलेक्टर का कहना है कि शहरी क्षेत्र में पटाखा दुकान और गैस गोदामों के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। गैस एजेंसी संचालक तय संख्या से अधिक सिलेंडर भी एजेंसी पर नहीं रख सकेंगे।*




## दूसरे दिन आबकारी अमले ने दर्ज किए 16 और प्रकरण

# राजबाड़ा ढाबा, बिग डैडी, राम रिसॉर्ट में परोसी जा रही थी अवैध शराब

आबकारी अमले ने राजधानी के होटल ढाबों समेत विभिन्न जगहों पर दबिश देते हुए की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों में अवैध तरीके से शराब परोसी जा रही है। जिसका पता चलने पर शनिवार को आबकारी अमले ने विभिन्न जगहों पर दबिश देते हुए कार्रवाई की और 16 प्रकरण दर्ज किए हैं। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के निर्देशन में बैरागढ़ क्षेत्र के संभाला रेस्टोरेंट, राम रेस्टोरेंट, बिग डैडी, राजबाड़ा, शिवहरे, एवर ग्रीन, एटमास्फियर सहित अन्य होटल व ढाबों पर तलाशी ली गई। यहां पर संचालकों द्वारा लोगों को अवैध तरीके से शराब परोसी जा रही थी।

### एक टीम एमपी नगर क्षेत्र में घूमी

अमले ने कार्रवाई करते हुए शराब बरामद की और आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। जबकि एक अन्य टीम ने एमपी नगर क्षेत्र के सोसलाइट सेवन, आमेर पैलेस, शाही हवेली, द रेजीडेंसी बारों की तलाशी ली गई। जिसमें शराब का भंडारण, लाइसेंस का निरीक्षण कर संचालकों को नियमानुसार संचालन करने की हिदायत दी है।

# वार्ड दफ्तर में ही 31 मई तक करा सकेंगे समग्र की आधार से ईकेवायसी

**भोपाल।** सरकारी योजनाओं का ठीक से फायदा लेने के लिए समग्र आईडी का आधार से ईकेवायसी कराना अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत सभी समग्र आईडी की ईकेवायसी कराई जानी है। वर्तमान में सत्तर फीसदी लोगों ने पहले से ईकेवायसी करा ली है, जबकि तीस फीसदी का कराया जाना बाकी है। जिसके तहत नगर निगम के वार्ड दफ्तर में ईकेवायसी कराई जा सकती है। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, जबकि एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर्स पर एक व्यक्ति के पचास रुपए तक देना पड़ते हैं।

ऐसे में चार लोगों की ईकेवायसी कराने पर दो सौ रुपए देना पड़ते हैं। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने बताया कि शत प्रतिशत समग्र आईडी को आधार के साथ ई-केवाईसी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 31 मई तक निगम के वार्ड कार्यालयों में ईकेवाईसी कराया जा रहा है। समग्र पोर्टल पर ईकेवाईसी के लिए आम लोग निगम के वार्ड कार्यालय में या समग्र पोर्टल पर घर बैठे खुद कर सकते हैं।

## ट्रेन के गति पकड़ने से हादसा होते-होते बचा

# भोपाल स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरे यात्री की आरपीएफ जवान की सतर्कता से बची जान

पायदान पर बैठे यात्री का बिगड़ा संतुलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल के रेल सुरक्षा बल के एक जवान की सतर्कता और तत्परता ने एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20103 गोरखपुर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर 2 से रवाना होते समय की है। विदिशा निवासी राहुल सिंह राजपूत ट्रेन के स्लीपर कोच के पायदान पर बैठा हुआ था। जैसे ही ट्रेन धीरे-धीरे गति पकड़ने लगी, वह असंतुलित होकर नीचे गिरने लगा। उसी समय प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर मौजूद प्रधान आरक्षक नितिन अमरोही ने स्थिति को तुरंत भांपते हुए बिना देरी किए तेजी से यात्री को ओर दौड़ लगा दी।



### हाथ पकड़कर ट्रेन के नीचे आने से बचाया

*इस दौरान गिरते हुए यात्री का हाथ पकड़कर उसे ट्रेन के नीचे आने से बचा लिया। इस दौरान यात्री को किसी तरह की चोट नहीं आई।यदि यह त्वरित प्रतिक्रिया नहीं होती, तो यह घटना गंभीर दुर्घटना में बदल सकती थी।*

### 6 माह में 16 से अधिक की जान बचाई जान

भोपाल स्टेशन पर करीब छह माह में चलती ट्रेन से गिरने व उतरने के दौरान रेलवे ट्रैक व प्लेटफार्म पर करने वाले करीब 16 से अधिक यात्री की आरपीएफ जवानों की सतर्कता और तत्परता जान बचाई गई। आरपीएफ अधिकारी के अनुसार इस संबंध में लगातार आरपीएफ जवानों को ट्रेनिंग दी जाती है।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए खेल विभाग ने मांगे आवेदन

**भोपाल।** संचालनालय, खेल और युवा कल्याण ने 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रुपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रुपए खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। खेल विभाग ने जारी सूचना में कहा है कि वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई 2025 तक स्वीकार किए जा सकेंगे, इसके बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन कार्यालय, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला मोपाल से प्राप्त कर सकते हैं। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध हैं।

## एलएनसीटी में चार दिन में होंगे वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो समेत 16 खेल

# पहले दिन खेले गए एथलेटिक्स, शॉटपुट टेबल टेनिस और फुटबॉल के मुकाबले

### 8वें इंजीनियर्स ओलंपिक का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी कॉलेज में 8वें इंजीनियर्स ओलंपिक का भव्य शुभारंभ एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. अनुपम चौकसे सचिव एलएनसीटी ग्रुप ने वर्चुअली एलएनसीटी खेल विभाग के डायरेक्टर पंकज कुमार जैन द्वारा सभी खिलाड़ियों की उपस्थिति में केक काटकर किया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष यह आयोजन सचिव अनुपम चौकसे के जन्मदिन पर आयोजित किया जाता है।

इस चार दिवसीय आयोजन में 16 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो, शतरंज, टेबल टेनिस, टेनिस बॉल क्रिकेट, गली क्रिकेट, चाइनीस चेकर, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स, टग ऑफ बार, बैडमिंटन आर्म रेसलिंग ई स्पोर्ट्स इत्यादि खेल शामिल हैं। इन इवेंट में भोपाल के विभिन्न संस्थाओं के लगभग 3500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लें रहे है।



**पहले दिन हुए ये मुकाबले**

प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबले मे एथलेटिक्स 100 मी. पुरुष वर्ग मे रितिक सेन फार्मेसी प्रथम एवं सिद्धांत कुशवाहा बीपीईएस द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी. महिला वर्ग में सत्यसाई की मनीषा शर्मा प्रथम एवं हिमांशी मांडवी बीपीईएस द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट पुरुष वर्ग में अभय शर्मा एक्सट्राल कॉलेज प्रथम एवं शुभम मालवीय एमबीए द्वितीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस महिला वर्ग में ऐश्वर्या ओरिएंटल विजेता एवं निराला सिस्टेक उपविजेता रही।

### कबड्डी के ये रहे परिणाम

कबड्डी पुरुष वर्ग में एनआईटी ने यालगर को 37-25 से, एलएनसीटी पैंथर ने आईईएस को 15-11से, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने आईआईआईटी को 22-15 से, एलएनसीटी ने ईगल को 22-15 से हराकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। फुटबॉल पुरुष वर्ग मे सिस्टेक गांधीनगर ने गली स्ट्राइकर्स 3-0 से, बॉल बस्टर्स ने मावेरिक्स को 2-0 से, एलएनसीटी ने गोल डिगर्स को 4-0 से, अपेक्स ने रिवरफ्रंट को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।

## पेज एक का शेष

### भारतीयता हमारी...

पहचान है, और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। भारत में भूतल की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक हर तरफ विकास ही विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की पुरानी प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित और जीवंत हो रही है। भाषा हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि केंद्र एवं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार शाम को दिल्ली के लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में मप्र सरकार की ओर से आयोजित सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगा। विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के 250 से अधिक कलाकारों सहित बड़ी संख्या में मप्र एवं दिल्ली के कलाप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### कब्जे में ली जाएगी...

चिपकाए गए हैं। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने शुक्रवार को दिल्ली में आईटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल भवन में ये नोटिस चिपकाए हैं। नोटिस में परिसर को खाली करने या मुंबई की संपत्ति के मामले में किराए को ईडी को हस्तांतरित करने की मांग की गई है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत की गई है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था।

### देवास में पुजारी...

की। रुद्राक्ष छोटी माता चामुंडा मंदिर में पूजा करने की जिद पर अड़ गया। पुजारी परिवार का कहना है कि माता चामुंडा व तुलजा भवानी पर लाखों रुपए की ज्वेलरी समर्पित रहती है, जिसकी जिम्मेदारी पुजारियों पर होती है। शनिवार को पुजारी परिवार ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। सीएसपी दीशेष अग्रवाल ने बताया कि देवास निवासी जीतू रघुवंशी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। उसके खिलाफ पहले भी अपराध दर्ज है।

### टैंपो ट्रैक्स पलटने से...

बताया कि सभी लोग धार जिले के रहने वाले हैं। ये लोग परिवार के एक व्यक्ति को जहर खाने के बाद इलाज के लिए पेटलावद सिविल अस्पताल लेकर जा रहे थे। इसी दौरान बोलासा घाट पर वाहन चालक ने संतुलन खो दिया और गाड़ी पलट गई।

### बल्देवगढ़ में पेट्रोल...

आरोपी राजेश रैकवार पिछले कई महीनों से उसे परेशान कर रहा था। बुड़ेरा थाना क्षेत्र से अपनी मां के घर आई महिला ने बल्देवगढ़ थाने में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। बल्कि अब थाना प्रभारी कह रहे हैं, कोई शिकायत नहीं मिली थी। एसपी मनोहर मंडलोई ने जिला अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### गुना में हनुमान...

करने की मांग की। इधर, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने उन्हें कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने को कहा। इसके बाद युवा कोतवाली के लिए रवाना हो गए। एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि स्थिति अभी नियंत्रण में है। पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

### देश की डिजिटल...

दुकानों से लेकर बिल भुगतान और सब्सक्रिप्शन जैसी सुविधाओं में भी बड़ी आसानी से किया जाता है। इसमें ऑटो पे फीचर की सुविधा भी है, जिससे रिचार्ज और बिल का भुगतान खुद-ब-खुद तय समय पर हो जाता है।

## अकीरा को 10 विकेट से हराकर मयंक क्रिकेट अकादमी फ़ाइनल में पहुंची

### 13वीं अरविन्द चतुर्वेदी स्मृति अंडर- 22 बीडीसीए क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड कैंपियन खेल मैदान में आयोजित 13वीं अरविन्द चतुर्वेदी क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को मयंक क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के बीच 40- 40 ओवरों का मुकाबला खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अकीरा क्रिकेट अकादमी की टीम 27.5 ओवरों में 87 रनों पर ऑल आउट हो गई।




### बिना किसी नुकसान के 16वें ओवर में ही प्राप्त कर लिया लक्ष्य

88 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयंक क्रिकेट अकादमी की टीम ने बिना किसी नुकसान के 15.1 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस प्रकार यह मैच मयंक क्रिकेट अकादमी की टीम ने 10 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच मयंक क्रिकेट अकादमी के अरविंद पॉल को उनके दोहरे प्रदर्शन के लिए दिया गया। उन्हें सुनील बत्रा पुरस्कृत किया।

## अटल क्रिकेट अकादमी ने नायर क्रिकेट अकादमी को 27 रन से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को टूर्नामेंट का चौथा मुकाबला ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड पर अटल क्रिकेट अकादमी और नायर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अटल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया और 39.2 ओवरों में 220 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

टीम के कप्तान गौतम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 68 गेंदों में 93 रन बनाए, वहीं निकांत ने 48 गेंदों में 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। नायर क्रिकेट अकादमी की ओर से ऋषि और आदित्य ने 3-3 विकेट झटके, वहीं प्रियांश और योहान को 2-2 विकेट मिले।



### गौतम बने मैच के हीरो

*लक्ष्य का पीछा करने उतरी नायर क्रिकेट अकादमी की टीम 38.4 ओवर में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से युवराज ने 67 गेंदों में 43 और अंकुश ने 50 गेंदों में 47 रन बनाए। वहीं अटल क्रिकेट अकादमी के आरुष और उपांश ने 3-3 विकेट लिए, जबकि कप्तान गौतम ने 2 विकेट हासिल कर ऑलराउंड प्रदर्शन किया। अटल क्रिकेट अकादमी ने यह रोमांचक मुकाबला 27 रनों से जीत लिया। कप्तान गौतम को मैन ऑफ द मैच चुना गया।*

## राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए मप्र अंडर-14

# देव कनोजिया टीम में जबकि अंजेश पॉल अंडर-16 कैंप में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के देव कनोजिया का चयन अंडर-14 मध्यप्रदेश टीम में हुआ है। टीम राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी खेलेगी। टूर्नामेंट 20 अप्रैल से 5 मई तक देहरादून में खेला जाएगा। वहीं, भोपाल के अंजेश पाल का चयन अंडर-16 के एलईटी कैंप में हुआ है। यह कैंप एनसीए द्वारा आयोजित किया जाता है।

कैंप 18 अप्रैल से चेन्नई में आयोजित होगा। यह दोनों रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी के प्लेयर हैं और कोच नंदजीत सिंह, इकबाल सिद्दीकी और अभिषेक सिंह से ट्रेनिंग लेकर यहां यहां तक का सफर तय कियाहै। देव कनोजिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मप्र के लिए पांच मैचों में 38 विकेट लिए हैं। वहीं अंजेश पाल के नाम अंडर-14 में 5 मैचों



में 40 विकेट हैं।

अंडर-14 मप्र टीम में वीर पांडे कप्तान, प्रिंस कुमार उपकप्तान, समर्थ सिसोदिया, अनुराग शर्मा, युवराज चौहान, आर्यवीर मेघवानी, स्वास्तिक द्विवेदी, दिर्घ श्रीवास्तव, रिवांश चौबे, शिवम रावत, केविन जोसेफ, कार्तिक पचौरी, वेदित्य देवड़ा, देव कनोजिया, परीक्षित धिंग, प्रमोद सिंह और देवांश पाराशर। कोच अतुल प्रताप सिंह, फिजियो जयेश सिंह और मैनेजर आशीष उपाध्याय होंगे।

## जैकेट का शेष

### आईपीएल यानी इंडियन...

लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद ने पिछले कुछ मैचों में जो प्रदर्शन किया था उसे देख लग रहा था कि पंजाब आसानी से ये मैच जीत जाएगी, लेकिन अभिषेक और हेड ने जिस बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। शनिवार को राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में वही बल्लेबाजी दिखाई और टीम को सीजन की दूसरी जीत दिलाई। ये आईपीएल में हैदराबाद का सबसे सफल रन चेज है। इससे पहले इस टीम ने इतना टारगेट हासिल नहीं किया था। इससे पहले हैदराबाद ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 217 रनों का टारगेट हासिल किया था।

### पंजाबियों ने...

आक्रामक रुख अख्तियार किया। इस बीच प्रभसिमरन सिंह भी आउट हो गए। प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंदों पर सात चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाए।

### चूरू में पं. प्रदीप मिश्रा...

श्रद्धालुओं को बाहर निकलवाया। पंडित प्रदीप मिश्रा की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं आया है।

**प्रशासन की अनुमति नहीं थी:** यहां गौर करने लायक बात यह रही कि कार्यक्रम जिला प्रशासन की अनुमति के बिना आयोजित किया गया था। रतनगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक पहले ही स्थल का निरीक्षण कर आयोजकों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दे चुके थे, लेकिन आयोजकों ने इन निर्देशों को नजरअंदाज कर दिया। इसी लापरवाही का नतीजा यह हादसा बन गया।







नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां , पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - 25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418 R- 15-4-2025

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग** गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5835



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 5834 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5845

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5844 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# खेतों से 5 रुपए, मंडी में 8 और फुटकर में 20 से 30 रुपए किलो बिक रही लौकी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

राजधानी के हाट-बाजार और फुटकर दुकानदार जमकर मुनाफावसूली कर रहे हैं। खेतों से 5 रुपए, मंडी में 8 और फुटकर में 20 से 30 रुपए किलो के भाव लौकी बिक रही है, तो मंडी में 80 से 100 रुपए किलो बिका रहा नींबू हाट बाजार में 50 से 60 रुपए का ढ़ाई सौ ग्राम मिल रहा है। थोक सब्जी मंडी में 20 से 22 रुपए किलो के भाव नीलाम होने वाली मिर्ची खुदरा बाजार में 20 रुपए की ढ़ाई सौ ग्राम बिक रही है। थोक के बजाय सब्जियों के फुटकर भाव दोगुना महंगे है।

महंगाई के इस माहौल में जहां एक तरफ किसानों से ठगी हो रही है वहीं दूसरी तरफ ग्राहक लूटे जा रहे हैं। गौरतलब है कि आम तौर पर दूसरे शहरों या प्रदेशों से सब्जियां अधिक आती हैं और फिर फुटकर बाजार में पहुंचाई जाती हैं लेकिन जिले के गांव के किसान भी अपनी उगाई सब्जियां यहां पहुंचाते हैं। कुछ कारोबारी उनके खेतों में पहुंचकर सब्जियां खरीद ले आते हैं। किसानों के खेतों से खरीदी गई सब्जियां मंडी में पहुंचने के बाद दोगुनी हो जा रही है और यहां से निकलकर फुटकर बाजारों में पहुंचते-पहुंचते तीन गुनी महंगी हो जा रही हैं।

## किसानों से हो रही ठगी, तो लुटे जा रहे ग्राहक



### मंडियों में औने-पौने दामों पर उपज बेचने को मजबूर किसान

किसान मिश्रीलाल राजपूत का कहना है कि सब्जियों के कारोबार में खूब खेल हो रहा है। किसान पूरे साल खेतों में पसीना बहाकर सब्जियां उगा रहा है ,लेकिन वह अपनी उपज औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं। इसकी वजह है कि किसान खेतों से सब्जियां तोड़ने के बाद उसे कहीं स्टोर नहीं कर पा रहा है। इसकी वजह से वह मजबूरी में मंडियों में पहुंचा आ रहा है। कुछ बिचौलिए खेतों में ही पहुंचकर सब्जियों की खरीदारी कर ले जाते हैं। वे अपने हिसाब से सब्जियों की कीमत किसानों को देते है। स्थानीय करोंद थोक सब्जी मंडी स्थित सब्जी कारोबारी मो.सलीम (एकेएस) के अनुसार शहर के हाट-बाजारों में हरी मिर्ची और नींबू जो दूसरों की बुरी नजरों से बचाने में उपयोग होती है को महंगाई की बुरी नजर लगी हुई है। थोक की बजाय फुटकर बाजार में मुनाफाखोरी सबसे ज्यादा है।

## थोक में 80 से 100 रुपए किलो, फुटकर में मिल रहा 8 से 10 रुपए का एक नींबू

*भोपाल। गर्मियों में किचन का राजा नींबू ने लोगों को रुलाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से नींबू के भाव सुन लोग चौंकने लगे हैं। फुटकर बाजार में 10 रुपए में 3 से 4 मिलने वाला नींबू अब 1 मिल रहा है। राजधानी के करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में नींबू भले ही 80 से 100 रुपए किलो बिक रहा है, लेकिन हाट बाजार, हाथ ठेला में एक नींबू 8 से 10 रुपए में मिल रहा है। नींबू की सबसे ज्यादा डिमांड गर्मियों में होती है और खुदरा बाजार में नींबू का भाव बीते एक हफ्ते से आसमान छू रहे हैं। थोक सब्जी कारोबारी राजेंद्र सैनी के अनुसार मंडी में लोकल के साथ-साथ मद्रास और महाराष्ट्र लाइन से नींबू की आवक हो रही है। जैसा नींबू वैसे भाव पर नींबू बिक रहा है। थोक भाव में नींबू 80 से 100 रुपए किलो बोला जा रहा है। सैनी बताते हैं कि गर्मी शुरू होने से नींबू की डिमांड बढ़ गई है और इसी का फायदा उठाते हुए फुटकर व्यापारी नींबू दोगुने, तिगुने भाव पर बेच रहे हैं। विक्रेताओं के अनुसार बाजार में नींबू नहीं है। नींबू की आवक पिछले कुछ दिनों से पहले की तरह थी, लेकिन*



नींबू के भाव सुन चौंक रहे लोग

*बाजार में डिमांड बढ़ गई है। बाजार में खपत के हिसाब से नींबू की सप्लाई नहीं हो रही है। गृहणी अनीता के अनुसार नींबू की बढ़ती कीमत ने चिंता बढ़ा दी है। हम लोग हाट बाजार से नींबू खरीद कर लाते हैं। बीते कुछ दिनों से यहां पर भी नींबू के दाम में इजाफा हो गया है। अगर यही स्थिति रही तो मई-जून के बाद लोगों को 15 रुपए का एक नींबू मिलेगा।*


### रिकॉर्ड 9.19 करोड़ लोगों ने किया वित्त वर्ष 2025 में आईटीआर फाइल

# मध्यप्रदेश सहित देश में 10 हजार से ज्यादा लोगों की आय 10 करोड़ रुपए से ज्यादा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

देशभर में 9.19 करोड़ लोगों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 31 मार्च 2025 तक इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया है। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र के 1.39 करोड़ लोग हैं। पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले यह 7.86 फीसदी ज्यादा है।

पिछले फाइनेंशियल ईयर यानी वित्त वर्ष 2024 में इनकम टैक्स रिटर्न की संख्या 8.52 करोड़ थी। 2023 में यह संख्या 7.78 करोड़ थी। 2023 की तुलना में 2024 में 9.51 फीसदी ज्यादा लोगों ने रिटर्न भरा। देश में 10 करोड़ से ज्यादा आय वाले लोग तेजी से बढ़ रहे हैं। 31 मार्च 2025 से पहले तक 10 करोड़ से ज्यादा इनकम वाले 10,814 लोगों ने रिटर्न भरा। जबकि 5-10 करोड़ आय वाले लोगों की संख्या 16,797 है। वही 1 से 5 करोड़ के बीच इनकम वाले 2.97 लाख लोगों ने रिटर्न




फाइल किए हैं। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। न्यू टैक्स रिजीम में 20 से 24 लाख की इनकम के लिए 25 फीसदी टैक्स का नया स्लैब भी शामिल किया गया है।

**पिछले 4 साल के रिटर्न फाइल कर सकेंगे**

पुराने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की सीमा 2 साल से बढ़ाकर 4 साल की गई है। यानी यदि किसी करदाता ने अपना रिटर्न गलत फाइल किया हो या फाइल करना रह गया हो तो वह अब इस गलती को 4 साल के अंदर अपडेटेड रिटर्न फाइल करके ठीक कर सकेंगे। इसके अलावा टीडीएस और टीसीएस का उपयोग आमतौर पर सामान बेचने के दौरान किया जाता था। इससे कस्टमर और दुकानदार दोनों को कई तरह की परेशानी होती थी। वित्तमंत्री ने इससे टीसीएस हटाने का ऐलान किया है। ये भी कहा है कि ऊंची दरों पर टीडीएस उन्हीं मामलों में लगाया जाएगा, जिनका पैन नंबर नहीं होगा।

## आईआईए नैटकॉन 2025 का शुभारंभ, देश विदेश के 1500 से अधिक वास्तुविद जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी ने देश के पहले कार्बन-न्यूट्रल आर्किटेक्चर सम्मेलन आईआईए नैटकॉन 2025 की मेजबानी कर एक नई इबारत लिखी। मिंटो हॉल में आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भारत सहित 15 देशों के 1500 से अधिक वास्तुविद, डिजाइन विशेषज्ञ और शहरी योजनाकार शामिल हुए। यह आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) के मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। जिसमें उन्होंने शहरी विकास में स्थायित्व, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के समन्वय की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर सम्मेलन का विषय ट्रांसम भी लांच किया गया, जिसका उद्देश्य परंपरा और प्रगति के बीच एक सेतु स्थापित करना है। सम्मेलन में प्रस्तुत मॉडल्स ने सभी को प्रभावित किया। आर्किटेक्ट संगीता



बैस, जिन्होंने ओरछा की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे राजा महल, पालकी महल, बाज़ार बाग और फूल बाग के संरक्षण कार्य में लगी हैं। इन सभी बागों की पुनर्संरचना स्थानीय परंपराओं और ऐतिहासिक तकनीकों के अनुसार की जा रही है। रामराजा मंदिर के सामने ऐतिहासिक विरासत स्थल, राजमहल, स्थानीय आंगन शैली, और पारंपरिक जलनिकासी व्यवस्था को सहेजते हुए, उन्होंने हर स्थान की विशिष्ट शैली में डिज़ाइन प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार इन सभी विरासतों को शीतलता के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। एक बाग ऐसा भी है जहां कोई स्ट्रेट लाइन नहीं है, जिससे अलग-अलग अनुभव प्राप्त होते हैं।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नौयान शिपयार्ड में बढ़ाई हिस्सेदारी, 51.72 करोड़ में फाइनल हुई डील

**अधिग्रहण शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री की विकास क्षमता में रिलायंस के निरंतर विश्वास को दर्शाता : पारेख**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी शिपिंग इंडस्ट्री में अपना दायरा बढ़ा रहे हैं। उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड में अपनी 10 परसेंट और हिस्सेदारी बढ़ा ली है।

इसके लिए आरआईएल ने वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड के साथ से 51.72 करोड़ रुपए में एक डील की है। इस डील के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने बिजनेस पोर्टफोलियो में विविधता लाने की व्यापक रणनीति के संकेत दे दिए हैं।



### शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री में रिलायंस का भरोसा

रेगुलेटरी अथॉरिटी को सौंपे गए डॉक्युमेंट्स में रिलायंस ने कहाकि कंपनी की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी को सूचित किया है कि उसने आज वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड से 51.72 करोड़ रुपए के कुल मूल्य पर कंपनी की एक स्टेप-डाउन सब्सिडियरी नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड में 10 परसेंट अतिरिक्त इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। रिलायंस ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में इस लेनदेन के पूरा होने की पुष्टि की। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफिसर सावित्री पारेख ने कहाकि नौयान शिपयार्ड में इस अतिरिक्त हिस्सेदारी का अधिग्रहण शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री की विकास क्षमता में रिलायंस के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। इससे पहले मार्च के आखिर में नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड से नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के 74 परसेंट इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करीब 383 करोड़ रुपए में पूरा किया था। फोर्ब्स बिलियनेयर्स लिस्ट 2025 के अनुसार मौजूदा समय में दुनिया में 3,028 अरबपति हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 247 ज्यादा है।

## बिजनेस न्यूज

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज करेंगे एके हास्पिटल का शुभारंभ




भोपाल। राजधानी के न्यू मार्केट मालवीय नगर, गुरूनानक कॉम्पलेक्स के समीप नवनिर्मित एके हास्पीटल का शुभारंभ आज केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन होने वाले इस हॉस्पीटल में पल्मोनोलॉजी, ऑन्कोलॉजी (कैंसर देखभाल), गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, प्रसूति और स्त्री रोग, क्रिटिकल केयर, न्यूरोसाइंसेज, ऑर्थोपेडिक्स आदि चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। गौरतलब है कि ए.के. अस्पताल में रोगियों के लिए सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करने के लिए यहां उच्च योग्य डॉक्टरों, कुशल चिकित्सा कर्मचारियों और अत्याधुनिक सुविधाओं की एक टीम है भोपाल के केंद्र में स्थित यह अस्पताल उत्कृष्टता, नवाचार और रोगी-प्रथम दृष्टिकोण के साथ समुदाय की सेवा करने के लिए समर्पित हैं।

### विवेक सिंह होम क्रेडिट इंडिया के सीईओ नियुक्त



गुरुग्राम। होम क्रेडिट के बोर्ड ने बैठक में विवेक सिंह को तत्काल प्रभाव से मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया। सिंह वित्तीय सेवा क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं, जिसमें व्यवसायों के निर्माण और विस्तार, डिजिटल परिवर्तन को आगे ले जाने और बड़े स्तर के परिचालनों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान रहा है। वह टीवीएस होल्डिंग्स के तत्वावधान में होम क्रेडिट इंडिया को विकास के अगले चरण में ले जाने के लिए तैयार हैं। इस नियुक्ति पर टीवीएस होल्डिंग्स के निदेशक के. गोपाल देसिकन ने कहाकि होम क्रेडिट इंडिया ने देशभर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। होम क्रेडिट इंडिया के सीईओ विवेक सिंह ने कहाकि मैं नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और जिम्मेदार ऋण तक पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। होम क्रेडिट इंडिया की मजबूत बाजार उपस्थिति हमारी पेशकशों को और बढ़ाने, हमारी पहुंच को व्यापक बनाने और देश भर में अधिक वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है।

### रिमेडियम ने की 49.19 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की घोषणा

मुंबई। फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड को बीएसई से प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार को आगे बढ़ा सकेगी। राइट्स इश्यू की रिकॉर्ड डेट 15 अप्रैल 2025, इश्यू साइज 4,919.04 लाख, प्रति शेयर मूल्यः 1 रुपए प्रति शेयर है। कुल शेयर 49,19,04,000 पूरी तरह से चुकता किए गई।

### टेंट एसो. की त्रैमासिक बैठक और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




भोपाल। ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवि जिंदल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल राव के मुख्य आतिथ्य में एवं फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा की अध्यक्षता में फेडरेशन की त्रैमासिक बैठक कटनी में संपन्न हुई। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रवि जिंदल के द्वारा नवनिर्वाचित प्रांतीय समिति के पदाधिकारियों को सच्ची निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण की शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद नवनिर्वाचित समिति ने प्रांतीय बैठक की। कटनी की अतिथि देवो भवः एवं सर्वधर्म समभाव का अनुसरण करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपुर से आए डॉ.रवि जिंदल का कटनी में राजस्थान समाज के अध्यक्ष पवन बजाज, राजस्थान ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण बजाज, सुबोध शर्मा एवं अन्य सहयोगियों ने स्वागत व सम्मान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल राव का कटनी यादव महासभा की तरफ से बसंत यादव एवं उनके सहयोगियों ने अभिनंदन किया। भोपाल से आए प्रांतीय अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा का कटनी सिख सभा के वरिष्ठ एमजेएस लांबा एवं साथियों ने सम्मान किया। भोपाल से प्रांतीय संयोजक रामबाबू शर्मा का अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार गौतम ,मनोज बडगैंया एवं रामभुवन तिवारी अन्य साथियों ने सम्मान किया। जबलपुर से आए प्रांतीय महासचिव प्रदीप अग्रवाल गुड्डा भैया का कटनी की अग्रवाल सभा के मोहित अग्रवाल एवं अन्य साथियों द्वारा सम्मान किया। वहीं भोपाल के प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय जैन का कटनी के सकल दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष संजय जैन, सौरभ जैन के द्वारा सम्मान किया।

### लैंक्सेस की कमाई में 19.9 फीसदी की वृद्धि

मुंबई। लैंक्सेस ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। इस अवधि में कंपनी का एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) 19.9फीसदी की वृद्धि के साथ 614 मिलियन यूरो पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 512 मिलियन यूरो था। कंपनी ने 20 जनवरी, 2025 को जारी अपने प्रारंभिक आंकड़ों की पुष्टि की है। कमाई में इस बढ़त का प्रमुख कारण उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग और फॉरवर्ड! कार्य योजना के चलते लागत में आई उल्लेखनीय कमी रही। हालांकि लगभग सभी व्यावसायिक इकाइयों ने बिक्री मात्रा में बढ़त दर्ज की, लेकिन समूह की कुल बिक्री 5.2 फीसदी घटकर 6.366 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष 6.714 बिलियन यूरो थी। यह गिरावट मुख्यतः कच्चे माल और ऊर्जा की लागत में कमी के कारण बिक्री कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई। लैंक्सेस एजी के चेयरमैन, मैथियास जैशर्ट ने कहाकि हमने आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद अपने संसाधनों के बल पर मुनाफे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। यह दर्शाता है कि हमारे संरचनात्मक सुधार प्रभावी हैं, और इनका लाभ हमें इस साल भी मिलेगा।


# भारत में दालों का आयात 7 साल के उच्चस्तर पर

**मटर की बढ़ती हिस्सेदारी से घरेलू किसान चिंतित**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025 के दरमियान भारत में दालों का आयात बढ़कर 7 साल के उच्च स्तर 67 लाख टन पर पहुंचने की संभावना है। ज्यादातर दालों पर आयात शुल्क शून्य रखा गया है, जिससे कि आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और कीमतों में वृद्धि न हो।

दालों के आयात में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण पीली मटर के आयात में वृद्धि



है। वित्त वर्ष 2025 में भारत ने करीब 20.4 लाख टन मटर का आयात किया है, जो कुल आयात का करीब 31 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के बाद सर्वाधिक मात्रा में आयात है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और रूस से भारी मात्रा में मटर का आयात किया गया है। मटर भारत में आयात होने वाली सबसे सस्ती दाल है। इसका आयात मूल्य प्रमुख दालों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम है। यह तमाम लोगों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह किसानों को अनाज की फसल की बोआई छोड़कर दालों की ओर जाने की मंशा को हतोत्साहित करती है।

### मटर के बाद देसी चना और मसूर का आयात भी बढ़ा

*कारोबारियों का कहना है कि आगे भी इस दलहन का बड़ी मात्रा में आयात जारी रहेगा, जब तक कि मटर के आयात को रोकने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए जाते हैं। मटर के बाद सबसे ज्यादा आयात देसी चना का हुआ है। उसके बाद मसूर का स्थान आता है।*

# निवेशकों में डर, बंद हुए 51 लाख एसआईपी खाते

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

शेयर बाजार की बढ़ती अस्थिरता के बीच म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए सिस्टमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को लेकर बड़ा आंकड़ा सामने आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया(एएमएफआई) की ताज़ा रिपोर्ट ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।

एएमएफआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2025 में एसआईपी के जरिए कुल 25,926 करोड़ का निवेश किया गया, जो पिछले चार महीनों में सबसे कम है जबकि 51 लाख एसआईपी अकाउंट बंद हुए हैं। यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब बाजार में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की सतर्कता बढ़ी हुई है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि बाजार में धीरे-धीरे रिकवरी के संकेत भी दिख रहे हैं। फरवरी 2025 में एसआईपी निवेश 25,999 करोड़ रहा था,जो खुद एक गिरावट भरे माहौल में आया था। उस समय बाजार में तेज बिकवाली और भारी अनिश्चितता का माहौल था।




### 40 लाख नए अकाउंट खोले गए

*एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार मार्च में 51 लाख एसआईपी अकाउंट बंद हुए, जबकि 40 लाख नए अकाउंट खोले गए। इससे एसआईपी स्टॉपेज रेशियो में तेज उछाल आया है, फरवरी में यह 122 फीसदी था, जो मार्च में बढ़कर 128.75 फीसदी पहुंच गया। इसका सीधा मतलब है कि पुराने एसआईपी या तो समय पूरा होने के बाद बंद हो रहे हैं या निवेशक अब बीच में ही इन्हें बंद कर रहे हैं, जबकि नए निवेशक धीमी गति से जुड़ रहे हैं। मार्च के अंत तक एसआईपी अकाउंट्स की संख्या घटकर 8.11 करोड़ रह गई, जो फरवरी में 8.26 करोड़ और जनवरी में 8.34 करोड़ थी।*

### सेबी का निवेशकों को अलर्ट.. यूट्यूब-वॉट्सएप पर चल रही फर्जी ट्रेडिंग स्कीमों से रहें सावधान

मुंबई। शेयर बाजार से जुड़ी धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा है कि यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पहले ट्विटर), व्हाट्सएप, टेलीग्राम, गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी निवेश सलाह या ट्रेडिंग कॉल को लेकर सतर्क रहें और सावधानीपूर्वक जांच करें कि संबंधित सोशल मीडिया हैंडल वाकई सेबी-पंजीकृत इकाई से जुड़े हैं या नहीं।

**// कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल //**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/255/25 दिनांकः- 09/04/2025

**निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस पुलिस लाईन नेहरू नगर भोपाल परिसर के मुख्य द्वार से प्रशासनिक भवन की ओर आने वाले मार्ग पर रिक्त स्थान में पार्क हेतु भूमि का समतलीकरण, फेनसिंग डेलपमेंट एवं गेट का कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस लाईन नेहरू नगर भोपाल परिसर के मुख्य द्वार से प्रशासनिक भवन की ओर आने वाले मार्ग पर रिक्त स्थान में पार्क हेतु भूमि का समतलीकरण, फेनसिंग, डेलपमेंट एवं गेट का कार्य | 2,000/- | 16,90,000/- | 50,700/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 10/04/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 10/04/2025 के 12.00 बजे से |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 21/04/ 2025 के 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 29/04/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 01/05/ 2025 के 12.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

**पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)**
**नगरीय पुलिस, भोपाल**

जी- 11439/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक / लो.क.वि./जोन-1/2025/25/20 भिलाई दिनाँक 07/04/25

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत संक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत लाख में | निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि | निविदा पहुंचने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में स्केटिंग ट्रैक निर्माण कार्य। | 166740 | 194.885 | 28.04.2025 | 30.04.2025 |
| 02 | वार्ड-03 मॉडल टाउन जगदम्बा टेंट हाउस से रॉबिन किराना एवं गायत्री डिपार्टमेंट के पास डामरीकरण कार्य। | 166741 | 47.93 | 28.04.2025 | 30.04.2025 |
| 03 | वार्ड-03 मॉडल टाउन में आंगनबाड़ी से सीएचपीएल अपार्टमेट के पीछे तक नाले में रिटेनिंग वाल्व तथा सडक निर्माण कार्य। | 166744 | 49.79 | 28.04.2025 | 30.04.2025 |
| 04 | वार्ड-06 संजय नगर के नाले में रिटेनिंग वाल्व तथा सडक निर्माण कार्य। | 166768 | 47.55 | 28.04.2025 | 30.04.2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)
उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्ते, एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगें। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त

**अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार कटुता के स्तर तक पहुंच गया है। यूं तो अमेरिका ने जवाबी शुल्क व आयात पर टैरिफ लगाने के प्रस्ताव को तीन महीने के लिए टाल दिया है, इसके पीछे अमेरिका में जनविरोध और टैरिफ को लेकर कई मुल्कों के साथ वार्ता कारण हो सकते हैं, लेकिन इस 90 दिनी रियायत में चीन का नाम नहीं है। मतलब अमेरिका व चीन के बीच आयात व निर्यात नए टैरिफ दर पर ही होंगे। अमेरिका ने 145 प्रतिशत टैरिफ आयद किया है तो चीन ने 125 फीसदी। इस कदम से महंगाई बढ़ेगी। अमेरिका व चीन कई तरह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं। ऐसे में यूएस-चीन टैरिफ वार से वैश्विक अर्थव्यस्था अनिश्चतता के भंवर की ओर बढ़ेगी, वैश्विक आपूर्ति सिस्टम प्रभावित होगा और महंगाई बढ़ने से आर्थिक मंदी और गहरी होगी। विश्व रूस व यूक्रेन जंग के चलते आपूर्ति तंत्र के मोर्चे पर संकट से पहले से जूझ रहा है और अब ट्रंप के टैरिफ वार के चलते यह संकट और बढ़ने वाला है। अभी कोई नहीं जानता है कि चीन से अमेरिका की टैरिफ अदावत क्या रुख अख्तियार करेगी, लेकिन इसका असल आर्थिक जलजला जरूर लेकर आएगा। विश्व नई आर्थिक व्यवस्था की ओर बढ़ सकता है, इसमें भारत क्या भूमिका निभा सकता है, यह सब वक्त बताएगा। टैरिफ वार के वैश्विक असर का आकलन करता आजकल का यह अंक...**

# अनिश्चितता के भंवर की ओर विश्व





**टैरिफ वार**
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**अमेरिका ने अधिकतर देशों को फिलहाल आयद किए गए टैरिफ रेट को आगामी 90 दिनों के लिए स्थगित करके कुछ राहत प्रदान कर दी है। यदि डोनाल्ड ट्रंप 90 दिनों के टैरिफ के स्थगन के पश्चात पूर्व प्रस्तावित अपनी टैरिफ योजनाओं पर बाकायदा अमल अंजाम देते हैं, तो फिर विगत वर्ष के मुकाबले 28 प्रतिशत टैरिफ दर से इस वर्ष अमेरिका को भारत के निर्यात में तकरीबन आठ अरब डॉलर अथवा तकरीबन सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। वस्तुतः विश्व पटल पर भारत पांचवीं सबसे बड़ी और तीव्र गति से विकास करती हुई अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद संरक्षणवादी व्यापार नीतियों द्वारा भारत को वैश्विक व्यापार की प्रतिस्पर्धा में पीछे धकेल दिया है।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपने प्रथम कार्यकाल में केवल चीन के विरुद्ध व्यापार युद्ध का आगाज किया गया था। अमेरिका में चीन द्वारा निर्यात किए जाने वाले सामान पर पच्चीस प्रतिशत टैरिफ आयद कर दिया गया था। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में भी चीन से आयातित सामान पर ट्रंप सरकार द्वारा आयद किए गए टैरिफ को बाकायदा जारी रखा गया.. किंतु अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित समस्त विश्व के विरुद्ध व्यापार युद्ध का ऐलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ आयद कर दिया गया है। व्यापार युद्ध में चीन द्वारा अमेरिका के विरुद्ध अपनी जवाबी कार्यवाही अंजाम देते हुए, अमेरिका से आयातित सामान पर 125 प्रतिशत टैरिफ आयद करने का ऐलान कर दिया।

अमेरिकन हुकूमत द्वारा अधिकतर देशों को फिलहाल आयद किए गए टैरिफ रेट को आगामी 90 दिनों के लिए स्थगित करके कुछ राहत प्रदान कर दी गई है। यदि डोनाल्ड ट्रंप 90 दिनों के टैरिफ के स्थगन के पश्चात पूर्व प्रस्तावित अपनी टैरिफ योजनाओं पर बाकायदा अमल अंजाम देते हैं, तो फिर विगत वर्ष के मुकाबले 28 प्रतिशत टैरिफ दर से इस वर्ष अमेरिका को भारत के निर्यात में तकरीबन आठ अरब डॉलर अथवा तकरीबन सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। वस्तुतः विश्व पटल पर भारत पांचवीं सबसे बड़ी और तीव्र गति से विकास करती हुई अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद संरक्षणवादी व्यापार नीतियों द्वारा भारत को वैश्विक व्यापार की प्रतिस्पर्धा में पीछे धकेल दिया है। भारत में टैरिफ रेट तुलनात्मक तौर पर ऊंचे रहे हैं। वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी महज दो प्रतिशत से भी कम रही है। डोनाल्ड ट्रंप के प्रेसिडेंट निर्वाचित होने के तत्पश्चात अमेरिका की व्यापार नीतियों में बुनियादी बदलाव आ गया है।

## भारत को नए अवसर तलाशने होंगे

भारत को भी इस विकट नीतिगत बदलाव से यकीनन जूझना ही होगा। वैश्विक व्यापार पर निर्भर रहने वाले मुल्कों के मुकाबले भारत इन मुश्किल हालात में किसी हद तक खुद को निश्चिंत महसूस कर सकता है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की निर्भरता वैश्विक व्यापार पर अत्यंत कमतर बनी रही है। वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में भारत का कमतर योगदान वस्तुतः भारत के पक्ष में प्रतिबिंब हो सकता है। भारत आमतौर पर वैश्विक व्यापार से किनारा करता रहा है और यही बात संभवतः हमारे लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। लेकिन इस स्थिति से भारतवासी कदाचित संतुष्ट नहीं हो सकते, भारत को वैश्विक व्यापार में नए अवसरों को तलाशने के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। साथ ही वैश्विक व्यापार के लिए शनैः शनैः रणनीतिक तौर पर संरक्षणवादी नीतियों का परित्याग करना होगा। उल्लेखनीय है भारत द्वारा अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए कूटनीतिक वार्ता की जा रही है जिनमें अब और तेजी आने की संभावना है। ट्रंप के टैरिफ ने जहां विदेशों में माल बेचने को और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाया है, वहीं दुनिया के देशों को नये व्यापारिक साझेदारों और मंडियां खोजने पर विवश भी किया है। भारत को इसका लाभ उठाकर यूरोपीय संघ, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते अंजाम देने चाहिए। भारत को इलेक्ट्रॉनिक और मोटर के कल-पुर्जों और दवाओं के एपीआई का सप्लाई चेन सुरक्षित बनाने के लिए भी अपने देश में निर्मित किए जाने की प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे चीन के साथ चल रहे व्यापार घाटे और पूंजी पलायन में भी कमी आएगी।

## अमेरिकी पूंजी का पलायन रोकने की कवायद

भारत के दवा उद्योग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि उसके एपीआई रसायन चीन से आयात किये जा रहे हैं। यह सही है कि पिछले 30-40 वर्ष से अमेरिका को निरंतर वैश्विक व्यापार में घाटा हो रहा है और उसकी तकरीबन एक लाख करोड़ डॉलर पूंजी प्रतिवर्ष लाभ कमाने वाले देशों में जा रही है। इनमें चीन, यूरोपीय संघ, आसियान, मेक्सिको, वियतनाम, जापान और कनाडा प्रमुख हैं। विगत चार दशकों के कालखंड में अमेरिका के 90 हजार कारखाने बंद हुए हैं और उन कारखानों में काम करने वाले 55 लाख कर्मचारियों की नौकरियां चली गई हैं। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के इसी व्यापार घाटे को घटा कर अमेरिकी पूंजी का पलायन रोकना चाहते हैं और अमेरिका के विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं। ट्रंप दुनिया के तमाम देशों पर 'रेसिप्रोकल टैरिफ़' या बराबर का टैरिफ़ लगाना चाहते हैं यानी उन देशों के सामानों पर उतना ही आयात शुल्क लगाना जितना वे अमेरिकी सामानों पर आयद करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि अन्य देश अमेरिकी सामानों के आयात पर, अमेरिका को निर्यात होने वाले अपने सामानों की तुलना में अधिक टैरिफ़ लगाते हैं। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका के 'व्यापारिक साझेदार अमेरिका के साथ भेदभाव करते हैं और ऐसा दोस्त और विरोधी, दोनों तरह के देश करते हैं।'

## चीन ने व्यापार युद्ध को स्वीकारा

भारत के अमेरिका के साथ समझौतावादी रुख से एकदम विपरीत चीन ने अमेरिका द्वारा प्रस्तुत की गई व्यापार युद्ध की ललकार को बाकायदा स्वीकार कर लिया है। विस्तारवादी चीन ने अमेरिका के साम्राज्यवादी चेहरे से नकाब उतारने की पहल अंजाम दे दी है। अपने आर्थिक पराभव से परिपूर्ण पतनशील युग में महाशक्ति अमेरिका के प्रेसिडेंट ट्रंप अपने फरमानों से सारी दुनिया का आर्थिक एजेंडा तय करने की हैसियत में है अथवा नहीं है, इसका फैसला तो अभी शेष है तथा भविष्य में होना है। व्यापार युद्ध स्वीकार करने के चीन के संकल्प की तुलना वस्तुतः तीन वर्ष पहले रूस द्वारा अंजाम दी गई आक्रामक सैन्य पहल से भी की जा सकती है, जबकि यूक्रेन के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही शुरू करके अमेरिका और उसके नेतृत्व में नाटो अर्थात अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन को रणनीतिक क्षेत्रों में अपनी सैन्य शर्तें थोप देने की ताकत को रूस द्वारा प्रबल आक्रामक सैन्य चुनौती पेश की गई थी। वस्तुतः विश्व पटल पर परिवर्तित होते हुए शक्ति संतुलन के परिदृश्य को समझने और स्वीकार करने की तत्परता अमेरिका द्वारा कदाचित दिखाई नहीं गई। अमेरिका यदि अपनी नव साम्राज्यवादी फितरत को तिलांजलि दे देता तो यह संभव था कि सन् 2022 में प्रारम्भ हुए यूक्रेन युद्ध और उससे भी कहीं घातक व्यापार युद्ध के भयानक दुष्प्रभावों से दुनिया संभवतः बच निकली होती। चीनी दूतावास की सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा गया कि अगर अमेरिका व्यापार युद्ध या किसी अन्य प्रकार का युद्ध चीन के विरुद्ध लड़ना चाहता है तो हम उस युद्ध को आखिर तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## साम्राज्यवादी फितरत की घातक मानसिकता

पश्चिमी के साम्राज्यवादी देशों द्वारा तकरीबन तीन सौ साल तक बाकी दुनिया पर अपनी हुकूमत कायम रखी गईं। साम्राज्यवादी फितरत की घातक मानसिकता आज तक अमेरिका एवं पश्चिमी नाटो देशों की अवचेतना में बरकरार बनी हुई है। इसलिए अमेरिका एवं पश्चिमी जगत बाकी देशों की जटिल समस्याओं पर कदाचित तवज्जो प्रदान नहीं करते। चीन की हुकूमत ने अमेरिकन व्यापार युद्ध की चुनौती को स्वीकार करने के साथ यह स्पष्ट कर दिया कि वह व्यापार संतुलन संबंधी अमेरिकन चिंताओं पर बातचीत करने के लिए तत्पर है। मगर अमेरिका द्वारा चीन के विरुद्ध एक तरफा कार्रवाई अंजाम दिए जाने के ऐलान को चीन कदापि स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकन अखबार वॉल स्ट्रीट जनरल की एक रिपोर्ट के मुताबिक विगत ढाई महीनों में चीन ने सीधी वार्ता के लिए अमेरिकी प्रशासन से संपर्क साधने की निरंतर कोशिश जारी रखी, किंतु अमेरिकी प्रशासनिक अधिकारियों ने चीन की प्रत्येक पेशकश को अस्वीकार कर दिया। अमेरिकन प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा गुमान रहा कि टैरिफ में बढ़ोतरी का ऐलान होने के तत्पश्चात चीन सहित बाकी मुल्कों की हुकूमत बातचीत के लिए गिड़गिड़ाते हुए अमेरिका के द्वार पर आ जाएंगी। अधिकांश मुल्कों के मामले में ऐसा ही हुआ भी। मगर चीन ने अमेरिका का मुकाबला करने का बड़ा जबरदस्त हौसला दिखाया। चीन इस बात को समझने का कौशल भी दिखाया कि मामला सिर्फ टैरिफ तक कदाचित सीमित नहीं है। जो देश तुरंत टैरिफ घटाने के लिए अमेरिकन शर्तों के मुताबिक बातचीत करने के लिए तैयार दिखाई दिए, उनके समक्ष अमेरिका ने कुछ अन्य सख्त शर्तों को पेश कर दिया। चीन ने प्रमुख खनिजों के अमेरिका को निर्यात करने पर प्रतिबंध आयद कर दिया। चीन के ऐसे कड़े कदमों का अंदाजा अमेरिका के प्रशासन तथा अमेरिका के कथित आर्थिक विशेषज्ञ विश्लेषकों को भी नहीं था। सन् 1991 में सोवियत संघ के पराभव के पश्चात विगत चार दशकों के काल में अमेरिका के विरुद्ध कोई देश तनकर खड़ा नहीं हुआ। विश्वव्यापी व्यापार युद्ध से अमेरिका को हो रहे निरंतर नुकसान से अमेरिका में ही गंभीर गहन असंतोष भड़क उठा है। मगर इस सारे परिदृश्य में चीन के साथ जारी व्यापार युद्ध में किसी को किसी राहत की कोई उम्मीद नहीं है। विगत 25 वर्षों में आर्थिक एवं तकनीकी महाशक्ति के रूप में चीन का उदय हो गया , जोकि आजकल विश्व पटल पर व्यापार युद्ध का मुख्य कारण बना हुआ है। इसकी वजह से अमेरिका के आर्थिक पतन की पटकथा तैयार हुई है। चीन के आर्थिक तथा सैन्य उभार को रोकना ही अमेरिका की प्रमुख राष्ट्रीय नीति है।

## विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन

विश्व व्यापार संगठन के नियम कायदे कानूनों का सरासर उल्लंघन करके अमेरिका के राष्ट्रपति मनमाना आचरण अंजाम दे रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका द्वारा सन् 1928 में आर्थिक संरक्षण की नीति अख्तियार की गई थी, इसका नतीजा सामने आया वर्ष 1929-30 के काल में जबकि अमेरिका ने भयानक आर्थिक मंदी का दीदार किया था। सन् 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन ने आर्थिक संरक्षणवाद की नीति आयद की थी। परिणाम सामने आया वर्ष 1973-75 में फिर एक दफा अमेरिका को भयंकर आर्थिक मंदी झेलना पड़ी। अब फिर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इतिहास से गंभीर सबक लिए बिना आर्थिक संरक्षणवादी नीति के तहत दुनिया को व्यापार युद्ध में झोंक देने के लिए कटिबद्ध हैं। देखिए भविष्य में क्या परिणाम सामने आता है। ट्रंप के अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के तहत अमेरिका डूबेगा या उभरेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल अमेरिका के टैरिफ कदमों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चतता जरूर व्याप्त हो गई है।

# भारत की कूटनीतिक आर्थिक रणनीति



**टैरिफ की चुनौती**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
ख्यात अर्थशास्त्री

यकीनन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच भारत जिस तरह टैरिफ में राहत की कूटनीति और अमेरिका सहित सभी प्रमुख देशों के साथ द्विपक्षीय व मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उससे आपदा के बीच अवसर भारत की मुट्ठियों में आने लगे हैं। यह भारत की रणनीति की ही जीत है कि जहां ट्रंप ने चीन पर 125 फीसदी टैरिफ लागू कर दिए हैं, वहीं भारत के लिए घोषित 26 फीसदी टैरिफ 90 दिनों तक के लिए स्थगित कर दी है। इन दिनों जहां टैरिफ की चिंता में दुनिया के शेयर बाजार ढहते जा रहे हैं, वहीं भारत का सेंसेक्स फिर से आगे बढ़ते हुए 75000 से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है। 11 अप्रैल को डॉलर के मुकाबले भारत का रुपया दो साल की सबसे बड़ी बढ़त पर रेखांकित हो रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़कर 676 अरब डॉलर के स्तर पर है। साथ ही टैरिफ की चुनौतियों के इस वर्ष 2025 में भी भारत की विकास दर दुनिया में सर्वाधिक 6 फीसदी से अधिक के स्तर पर रहने की वैश्विक रिपोर्ट्स प्रकाशित हो रही हैं।

## नई व्यापार दुनिया का उदय

गौरतलब है कि 9 अप्रैल को अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका का चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा विभिन्न देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद नई व्यापार दुनिया ने जन्म ले लिया है। यह नई व्यापार दुनिया राष्ट्रपति ट्रंप की उस हठ पर आधारित है, जिसमें वे विश्व अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन और अमेरिका के साथ कथित आर्थिक दुर्व्यवहार को रोकने के लिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ताओं को होने वाले किसी भी तरह के कष्ट की अनदेखी करने को भी तैयार हैं। नई व्यापार दुनिया पहले की व्यापार दुनिया से पूरी तरह से अलग है। कल तक दुनिया में मजबूत आर्थिक विश्व व्यवस्था और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के आधार पर विकास की कहानी आगे बढ़ती रही है, वहीं अब संरक्षणवाद तथा द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों का नया सितारा उदित हो रहा है। ऐसे में भारत अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और दुनिया की बदलती आर्थिक सूरत की नई हकीकत के मद्देनजर नई रणनीति के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि भारत से निर्यात के मद्देनजर अमेरिका अत्यधिक महत्वपूर्ण देश है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से दुनिया के विभिन्न देशों को करीब 435 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का निर्यात हुआ है, उनमें से अमेरिका को करीब 18 फीसदी उत्पाद निर्यात हुए हैं।

## निर्यात बढ़ने की संभावना

ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान, ऑटोमोबाइल, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद



शामिल हैं। भारत के दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग पर भी टैरिफ की तलवार लटक रही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर 26 फीसदी पारस्परिक टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से भारत के द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में करीब 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आ सकती है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 0.2 फीसदी घटने की आशंका रहेगी। खास बात यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ की आपदा के बीच भारत के लिए मौके भी छिपे हैं। भारत जिस तरह से अमेरिका के साथ नए व्यापार समझौते के लिए तथा अन्य देशों के साथ भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के लिए रणनीतिपूर्वक कदम बढ़ा रहा है, उससे भारत के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के विभिन्न देशों में निर्यात और कारोबार बढ़ाने के मौके भी बढ़ सकते हैं। चूँकि एशिया के उभरते बाजारों में भारत पर टैरिफ फिलीपींस को छोड़कर सबसे कम है। ऐसे में तुलनात्मक रूप से कम टैरिफ से भारत को वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यातक देशों की तुलना में भारत पर कम टैरिफ लगा है। खास तौर पर चीन और वियतनाम के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है। टेक्सटाइल के निर्यात बाजार में अभी से भी बेहतर अवसर मिल सकते हैं। अन्य देशों के सामान अमेरिका में ज्यादा महंगे होने से अमेरिका में भी भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान देना होगा। इस बात को ध्यान में रखना होगा कि वर्ष 1991 में उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ाने की जो रणनीति लागू हुई, उससे देश को उदारीकरण के लाभ मिले हैं। चूंकि टैरिफ प्रतिस्पर्धा से जुड़े हैं, अगर हम टैरिफ की आड़ में रहेंगे तो प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाएंगे। नए अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को कारोबार करने में आसानी बढ़ानी होगी। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा और नीतिगत स्थिरता कायम रखनी होगी। हम उम्मीद करें कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आर्थिक मौकों को मुट्ठी में लेने के साथ-साथ भारत पर लागू किए जाने वाले 26 फीसदी टैरिफ की चुनौती का मुकाबला करने में भारत के लिए अमेरिका के साथ नया कारोबार समझौता, विभिन्न देशों के साथ नए द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौते और मजबूत घरेलू आर्थिक घटक असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगिता देते हुए दिखाई देंगे।

## कौशल विकास में निवेश हो

सरकार नई व्यापार दुनिया में भारत को रचनात्मक देश बनाने के लिए ऐसी नई आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिसमें बड़े उद्योगों के साथ छोटे और मझौले उद्योगों के लिए भी अनुकूलताएं हों। चूंकि अब दुनिया में नए डिजिटल दौर की नई संपत्तियों से विकास की मंजिलें तय होंगी, अतएव ऐसी सबसे कीमती संपत्तियों के विकास पर भारत को ध्यान देना होगा। अब भारत में भारी पूंजी वाले उद्योगों को सब्सिडी देने के बजाय शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक निवेश किया जाना अधिक लाभप्रद होगा। भारत को सेवा क्षेत्र की नई चमकीली राजधानी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। साथ ही अधिक डिजिटल महारत हासिल करने पर ध्यान देना होगा। निश्चित रूप से ऐसी नई आर्थिक और द्विपक्षीय वैश्विक व्यापार रणनीति से भारत नई व्यापार दुनिया के आकाश में एक चमकते हुए आर्थिक और प्रभावी सितारे के रूप में दिखाई दे सकेगा।

# उल्टा भी पड़ सकता है ट्रंप का टैरिफ दांव



**दो टूक**
सुनील अमर
वरिष्ठ स्तंभकार

चीन और अमेरिका दुनिया के दो बड़े निर्यातक देश हैं जिसमें चीन नम्बर एक पर है और अमेरिका के लाख कोशिश करने के बावजूद पिछले 15 वर्षों से टॉप पर बना हुआ है। अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो हालिया टैरिफ वार यानी व्यापार कर युद्ध छेड़ रखा है वह बाकी अर्थों में तो नया है लेकिन चीन के मामले में पुराना है। चीन से तो डोनाल्ड ने अपने पहले कार्यकाल यानी वर्ष 2017 से 2021 में ही टैरिफ वॉर शुरू कर दिया था।

वर्ष 2018 में चीन से आयातित स्टील और एल्यूमीनियम पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाकर मौजूदा व्यापार कर युद्ध की नींव रख दी थी। तब बदले में चीन ने भी अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर व्यापार कर बढ़ा दिया था। वर्ष 2019 में कोविड महामारी फैलने के बाद दुनियाभर में आवागमन को लेकर हुई बन्दिशों को देखते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने तभी मन बना लिया था कि विदेशों, खासकर चीन जैसे देशों पर अमेरिकी निर्भरता को कम करना है। ताजा टैरिफ वॉर को ट्रंप की उसी सोच का विस्तार कहा जा सकता है और अमेरिका के उद्योग प्रधान राज्यों ओहियो, पेनीसिल्वानिया और मिशीगन में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने सत्ता में आने पर टैरिफ लागू करने का वादा भी किया था। आज दुनिया को ग्लोबल विलेज कहा जाने लगा है। आदमियों और देशों के एक-दूसरे से सरोकार बहुत बढ़ गये हैं। उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन का किंग कहा जाने वाला चीन भी यह दावा नहीं कर सकता कि दुनिया के अन्य देशों के सहयोग के बिना उसका काम चल जाएगा। जिन देशों की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है उन्हें अधिकतम निर्यात चाहिए, इसी प्रकार जो देश युद्धक सामग्री उत्पादन में लगे हैं उन्हें दुनिया में कहीं न कहीं युद्ध चाहिए ताकि उनका माल बिक सके। इसे यूक्रेन के सन्दर्भ से समझा जा सकता है, पहले तो रूस के खिलाफ अमेरिका ने यूक्रेन की बिना शर्त युद्धक मदद शुरू की और अब अमेरिका का मौजूदा निजाम उस बिना शर्त की गयी मदद की कीमत मांग रहा है।

## टैरिफ नीति का मुख्य निशाना चीन

अमेरिका की नई टैरिफ नीति से यद्यपि 60 से अधिक देश प्रभावित बताये जा रहे हैं लेकिन उसका मुख्य निशाना चीन ही है। अमेरिका चीन से कितना परेशान है इसका अनुमान उसके वित्त सचिव स्कॉट बेसेन्ट के आठ अप्रैल को व्हाइट हाउस में टैरिफ पर दिये इस बयान से लगाया जा सकता है कि '.....ट्रंप का असल मकसद रीयल विलेन चीन पर हथौड़ा गिराना था क्योंकि वह अमेरिकी व्यापार के लिए परेशानी पैदा करने का सबसे बड़ा स्रोत है....।'

## आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ा अमेरिका

आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ने के अमेरिका के अपने तमाम घरेलू कारण हो सकते हैं लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक महाशक्तियों के बीच इस तरह की तनातनी को अच्छा नहीं कहा जा सकता। अमेरिका में भी इस टैरिफ वॉर के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। वैसे तो अमेरिकी बाजार चीनी खिलौनों तक से पटा पड़ा रहता है लेकिन चीन




जिन बड़े क्षेत्रों में दखल देता है उनमें हैं- स्टील, एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रिक वाहन, चिप्स, सेमी कन्डक्टर, सोलर पैनल, बैटरी तथा रेअर अर्थ मिनरल आदि। अमेरिकी बाजारों में उक्त चीनी सामान काफी सस्ते हैं और इनके अमेरिकी उत्पादक चीनी कीमतों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए यद्यपि अमेरिका चिप्स एक्ट और आईआरए यानी इन्फलेशन रिडक्शन एक्ट के तहत घरेलू उत्पादकों को भारी सब्सिडी देता है ताकि वे चीनी कीमतों का मुकाबला कर सकें लेकिन फिर भी अमेरिकी उद्यमी बेहाल हैं और अमेरिका को अंततः लगता है कि चीनी सामानों को भारी टैक्स लगाकर ही महंगा किया जा सकता है। अमेरिका का यह भी आरोप है कि चीनी सरकार जानबूझकर बहुत बड़े पैमाने पर उत्पादन करवाती है और भारी मात्रा में सब्सिडी देती है ताकि अन्तरर्राष्ट्रीय बाजारों में उसके माल की कीमतों का कोई मुकाबला नहीं कर सके। यही कारण है कि अमेरिका न सिर्फ टैरिफ बल्कि निर्यात पर नियन्त्रण तथा विदेशी पूंजी निवेश पर प्रतिबंध लगाकर देसी उद्योगों को संरक्षण देना चाहता है। चीन अमेरिका के हर टैरिफ रेट का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। ताजा हालात यह है कि अमेरिका के चीन पर 145 प्रतिशत टैक्स के जवाब में चीन ने 125 प्रतिशत टैक्स लगाने की घोषणा की है। चीन नयी रणनीति के तहत लैटिन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया तथा मध्यपूर्व के देशों की बाजारों में अपने उत्पादों की पैठ बनाने में लगा है। साथ ही वह ब्रिक्स संगठन का और विस्तार चाहता है ताकि पश्चिमी बाजारों पर उसकी निर्भरता कम हो सके।

एक सवाल उठता है- क्या डोनाल्ड ट्रंप इस टैरिफ युद्ध को छेड़कर अमेरिकियों को लाभ पहुंचा पाएंगे? इसका जवाब हां हो सकता है, यदि वे आयातित सामानों की दर पर ही घरेलू उत्पादों को बाजार में उपलब्ध करा सकें। लेकिन यह आसान नहीं होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिकियों का खर्च बहुत बढ़ जाएगा। घरेलू उत्पादन बढ़ाये बगैर अब तक आयात हो रही वस्तुओं को महंगा कर देने का असर उल्टा हो सकता है। चीन पर प्रतिबंध का असर यह भी हो सकता है कि वहां उत्पादन कर रही कम्पनियां भारत, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों का रुख करें जहां अमेरिकी टैरिफ कम है। लेकिन यह एक उथल-पुथल का दौर होगा और इस दौरान अमेरिका के अलावा वैश्विक स्तर पर भी महंगाई अनियंत्रित हो सकती है।

## घरेलू स्तर पर भी लड़ना पड़ेगा

अमेरिका की बात करें तो उसे वैश्विक स्तर के अलावा घरेलू स्तर पर भी लड़ना पड़ेगा, क्योंकि आयातित कल-पुर्जे महंगे होने के कारण उत्पादन लागत बढ़ेगी और बाजार में सस्ते चीनी सामान से मुकाबला न होने के कारण घरेलू उत्पादक गुणवत्ता से समझौता कर मनमानी कीमत वसूल सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अभी चीन को छोड़कर बाकी देशों को 90 दिनों की मोहलत दी हुई है। उसके बाद देखना होगा कि वे क्या करते हैं। अगर इसके बाद भी वे अपनी जिद पर अड़े रहते हैं तो थोड़ा आगे चलकर देशों की वैश्विक गुटबाजी का परिदृश्य बदल सकता है। मसलन हो सकता है कि दो गुट बनें जिसमें एक अमेरिकी अगुवाई में भारत, यूरोपीय यूनियन, जापान और उत्तरी अमेरिका हो तथा दूसरा चीन की अगुवाई वाला हो जिसमें रूस, कुछ अफ्रीकी देश, दक्षिण अमेरिका तथा दक्षिण पूर्व एशिया शामिल हो। आज का अमेरिका बदलाव के दौर में है और किस्सा कोताह यह कि अगर अमेरिकियों को दैनिक जीवन में राहत मिली और उनका वैश्विक स्टेटस बना रहा तो ठीक है अन्यथा डोनाल्ड ट्रंप अपने इस कार्यकाल में गृहकलह का बीज ही बो देंगे। इतिहास में रूस, चीन और तुर्की जैसे अनेक देशों के आंतरिक असन्तोष व उससे उत्पन्न विद्रोह के उदाहरण तो हैं ही!



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के पितृ पर्वत पर हनुमान जी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने गौ-माता का पूजन भी किया। इस मौके पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकद्वय रमेश मेंदोला व मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर की परिक्रमा कर हनुमान जी की विशाल मूर्ति के दर्शन किए। इस दौरान नर्मदा परिक्रमावासी अवधूत दादा गुरु जी के दर्शन भी किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृ पर्वत परिसर में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की भजन मंडली द्वारा किये जा रहे हनुमान चालीसा के पाठ में शामिल विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी सराहना की और हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृ पर्वत में अशोक का पौधा भी लगाया।

## रामराज्य में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी:सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री हनुमान जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि रामदूत श्री हनुमानजी की भक्ति, सेवा और समर्पण भाव से प्रेरित होकर हम विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि में योगदान दें , यही प्रार्थना है। सीएम ने हनुमान जयंती के पावन पर्व पर राजकीय विमान तल भोपाल स्थित श्री हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हनुमान जी अजर-अमर हैं। भगवान श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। माता सीता का प्रेम, स्नेह और वात्सल्य पाकर उनकी आजीवन सेवा तथा असाधारण वीरता का हनुमानजी का संकल्प सभी के लिए प्रेरक है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन बाण चला रहे थे, और भगवान श्रीकृष्ण सारथी थे, तब भी धर्म ध्वजा हनुमानजी ने ही धारण की थी। हर कष्ट, हर दुःख में सबसे पहले हमें हनुमानजी ही याद आते हैं। वे ही हमें बल, बुद्धि, पराक्रम, वीरता, ज्ञान, विनयशीलता जैसे मानवीय गुणों का वरदान प्रदान करते हैं।*

## गो-शालाओं से गो-सेवा की लिखेंगे इबारत



# सीएम ने किया महू में हाईटेक सुविधाओं वाली कामधेनु गो-शाला का भूमि-पूजन

**गो-शाला में 10 हजार गायों के पालन-पोषण की रहेगी व्यवस्था**

**प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति की दिशा में दुग्ध उत्पादकों की बढ़ेगी आमदनी**



महू के ग्राम आशापुर में कामधेनु गौ-शाला का भूमि-पूजन करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गो-शालाओं के माध्यम से गो-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी वृद्धि की जाएगी।

डॉ. यादव शनिवार को इंदौर जिले के महू-मंडलेश्वर मार्ग पर स्थित आशापुरा में प्रदेश में हाईटेक कामधेनु गो-शाला के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह गो-शाला लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जा रही है। गो-शाला का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर निगम ही संभालेगा। गो-शाला के संचालन में संत समाज का सहयोग भी लिया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि और स्वामी अच्युतानंद जी महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### डॉ. आंबेडकर जयंती पर आयोजित होंगे कार्यक्रम



- बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई कर मनेगा दीपोत्सव
- समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी होगी आयोजित

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाएगी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई कर संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा और कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी करेंगे। आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित होगी।

## पहले पर राजस्व, दूसरे पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तीसरे पर रहा नगरीय प्रशासन

# राज्य शासन की शिकायतों की ग्रेडिंग में कई विभागों की स्थिति बेहद चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में राजस्व विभाग सबसे ज्यादा शिकायतों वाले विभाग में शुमार हो गया है। इस विभाग की निराकरण की स्थिति काफी दयनीय है। शिकायतों के निबटारे के लिए जांच व कार्रवाई के बजाय विभागीय अफसर आवेदनों को निरस्त कर देते हैं, इससे शिकायतों की संख्या शून्य या नीचे आ जाती है। यही रिपोर्ट शासन को भेज दी जाती है। प्रथम 5 विभागों के शिकायतों में राजस्व विभाग प्रथम, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वितीय, नगरीय प्रशासन तृतीय, गृह चतुर्थ और ऊर्जा विभाग पांचवें स्थान पर है। राज्य शासन की ग्रेडिंग में कई विभागों की स्थिति खराब है। राज्य सरकार ने एक हजार से ऊपर के शिकायतों में 30 विभागों को प्रथम समूह में, जबकि एक हजार से कम के शिकायतों में कुल 22 विभाग शामिल हैं।

प्रथम समूह में शिकायतों के मामले में राजस्व की स्थिति काफी दयनीय है। इस विभाग में एक से 28 फरवरी के बीच में कुल 57 हजार शिकायतें मिली। इसमें 78 फीसदी का निराकरण कर लिया गया। इसमें भी 44 फीसदी शिकायतों को बंद कर दिया गया। इसमें टीप संतुष्टि के साथ दी गई। हालांकि शिकायतों को निरस्त करने की प्रक्रिया ज्यादा पूरी कराई गई। दूसरे नंबर पर पंचायत एवं ग्रामीण विभाग रहा। इस विभाग में कुल करीब 54 हजार शिकायतें मिली, इसमें से 88 फीसदी का निराकरण किया गया। इसमें भी 10 में से 9.99 फीसदी शिकायतें निम्न गुणवत्ता के साथ बंद की गई। 50 दिन से अधिक पेंडिंग रहने वाली शिकायतों में ग्रेडिंग 10 में से 8.37 फीसदी रही।

### खास बातें

- जांच व कार्रवाई की जगह अफसर आवेदन निरस्त कर देते हैं
- सबसे ज्यादा दयनीय राजस्व की स्थिति



### विभागवार ग्रेडिंग की प्रक्रिया में अफसरों ने जमकर उलझाया

विभागवार ग्रेडिंग में अफसरों ने 5 केटेगरी बनाई। पहले में 60 फीसदी मेरिट के साथ वेटेज दिया गया। इसे संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज नाम दिया गया। कितनी शिकायतों का निराकरण किस तरह से हुआ, इसका जिक्र नहीं किया गया। दूसरी ग्रेडिंग में 50 दिवस बसे अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज यानी आंकलन महज 10 फीसदी के साथ किया गया। तीसरे में निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों को शामिल किया गया, जबकि चौथे में नोट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 10 फीसदी के साथ रखा गया। पांचवें में मान्य व अमान्य शिकायतों को रखा गया। इसका वेटेज भी 10 फीसदी दिया गया। ग्रेडिंग की पूरी प्रक्रिया को संख्या देने के बजाय प्रतिशत में देकर उसे उलझा दिया गया।

### द्वितीय समूह में यह रहा विभागवार आधार

द्वितीय समूह में सबसे अधिक 794 शिकायतें कुटीर एवं ग्रामोद्योग का रहा, यहां कुल 58 फीसदी निराकरण किया गया। इसके बाद नर्मदा घाटी विकास विभाग में 522, मप्र निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग में 155 शिकायतें आई, 53 फीसदी का निराकरण हुआ।

### शिकायतों की स्थिति यह रही

*राजस्व विभाग प्रथम स्थान के साथ 57,622, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग में 54,681, नगरीय प्रशासन 38,398 मिली। इसमें 85 फीसदी का निराकरण किया गया। गृह विभाग में 37,192 शिकायतें आई, इसमें 97 फसदी का निराकरण किया गया। ऊर्जा विभाग पांचवें स्थान पर रहा। यहां कुल 28,766 शिकायतें आई। जबकि 88 फीसदी शिकायतों का निराकरण किया गया। छठवें स्थान पर स्वास्थ्य विभाग में 27,466 शिकायतें मिली, इसमें 65 फीसदी का निराकरण किया गया। सातवें स्थान पर पीएचई रहा, इसमें कुल 23,911 शिकायतें मिली, जबकि 82 फीसदी शिकायतों का निराकरण किया गया। आठवें स्थान पर खाद्य विभाग रहा। यहां 12,902 शिकायतें मिली, इसमें 87 फीसदी का निराकरण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग 9 वें स्थान पर रहा, यहां कुल 76 फीसदी मामलों का निराकरण किया गया।*

## तेंदूखेड़ा में कर सभा को किया संबोधित

# पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करो तो सफलता कदम चूमेगी: मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मेहनत और ईमानदारी के साथ समर्पित भाव से पढ़ाई करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी। वर्तमान में जो संसाधन इंटरनेट, मोबाइल उपलब्ध हैं, उनका अधिक से अधिक उपयोग रचनात्मक कामों में किया जाना चाहिये। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग के तेजस्वी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान मंत्री सिंह ने '976 आयडिया' पुस्तक का विमोचन किया। मंत्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की बेहतरी के लिये लगातार प्रयास कर रही है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी निजी स्कूल के विद्यार्थियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कक्षा-5वीं और 8वीं के हाल ही में घोषित रिजल्ट ने यह साबित करके दिखाया है। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### प्रदेश की 3764 टीमों ने लिया भाग

*कार्यक्रम में बताया गया कि उद्यम विकास के आयडिया के लिये "सीड मनी स्कीम" में प्रदेश की 3764 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में 19 हजार 900 विद्यार्थी शामिल थे। मंत्री सिंह ने सीड मनी के लिये जिले के 5 हजार 176 विद्यार्थियों को 2000 रुपये के मान से एक करोड़ 3 लाख रुपये का चैक प्रदान किया।*

## जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए हुआ प्रशिक्षण

# बदलते दौर में नोडल अधिकारियों को अफवाहों से बचना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आईआईआईडीईएम में देश भर के विभिन्न राज्यों के मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था।

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों।

### मप्र से मीडिया व सोशल मीडिया के प्रतिनिधि हुए शामिल

*भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में विगत दिनों हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मप्र के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।*

### चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी

कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। इस ओरिएंटेशन के दौरान अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी कैसे फैलानी है, गलत सूचनाओं से कैसे निपटना है और मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है।

# विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने दिया मानद डॉक्टरेट सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभाग के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह को कैमब्रिज यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट सम्मान से नवाजा है। मप्र विधानसभा के किसी प्रमुख सचिव को पहली बार इस तरह का सम्मान से नवाजा गया है। इस पर विधानसभा के अधिकारियों, कर्मचारियों व शुभचिंतकों ने बधाई दी है। कैम्ब्रिज डिजिटल यूनिवर्सिटी की सीनेट एवं नामांकन समिति ने आंकलन के बाद प्रमुख सचिव सिंह को उनके अपनी संस्था के साथ देश व मानवता की सेवा में उत्कृष्ट योगदान, कर्तव्य निर्वहन के प्रति समर्पण आदि को सराहते हुए प्रशासन के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट सम्मान के योग्य पाए जाने से यह उपाधि आज शनिवार 12 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित भव्य एवं गरिमामय अंतर्राष्ट्रीय समारोह में प्रदान की गई।

## पीएम ने सराही महानाट्य की प्रस्तुति

# वर्तमान और भावी पीढ़ियां भारत के स्वर्णिम अतीत से होंगी परिचित: पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में होने वाले तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और इससे जुड़ी प्रदर्शनियों के आयोजन की सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि मुझे खुशी है कि मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के आयोजकों एवं इसमें हिस्सा ले रहे देश के कलाकारों को आयोजन की सफलता की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और प्रदर्शनी का महत्व एक सांस्कृतिक आयोजन से कहीं अधिक है। इसका उद्देश्य हमारे इतिहास, हमारी जड़ों और हमारे आत्मबोध को एक उत्सव के रूप में मनाने का है। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजनों से वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां भारत के स्वर्णिम अतीत से परिचित होंगी और उससे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ेंगी।

### विक्रम संवत परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान

*प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश में लिखा है कि युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की विक्रम संवत परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है।*

### विकसित भारत की ओर अग्रसर राष्ट्र पर सभी को गर्व

*प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है कि सांस्कृतिक मूल्यों को आधार बनाकर, आधुनिकता और विरासत को साथ लेकर, इस अमृत काल में विकसित भारत की ओर अग्रसर राष्ट्र पर सभी को गर्व है। इस यात्रा में सम्राट विक्रमादित्य समेत हमारे महापुरुषों से मिली न्याय, पराक्रम और सेवा जैसी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करेंगी। यह आयोजन देश की सांस्कृतिक चेतना को और सशक्त बनाते हुए युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर आत्मविश्वास से पूर्ण, जागरूक औ कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।*

## एनएफएचएस की रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में मोटापे की दर में वृद्धि चिंताजनक

# मप्र में पोषण पखवाड़े में कुपोषण से जंग, स्वस्थ भविष्य की ओर कदम पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में 8 से 22 अप्रैल 2025 तक सातवां पोषण पखवाड़ा पूरे जोश और जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी राज्य में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आमजन, महिलाओं और बच्चों को पोषण के महत्व को समझाकर एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में मोटापे की दर में वृद्धि चिंताजनक है।

इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा बच्चों को जंक फूड से दूर रखने और पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने की नीति अपनाई गई है। पोषण पखवाड़ा में बच्चों को पौष्टिक खाना खिलाना और स्कूलों में पौष्टिक भोजन के बढ़ावा देने के लिये पोषण ट्रेकर के माध्यम से मोटापे के जोखिम वाले बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों को पोषण परामर्श दिया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा में 4 विषयों जीवन के पहले एक हजार स्वर्णिम दिवसों का महत्व, पोषण ट्रैकर ऐप के हितग्राही मॉड्यूल की जानकारी और उपयोगिता, सीएमएएम प्रोटोकॉल से गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन और 6 वर्ष से कम बच्चों को मोटापे से बचाने पर फोकस किया जा रहा है।



### स्वर्णिम एक हजार दिवस, जीवन की मजबूत नींव

गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद पहले दो वर्षों तक के एक हजार स्वर्णिम दिवस बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद अहम होते हैं। इस दौरान उनके जीवनकाल का 85 प्रतिशत बौद्धिक विकास हो जाता है। पोषण पखवाड़ा में इस अवधि के दौरान पोषण और देखभाल पर विशेष बल देते हुए माताओं को संतुलित आहार और स्तनपान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर थीम आधारित गतिविधियों, योग सत्र, खेलकूद, पोषण रैली, साइकिल रैली, एनीमिया जागरूकता शिविर, लंच बॉक्स प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है।

### पोषण ट्रैकर ऐप में पोषण की डिजिटल निगरानी

पोषण ट्रेकर ऐप के माध्यम से घर बैठे ही पोषण स्तर की निगरानी करना अब संभव है। यह ऐप आंगनवाड़ी सेवाओं का डिजिटलीकरण करने के साथ हितग्राहियों को भी बच्चों और माताओं के पोषण पर नजर रखने में सक्षम बनाता है। भारत सरकार की ओर से पोषण ट्रेकर ऐप के तहत हितग्राही मॉड्यूल विकसित किया गया है। इसमें हितग्राही अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉग-इन बच्चों के पोषण स्तर के विकास की निगरानी के साथ उन्हें केन्द्र से मिलने वाले पोषण आहार की निगरानी घर बैठे कर सकते हैं।

### सीएमएएम रणनीति से कुपोषण पर नियंत्रण

*मप्र में कम्युनिटी मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन यानी गंभीर कुपोषण का समुदाय स्तर पर प्रबंधन मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत वर्ष-2020 से प्रारंभ हुआ। पोषण पखवाड़ा में अति गंभीर कुपोषित, अति कम वजन एवं मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनकी स्वास्थ्य जांच तथा अति गंभीर कुपोषित बच्चों की भूख की जांच कर आवश्यकतानुसार उपचार एवं सामुदायिक स्तर पर परिवार के सहयोग से पोषण प्रबंधन किया जा रहा है।*

**खबर संक्षेप**

## शराब दुकान हटाने बांटा हलवे का प्रसाद



**भोपाल।** सेमरा की शराब दुकान को एकतापुरी में शिफ्ट करने के साथ ही साईंराम कॉलोनी में चल रही शराब दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है। प्रदर्शन के ग्यारहवें दिन महिलाओं ने हलवा बनाकर प्रसाद के रूप में लोगों को बांटा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लगातार मांग के बाद भी आबकारी अमला इस दुकान को दूसरी जगह पर शिफ्ट नहीं कर रहा है। रहवासी जीतू मलोटिया ने बताया कि शराब दुकान की वजह से आए दिन रात में लड़ाई-झगड़ा हो रहा है। इसके साथ यहां से निकलने वाली महिलाओं पर शराबियों द्वारा फब्तियां कसी जाती हैं। इस दुकान की वजह से महिलाओं और बच्चों का सड़कों से निकलना मुश्किल होता जा रहा है, बावजूद इसके आबकारी अमला कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## वार्ड 14 में हर तरफ फैली गंदगी से लोग परेशान



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के वार्ड 14 में हर तरफ कचरा फैला है। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी भरा रहता है, जिससे मच्छर और दुर्गंध से लोगों को परेशानी हो रही है। स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, व्यापार महासंघ उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, आकाश जैन, कृष्णा नरवरिया, सोनू पंजाबी, सुधीर कमल, दिनेश सेन, पिंकू भोले का कहना है कि ढाई साल में करीब 60 आवेदन दिए हैं पर नगर परिषद के सफाइकर्मी नहीं आते। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा का कहना है कि मैं तो अभी प्रभारी बना हूं देखता हूं।

## अभिषेक जैन बने तहसील युवा अध्यक्ष



**मंडीदीप।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की गौहरगंज तहसील के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक जैन गोलू को अध्यक्ष बनाया गया। उनकी नियुक्ति युवा जिला अध्यक्ष सयंम जैन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल व जिला अध्यक्ष विनोद जैन के अनुशंसा पर की गई है। युवा जिला अध्यक्ष संयम जैन ने बताया कि शीघ्र अपनी टीम का गठन कर संगठन का विस्तार करेंगे। उनकी नियुक्ति पर कई लोगों ने शुभकामनाएं दीं है।

## भोपाल के पूर्व आर्चबिशप टोपनो को दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** भोपाल के भूतपूर्व आर्चबिशप पास्कल टोपनो को शनिवार को अरेरा कॉलोनी स्थित असम्पशन को-कैथेड्रल चर्च में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि 6 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में 93 वर्ष की आयु में टोपनो का निधन हो गया था। इस श्रद्धांजलि प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में शोकाकुल ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए। आर्चबिशप दुरईराज ने पवित्र मिस्सा का नेतृत्व किया। प्रार्थना के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न धर्मों के लोग और धार्मिक नेता भी शामिल हुए और स्व आर्चबिशप पास्कल टोपनो को अपनी श्रद्धांजलि दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 469 | 93 | 689 |
| रात: | 499 | 25 | 249 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 339 | 51 | 380 |
| रात: | 379 | 96 | 259 |

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में चोला चढ़ाकर की विशेष पूजा, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, 5 फीट ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र

भजन संध्या में जमकर झूमे भक्त, जगह-जगह हुए भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर सहित पूरे क्षेत्र में मां अंजनी के पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। द्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड, हनुमान अष्टक का पाठ किया और उन्हे सिन्दूर से अभिषेक कर चोला चढ़ाया साथ ही सोने व चांदी के अर्क से विशेष श्रृंगार किया। वहीं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किए। जाखला धाम हनुमान मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर, शीतलकुंड हनुमान मंदिर, कम्मू बाबा व पोलहा के खेड़ापति मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वार्ड 5 स्थित हनुमान मंदिर, वार्ड 23, पंचपन सीढ़ी मंदिर, सतलापुर में भी आयोजन किए गए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंडीदीप और सतलापुर पुलिस के 40 से अधिक जवान तैनात रहे।





### वार्ड 13 स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में लगा मेला

वार्ड 13 स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर वर्षिक मेले का आयोजन भी किया गया। मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ जय श्री राम और हनुमान महाराज के जयकारे गूंजे। पुजारी राजेन्द्र शर्मा ने विधि-विधान से महाआरती की। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहरण किया।



### शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए चले युवा

हनुमान जयंती के अवसर पर श्रीराम भक्त सनातनी हिंदू शहरी व ग्रामीणों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा हनुमान उत्सव समिति द्वारा दोपहर में प्रचीन श्रीराम मंदिर से निकाली। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवा ध्वज लिए दो घुड़सवार चल रहे थे। उनके पीछे बड़ी संख्या में भगवाधारी जयश्रीराम के नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा में 5 फीट ऊंची वीर बजरंगी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान आयोजन समिति के भगवान सिंह गुर्जर जाखलाधाम तक भगवा ध्वज लेकर चले, जिसकी जगह जगह पूजा अर्चना भी की गई।

### भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**औबेदुल्लागंज।** हनुमान जन्मोत्सव पर इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### स्व. विजय कोठारी की स्मृति में बांटा प्रसाद

भोजपुर विधानसभा के वरिष्ठ नेता स्व. विजय कोठारी की स्मृति एवं हनुमान जन्मोत्सव पर समर्थकों ने प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पंकज कोठारी, नीरज चावला, आशीष दीक्षित, राहुल महेश्वरी, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, देवेंद्र डैनी आदि ने सहयोग किया।



## ओम शिव नगर, नयापुरा लालघाटी, जैन नगर की घटना

# असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी तीन कारों में की तोड़फोड़

◆ पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के खंगाल रही फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित ओम शिव नगर नयापुरा लालघाटी में अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी व्यापारी की कार में तोड़फोड़ कर दी। बदमाशों ने उनकी कार से कुछ दूरी पर खड़ी दो अन्य कार के भी कांच तोड़े है। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर जब तक लोग बाहर आए आरोपी भाग चुके थे। बदमाशों ने जैन नगर में भी दो कार में तोड़फोड़ की है। देर रात घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ से रहवासियों में दहशत का माहौल है। रहवासियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 48 साल के खुशीलाल लेवा, ओम शिवनगर नयापुरा लालघाटी में रहते हैं और करोंद चौराहा पर खुली चाय की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वे घर पर सो रहे थे, तभी शुक्रवार-शनिवार की रात 1 बजे के आसपास उन्हें कांच टूटने की आवाज आई। वे बाहर निकले तो उनकी टाटा विस्टा कार और पड़ोसी अक्षय की हुंडई सेंट्रो कार सहित पंकज शर्मा की हुंडई आईटेन के पास दो-तीन युवक खड़े नजर आए। आरोपी गाली-गलौज कर रहे थे और तीनों कार के कांच तोड़ चुके थे। खुशीलाल ने तीनों युवकों को आवाज दी तो वह मौके से भाग निकले।







### जैन नगर में दो कार में तोड़फोड़

खुशीलाल लेवा ने बताया कि गाड़ी में तोड़फोड़ की शिकायत लेकर वह पड़ोसियों के साथ थाने पहुंचे। वहां पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली। इस दौरान पता चला कि बदमाशों ने जैन नगर में भी दो कार में तोड़फोड़ की है। खुशीलाल ने बताया कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं है। साथ ही पड़ोसियों ने भी बताया कि उनका भी किसी से कोई विवाद नहीं है। अनुमान है कि बदमाश यहां किसी की तलाश में आए थे और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

## मई में होनी थी शादी, दहेज नहीं देने पर किया इंकार, तीन पर प्रकरण दर्ज

# दहेज में पांच लाख नगद और बुलेट की मांग कर रहे रेलकर्मी ने तोड़ी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दहेज में पांच लाख रुपए और बुलट की मांग कर रहे रेलकर्मी ने सगाई के बाद शादी तोड़ दी। मई में शादी की तारीख तय हुई थी, लेकिन एकाएक वर पक्ष ने शादी करने से इंकार कर दिया। वधू पक्ष ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। लिहाजा वधू पक्ष महिला थाने पहुंचा और मंगेतर, उसके बड़े भाई सहित होने वाली ननद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मूलतः सागर निवासी 29 साल की युवती ऐशबाग क्षेत्र में किराए से रहती है। बीना जिला सागर में रहने वाले रेलकर्मी सुरेश कुशवाह से उसकी सगाई 17 जनवरी 2025 को हुई थी। मई में शादी की तारीख निकली थी। सगाई होने के बाद युवती और सुरेश के बीच मोबाइल पर बात होने लगी। बातचीत में सुरेश ने पिछले दिनों युवती से कहा कि उसके बड़े भाई भूपेन्द्र कुशवाह और बहन रेखा दहेज में पांच लाख रुपए नगद व बुलट बाइक मांग रहे हैं। युवती ने सुरेश से कहा कि सगाई के समय तो ऐसी कोई डिमांड नहीं थी, फिर अचानक यह डिमांड क्यों? युवती और उसके परिजन ने दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताई, जबकि वर पक्ष के लोग अपनी मांग पर अड़े रहे।

### युवती के घर शादी की जोरों पर चल रही थी तैयारी

पीड़ित पक्ष का कहना है कि घर में शादी की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो चुकी थी। मैरिज गार्डन बुक करने से लेकर कैटरिंग और जरूरी शॉपिंग भी कर ली गई थी। इस बीच मार्च माह के अंत में वर पक्ष के लोगों ने रिश्ता तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि करीब 10-15 दिन वधू पक्ष के लोग वर पक्ष के लोगों को मनाने का प्रयास करते रहे थे, लेकिन जब वे नहीं माने तो महिला थाने आकर प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने सुरेश कुशवाह, भूपेन्द्र कुशवाह व रेखा कुशवाह पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवक पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

## 17 साल की नाबालिग से दुष्कर्म, शादी का प्रलोभन देकर एक साल तक करता रहा दैहिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया पुलिस ने 17 साल की नाबालिग की शिकायत पर मोहल्ले में रहने वाले 28 साल के युवक पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण समेत पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। 12वीं में पढ़ने वाली नाबालिग का आरोप है कि करीब एक साल से आरोपी उसे शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण कर रहा था।

पुलिस के अनुसार 17 साल की किशोरी थाना क्षेत्र में रहती है और 12वीं कक्षा में पढ़ती है। करीब एक साल पूर्व जून 2024 में उसकी दोस्ती मोहल्ले में रहने वाले 28 साल के रोहित उर्फ नीरज से हो गई थी। दोस्ती होने के कारण आरोपी उसे यहां वहां घुमाने लगा और अशोका गार्डन की एक होटल में लेकर पहुंचा था। वहां शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो वह कहने लगा कि जल्द ही शादी कर लेंगे। इसके बाद आरोपी उसका दैहिक शोषण करने लगा था। कुछ दिन पहले उसने पीड़िता से दूरी बना ली। बाद में वह फिर उसे मिलने का दबाव बनाने लगा। आरोपी से परेशान होकर पीड़िता ने परिजन को घटना की जानकारी दी थी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए मिलेगी निःशुल्क पुस्तकें

## सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र भोजपुर में ज्ञान दान अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप/औबेदुल्लागंज

औद्योगिक नगर के समीपस्थ मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सीईओ हर्षिका सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए एक नवीन पहल की गई है। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र भोजपुर में 'ज्ञान दान अभियान' का शुभारंभ समूह की महिलाओं द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

इस अभियान के तहत, लोग 'पुरानी और उपयोग में न आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें' दान कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। जिला पंचायत सीईओ भदौरिया ने इस नवीन पहल के बारे में बताया कि कई प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन सामग्री की कमी के कारण अपनी तैयारी नहीं कर पाते। आपकी एक छोटी सी पहल किसी के सपनों को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान में जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आपका पुस्तक दान किसी छात्र के भविष्य को रोशन कर सकता है। इच्छुक व्यक्ति सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र भोजपुर विकाशखंड औबेदुल्लागंज जिला रायसेन संग्रहण केंद्र में पुस्तकें जमा कर सकते हैं।





## नदी के गीत और भजन से लोगों को किया जागरूक

## बारना नदी के उद्गम क्षेत्र में नवांकुर संस्था ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज के ग्राम पांजिर के घने जगंलों से निकलने वाली बारना नदी के प्रति समुदाय में संवेदना बनाए रखने एवं आसपास के ग्रामों से जा रहीं नदी के बहाव को निरंतर बनाएं रखने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पिपलियागोली द्वारा आदिवासी समुदाय की सहभागिता में श्रमदान कर गहरीकरण, झाड़ियों की सफाई, नदी गीत, भजन एवं परंपरागत आयामों से लोगों को जागरुक किया और लोगों को नदियों-तालाबों को बचाने का संदेश दिया।



नवांकुर संस्था के अध्यक्ष हरनाम सिंह ककोड़िया ने बताया कि हम एक माह से जल स्त्रोतों पर श्रमदान का कार्य कर रहे हैं। लगभग चार दिन से ग्राम डोभ सर्रा पांजिर के आसपास नदी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। नदी-तालाबों एवं जल स्त्रोतों के प्रति नागरिकों की संवेदना बनाए रखने, नदी को बचाने एवं संरक्षित रखने की अपील की है।

## एमडी ड्रग्स मामले के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

एमडी ड्रग्स मामले के आरोपी प्रेमसुख पाटीदार की ओर से प्रस्तुत किए गए नियमित जमानत के आवेदन को विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव ने सुनवाई करने के बाद निरस्त कर दिया है।

आरोपी के अधिवक्ता ने आरोपी को प्रकरण में निर्दोश बताते हुए जमानत का लाभ प्रदान करने की मांग की थी, जबकि एनसीबी के विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने एनसीबी की ओर से पैरवी करते हुए आरोपी को अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का अपराध बताते हुए उसके जमानत आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि 5 अक्टूबर 2024 को गुजरात एटीएस और एनसीबी नई दिल्ली की टीम ने राजधानी के बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में छापा मारकर करोड़ों रुपए की अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद की थी। एनसीबी की टीम ने मामले के आरोपी फैक्ट्री के संचालक अमित चतुर्वेदी एवं सान्याल प्रकाश बाने को मौके से ही गिरफ्तार किया था, जबकि आरोपी हरि सिंह अंजना और प्रेमसुख पाटीदार को 11 अक्टूबर 2024 को मंदसौर से गिरफ्तार किया था। आरोपी प्रेमसुख पाटीदार तभी से न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल गांधी नगर भोपाल में बंद है।

## घर से स्कूल जाने का कहकर टिफिन लेकर निकला था बुजुर्ग, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

# पत्नी से विवाद के बाद पति ने खाईं फिनाइल की गोलियां, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई परिसर में शुक्रवार रात एक व्यक्ति ने फिनाइल की गोलियां खा ली। उनकी पत्नी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनकी पहली पत्नी की बेटी ने दूसरी पत्नी पर हत्या के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

एसआई मुकेश स्थापक ने बताया कि राजू जाधव पिता माधव जाधव (50) साईं बाबा बोर्ड, हबीबगंज में रहते थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं। वे कलियासोत स्थित संस्कार व्हेली स्कूल में नौकरी करते थे। बीस साल पहले उन्होंने पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी अमराई परिसर में रहने वाली कमला से कर ली थी। वह अमराई परिसर में कमला के साथ रहते थे। गत बीस मार्च को कमला से उनका विवाद हुआ और परिजन उन्हें लेकर साईं बाबा बोर्ड चले गए। वह बीस मार्च से साईं बाबा बोर्ड में परिवार के साथ रह रहे थे। परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर से टिफिन लेकर कलियासोत स्थित संस्कार व्हेली स्कूल जाने के लिए निकले थे।

शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह अमराई परिसर परिसर पहुंचे और कमला से कहा कि उन्होंने फिनाइल की गोलियां खा ली है। पत्नी उन्हें निजी अस्पताल फिर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। वहां रात करीब साढ़े 12 बजे इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई।

### बेटी ने लगाया कमला पर हत्या का आरोप



राजू की बेटी ने कमला पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि कमला और पिता का विवाद चल रहा था। विवाद के चलते कमला पिता को जहर देकर मार दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारण पता चल सकेंगे।

### बेटी के झूले से पिता ने लगाई फांसी

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित खटीक कॉलोनी गली नंबर चार में शुक्रवार देर रात एक युवक ने साड़ी से बने झूले का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी पत्नी कमरे के बाहर बर्तन साफ कर रही थी। वह कमरे में पहुंची तो पति को फांसी के फंदे पर लटके देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच में सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आकाश गजानंद सावदेकर पिता गजानंद सावदेकर (27) मूलतः अकोला महाराष्ट्र का रहने वाला था। गली नंबर-4, खटीक कॉलोनी में वह किराए का कमरा लेकर पत्नी और मासूम बेटी के साथ रह रहा था। उसके पड़ोस में उसके माता-पिता किराए के कमरे में रहते हैं। शुक्रवार रात आकाश ने पत्नी के साथा खाना खाया। इसके बाद पत्नी घर के बाहर आंगन में बर्तन साफ करने के लिए चली गई। पत्नी के साथ आकाश की बेटी भी थी। बर्तन धोने के बाद पत्नी कमरे में पहुंची तो आकाश फांसी लगा चुके थे। आकाश ने बेटी के लिए बांधे गए साड़ी के झूले में फांसी लगा ली थी। उसकी चीख पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाले आकाश के माता-पिता पहुंच और आकाश को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि आकाश का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।



शोकाकुल परिजन।

## थाने के सामने खुद को आग लगाने वाले युवक की हालत नाजुक

**भोपाल।** गौतम नगर थाने के सामने खुद को आग लगाने वाले युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालत नाजुक होने के कारण उसके बयान भी दर्ज नहीं हो सके हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार दोपहर हरिजन बस्ती निवासी सूरज ग्यासी (30) ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली थी। मूलतः टीकमगढ़ निवासी सूरज यहां पत्नी के साथ मायके में रहता था। पत्नी से उसका कुछ दिन से विवाद चल रहा था। पत्नी ने उसके खिलाफ थाने में शिकायत भी कर रखी थी। शुक्रवार को उसका पत्नी से दोबारा विवाद हो गया था। पत्नी थाने पहुंची तो वह डर गया और पत्नी के पीछे वह भी थाने पहुंच गया था।



**हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हैदराबाद में उनकी मूर्ति को स्थानीय पुजारी ने जल से स्नान कराया**

देशभर में श्रद्धा के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का किया पाठ, भंडारों का हुआ आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ और भंडारों का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर खीर, चूरमे का भोग लगाया गया। देश के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कतार में लगकर लोगों ने भगवान हनुमान के दर्शन किए। उनके समक्ष 'संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा' का जाप किया और परिवार के स्वास्थ्य, सुख तथा समृद्धि की प्रार्थना की। विशेष रूप से सरसों के तेल में उनकी मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कई शहरों में विशेष शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें पीले और भगवा वस्त्र पहनकर श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्रीराम और जय श्री हनुमान के जयघोष से लोगों में उत्साह बढ़ाया गया।

### » संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा

### » कई स्थानों पर खीर, चूरमे, लड्डू का भोग लगाया गया



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की।



प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।



हैदराबाद में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### कुपवाड़ा में बस पलटने से दो छात्रों की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को कॉलेज की एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई और 21 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिकनिक मनाने के लिए 27 छात्रों को ले जा रही सरकारी डिग्री कॉलेज सोगाम की बस हंदवाड़ा के वोदपोरा इलाके के निकट पलट गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से 13 गायों की मौत



**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले के मीनकारा बांध के पास रेल की पटरियां पार करते समय शनिवार को 13 गायों का झुंड एक ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गायों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके शव रेल की पटरियों पर तथा आसपास के इलाकों में बिखरे पड़े मिले। बाद में शवों को पटरियों और आसपास से हटाया।

### 87 वर्षीय 'वनजीवी' पद्मश्री रामैया का निधन



**हैदराबाद।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित 'वनजीवी' रामैया का शनिवार को तेलंगाना के खम्मम जिले में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। रेड्डीपल्ली गांव में अपने पैतृक घर में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पेशे से कुम्हार रामैया को पौधरोपण के उनके अथक मिशन को लेकर 'वृक्ष पुरुष' के रूप में जाना जाता था। हरियाली में विस्तार के प्रति उनका समर्पण बहुत अधिक था।

### फिर अकाली दल के प्रधान बने सुखबीर



**चंडीगढ़।** पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल एक बार फिर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान चुन लिए गए हैं। किसी और नाम की अनुपस्थिति में सर्वसम्मति से सुखबीर के नाम पर मुहर लग गई। अकाली दल का दोबारा अध्यक्ष बनने पर सुखबीर बादल ने सभी से इकट्ठे होकर चलने का आह्वान किया। सुखबीर ने कहा कि अकाली दल को खत्म करने वाली पार्टियों का विरोध करें।

### सूटकेस में बंद कर हॉस्टल लाया लड़की



**सोनीपत।** सोनीपत के राठधना रोड स्थित एक यूनिवर्सिटी से ये हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला युवक अपनी गर्लफ्रेंड को सूटकेस के अंदर बंद कर बॉयज हॉस्टल ले जा रहा था। लड़की को सूटकेस के अंदर बंद कर ले जाते समय हॉस्टल में तैनात सुरक्षाकर्मी को शक हुआ तो शक के आधार पर सूटकेस की तलाशी ली।

## मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून का विरोध हिंसा में बदला

# 3 की मौत, भीड़ ने पिता-बेटे को पीट-पीटकर मारा, अब तक 118 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद

*वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद समेत चार जिलों में हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी थी और पुलिस पर पथराव किया था। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में पुलिस पर क्रूड बम भी फेंके*

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई। शुक्रवार को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। लिहाजा मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि शनिवार की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है। प्रदर्शनकारियों पर सिर्फ आंसू गैस के गोले दागे गए। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद समेत चार जिलों में हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी थी और पुलिस पर पथराव किया था। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में पुलिस पर क्रूड बम भी फेंके गए थे। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। हिंसक भीड़ ने सड़क पर मौजूद कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हंगामे के कारण एनएच-12 पर ट्रैफिक रोका गया था। बता दें, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के 'वक्फ बचाव अभियान' का पहला फेज 07 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले चरण की रणनीति तय की जाएगी।

**राज्यपाल ने सरकार को कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

शुभेंदु बोले- केंद्र को राज्य में आर्टिकल 355 लगा देना चाहिए



**अफवाहों पर ध्यान न दें**

राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार और कानून-व्यवस्था के एडीजी जावेद शमीम ने भी लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। जावेद शमीम ने कहा कि कई जगहों पर गलत जानकारी की फैक्ट्री चल रही है, जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है। उन्होंने बताया कि जो भी लोग हिंसा या उकसावे में शामिल हैं, उन्हें चिन्हित कर गिरफ्तार किया जा रहा है।

### राज्य में लागू नहीं होगा वक्फ कानूनः ममता



सीएम ममता बेनर्जी ने शनिवार को कहा कि वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। याद रखिए, जिस कानून के विरोध में लोग आंदोलन कर रहे हैं, वह हमने नहीं बनाया है। यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है। इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगा जाना चाहिए।

### राज्यपाल ने अमित शाह से की बात



पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा की। इसके अलावा बोस ने राज्य सरकार को मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण 24 परगना जिलों के संवेदनशील इलाकों में उपद्रव के लिए जिम्मेदार उपद्रवियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश दिए।

### पश्चिम बंगाल में सेना उतारेंः शुभेंदु



भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में सेना उतारने की मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र को राज्य में आर्टिकल 355 लगा देना चाहिए और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना और सुरक्षाबलों को उतार देना चाहिए।

### बहुसंख्यकवाद के खतरे का सामना कर रहा देश



जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। पत्र में मुफ्ती ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर उनके रुख और न्याय तथा भारत के समावेशी विचार के लिए खड़े होने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है।

### मायावती बोलीं- नेता प्रतिपक्ष चुप क्यों?



बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया। वक्फ बिल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल खड़े किए। संसद में लंबी बहस के दौरान वक्फ बिल पर कुछ न बोलने पर भी राहुल पर हमला बोला। कहा कि सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के समय भी विपक्ष चुप रहा।

शिवाजी की 345वीं पुण्यतिथि पर बोले शाह

# 'स्वधर्म और स्वराज्य' के आदर्श देश को प्रेरित करते



एजेंसी ▶▶ रायगढ़ (महाराष्ट्र)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि खुद को 'आलमगीर' कहने वाला मुगल बादशाह औरंगजेब जीवन भर मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा, लेकिन पराजित हुआ और यहीं दफनाया गया। शाह ने मराठा शासक शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर रायगढ़ किले में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज के 'स्वधर्म और स्वराज्य' के आदर्श देश की आजादी के शताब्दी वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे। शाह ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें। उनकी जबरदस्त इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और साहस देश को प्रेरित करते हैं क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया।

### शिवाजी के आदर्शों पर काम करें

शाह ने कहा कि महान मराठा योद्धा शिवाजी के आदर्श भारत को अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने और महाशक्ति बनने की यात्रा के दौरान प्रेरित करते हैं। केंद्र की मोदी सरकार शिवाजी महाराज के आदर्शों पर काम करती है। गृह मंत्री ने रायगढ़ किले को एक पर्यटन स्थल के बजाय भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इसी किले में शिवाजी महाराज की समाधि है। शाह ने कहा कि भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा और एक महाशक्ति बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में शिवाजी महाराज एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी राजमुद्रा का उपयोग भारतीय नौसेना के ध्वज में किया जाता है, जो राष्ट्र पर उनके स्थायी प्रभाव का प्रतीक है। शाह ने सुशासन और न्याय पर शिवाजी महाराज की शिक्षाओं को कायम रखने के महत्व पर बल दिया।

### » अरब सागर में शिवाजी का स्मारक बनेगा

फडणवीस ने अरब सागर में शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि इस परियोजना से संबंधित याचिका को वापस बंबई उच्च न्यायालय को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम मामले में अपना पक्ष कुशलतापूर्वक रखेंगे। फडणवीस ने दिल्ली में शिवाजी महाराज का राष्ट्रीय स्मारक बनाने की उदयनराजे भोसले की मांग को भी स्वीकार किया और शाह के साथ इस विषय पर चर्चा करने का वादा किया। भोसले ने सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव पर शिवाजी महाराज की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

चौहान ने नेताओं व अधिकारियों संग की बैठक

## मधुबनी में पीएम मोदी के होने जा रहे कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक कर 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर मधुबनी में होने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बिहार में ग्रामीण विकास की केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पिछले साल 7 लाख 90 हजार मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिहार के



पात्र भाइयों-बहनों को दिए गए थे उसमें से लगभग 5 लाख 20 हजार मकान अभी बचे थे। इसे देने के साथ कुल मिलाकर 7-8 महीने में 14 लाख मकान बिहार में दे रहे हैं। पीएम के हाथों स्वीकृति पत्र और मकान बनाने के लिए दी जाने वाली राशि की किस्त सिंगल क्लिक के माध्यम से खाते में डाली जाएगी। स्वीकृत मकानों की लागत 8 हजार करोड़ है। नए मकानों के गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी होगा।

सैफ हमला केस पर पुलिस की कार्रवाई

## 1613 पेज की चार्जशीट दायर 35 गवाहों के लिए बयान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में 1613 से ज्यादा पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में कई खुलासे किए गए हैं। चार्जशीट में सैफ की पत्नी करीना कपूर का भी बयान है। उन्होंन कहा है कि घटना वाले दिन मैं अपनी दोस्त रिया कपूर से मिलकर रात 1 बजे घर लौटी।

करीब 2 बजे जहांगीर की नैनी उनके कमरे से चिल्लाते हुए बाहर आई। चार्जशीट में 35 गवाहों के स्टेटमेंट के साथ-साथ 25 सीसीटीवी



फुटेज भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि उन्होंने मामले की जांच में करीब 300 सीसीटीवी फुटेज फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी भेजे थे, जिनमें से 25 फुटेज में शरीफुल दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम के मोबाइल फोन की लोकेशन को भी सबूत के तौर पर चार्जशीट में दर्ज किया है।

शिवसेना (उबाठा) ने कांग्रेस से पूछे सवाल

## 'इंडिया' गठबंधन का क्या हुआ, जमीन में दब गया या हवा में गायब हुआ?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उबाठा) ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन की स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए और अहमदाबाद में पार्टी के हालिया अधिवेशन में विपक्षी गठबंधन के बारे में सवालों का जवाब देना चाहिए था। शिवसेना (उबाठा) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय लेख में कहा कि कांग्रेस ने अहमदाबाद के पार्टी अधिवेशन में केवल अपने बारे में बात की और 'इंडिया' या भारत कहीं भी चर्चा में नहीं था। पार्टी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की स्थिति क्या है, इस पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस को अपने अहमदाबाद अधिवेशन में इस पर विचार करना चाहिए था।

### कांग्रेस अध्यक्ष से मांगा जवाब

शिवसेना (उबाठा) ने सवाल करते हुए कहा कि गठबंधन का क्या हुआ? क्या यह जमीन में दब गया या हवा में गायब हो गया? इस सवाल का जवाब देने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष की है। कांग्रेस ने 8-9 अप्रैल को गुजरात में अपना अधिवेशन आयोजित किया। राज्य में कांग्रेस दो दशकों से सत्ता से बाहर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अधिवेशन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था।

### आगामी चुनावों पर अपना रूख बताएं

शिवसेना (उबाठा) ने बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस का रुख भी जानना चाहा। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस की सहयोगी है, जबकि गुजरात और पश्चिम बंगाल में 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दल आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस भी चुनाव मैदान में होंगे। शिवसेना (उबाठा) ने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात में अपना अधिवेशन आयोजित किया, लेकिन लोकसभा चुनावों में पार्टी ने 2014 के बाद पश्चिमी राज्य में केवल एक सीट जीती।

शहीद हेमराज की बेटी की शादी में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष

# मायरा लेकर पहुंचे, निभाया छह साल पुराना भाई का वादा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के सांगोद में 12 अप्रैल को एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शहीद हेमराज मीणा की बेटी की शादी में मायरा (भात) लेकर पहुंचे। इस मौके पर पूरे गांव में खुशी का माहौल था, और हर किसी की आंखें इस भावनात्मक रिश्ते को देखकर नम हो गईं। सीआरपीएफ के जवान हेमराज मीणा पुलवामा हमले में 6 साल पहले शहीद हो गए थे। उनके शहीद होने के बाद उनका परिवार गहरे दुख में था। उसी समय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वीरांगना मधुबाला को अपनी बहन माना और परिवार की जिम्मेदारी निभाने का वादा किया था। तब से अब तक वे हर राखी और भाई दूज पर बहन से तिलक और राखी बंधवाते रहे।

### हर राखी और भाई दूज पर बहन से तिलक और राखी बंधवाते





**रस्म निभाने खुद पहुंचे करवाया तिलक**

अब जब शहीद हेमराज की बेटी की शादी का समय आया, तो ओम बिरला मायरा की रस्म निभाने खुद पहुंचे। उन्होंने बहन मधुबाला को चुनरी ओढ़ाई और पूरे रीति-रिवाजों के साथ तिलक करवाया। बहन ने भी परंपरा अनुसार उन्हें "बत्तीसी" झिलाई और तिलक व आरती की। इस मौके पर राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे।

### शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

कार्यक्रम के दौरान ओम बिरला ने शहीद हेमराज मीणा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरा परिवार और गांववाले इस दृश्य को देखकर भावुक हो गए। इस अनूठे मायरे ने न केवल एक बहन-भाई के रिश्ते को मजबूत किया, बल्कि शहीद परिवारों के सम्मान और समर्थन की एक मिसाल भी पेश की।

दिल्ली में झुग्गीवालों के लिए खुशखबर

## कोई नहीं रहेगा भूखा, सरकार लाएगी 100 करोड़ की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के झुग्गीवालों और कंस्ट्रक्शन वर्करों के लिए बड़ी खुशखबर है। रेखा गुप्ता सरकार उनके लिए 100 करोड़ रुपए की योजना शुरू करने जा रही है। इसका मकसद है कि कोई भी भूखा नहीं रहे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी सरकार का कर्तव्य है कि शहर में कोई भी भूखा न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार झुग्गी बस्तियों और निर्माण स्थलों के पास 100 अटल कैंटीन खोलने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हमें 100 अटल कैंटीन खोलनी हैं, ताकि दिल्ली में कोई भी भूखा न रहे। हम झुग्गी-झोपड़ियों और निर्माण स्थलों के पास ये कैंटीन खोलने की योजना बना रहे हैं, जहां भोजन उपलब्ध कराने के लिए ऐसी स्वचालित मशीनें लगाई गई हैं। सीएम ने इससे पहले मार्च में दिल्ली का 2025-26 का बजट पेश किया था, जिसमें शहर में अटल कैंटीन खोलने के लिए 100 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए थे।



# भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क में काम करेगा लेकिन सुधार जरूरी : मंत्री गोयल

## ट्रंप के टैरिफ पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विकासशील देशों की परिभाषा का दोबारा मूल्यांकन करने की जरूरत समझाई और ई-कॉमर्स नियमों, कृषि निर्णयों और मत्स्य पालन वार्ताओं पर स्पष्टता का आह्वान किया। उन्होंने 9वें ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में कहा, भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क के भीतर काम करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित हमारे द्विपक्षीय समझौते इसके दायरे में काम करते हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक व्यापार को नया रूप देने में खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विश्वसनीय भागीदारों के साथ भारत के लिए आगे के अवसरों पर प्रकाश डाला। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत में अवसरों की भरमार है। अगले दो से ढाई दशकों में भारत 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं के बल पर आठ गुना वृद्धि करेगा। इससे घरेलू मांग में भारी वृद्धि होगी और वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले पैमाने के लाभ मिलेंगे।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत में अवसरों की भरमार है। अगले दो से ढाई दशकों में भारत 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं के बल पर आठ गुना वृद्धि करेगा।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले पैमाने के लाभ मिलेंगे



### गोयल ने भारत के व्यापार संबंधों और चीन से एफडीआई पर अपनी बात रखी

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के मौजूदा टैरिफ संरक्षण उपाय मुख्य रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा, भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं।

### भारत पर कोई दबाव नहीं

*केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं। भारत के व्यापार निर्णयों पर बाहरी दबाव की चिंताओं को खारिज करते हुए गोयल ने कहा, भारत पर कोई दबाव नहीं है।*

### युवा भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए तैयार

भारत के व्यापार निर्णयों पर बाहरी दबाव की चिंताओं को खारिज करते हुए गोयल ने कहा, कोई दबाव नहीं है। भारत के पास ऐसे अवसर होना अपने आप में बहुत रोमांचक है। आज हमारे निर्यात हमारे सकल घरेलू उत्पाद का अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा हैं, लेकिन हमारा मजबूत घरेलू बाजार और महत्वाकांक्षी युवा भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। चीन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत हमेशा अपने हितों को सबसे पहले रखेगा। अभी तक, चीन से बहुत कम एफडीआई आया है और ऐतिहासिक रूप से भी, चीनी निवेश न्यूनतम रहा है। हमारा प्रयास उन विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ इंटीग्रेशन पर केंद्रित है, जिनकी बिजनेस प्रैक्टिस सही मायने में बेहतर हैं।

## भारत-अमेरिका की सेनाओं के बीच संपन्न हुआ टाइगर ट्रायंफ



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में जारी त्रि-सेवा टाइगर ट्रायंफ-25 युद्धाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। जिसमें मुख्यतः प्रदेश के तट पर जटिल सैन्य अभियानों को दोनों देशों की सेनाओं ने बखूबी अंजाम दिया। यह एक मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) जल-थल-स्थल अभ्यास है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि युद्धाभ्यास 1 से 11 अप्रैल तक आयोजित किया गया था और उसके जरिए दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास, कौशल और अंतर संचालन क्षमता साफ तौर पर प्रदर्शित हुई। अभ्यास के दौरान दोनों प्रतिभागियों ने एक दूसरे की क्षमताओं, तकनीकों और प्रक्रियाओं को आपस में साझा किया। टाइगर ट्रायंफ अभ्यास वर्ष 2019 में आयोजित किया गया था।

## पाक में 5.8 तीव्रता का आया भूकंप

**कराची।** पाकिस्तान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भी लोगों ने धरती में कंपन की शिकायत की। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई।

## राणा से पूछताछ जारी, बाहर आ सकते हैं कई राज

# तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ, हर बार कह रहा- कुछ याद नहीं, हेडली से दोस्ती कबूली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा से जांच एजेंसी एनआईए ने पहले दौर की पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि राणा ज्यादातर सवालों के जवाब में यही कह रहा है कि उसे कुछ याद नहीं। एक और साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से अपनी दोस्ती की बात मानी है। कोर्ट की मदद से एनआईए राणा की आवाज का सैंपल भी लेगी, ताकि उसकी और हेडली की आवाज का मिलान किया जा सके। बता दें कि 10 अप्रैल को अदालत ने उसे 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था।

बता दे कि राणा को दिल्ली में एनआईए हेडक्वॉर्टर के ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया है, जबकि पूछताछ तीसरी मंजिल पर बने इंटेरोगेशन स्पेशल रूम में की जा रही है। 24 घंटे उसकी निगरानी की जा रही है। पूछताछ करने के लिए मुख्य जांच अधिकारी झारखंड काडर और 2011 बैच की डीआईजी जया रॉय को बनाया गया है।

### खास बातें

- एनआई ने तहव्वुर राणा से मुंबई हमले को लेकर पूछताछ की
- राणा ने हेडली के साथ दोस्ती की बात स्वीकार की

### पाक सेना छोड़ने के बाद भी वर्दी पहनता था राणा



*26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से पूछताछ कर रही है। अब तक के सवाल-जवाब में कई सारे नए खुलासे हुए हैं। पता चला कि पाकिस्तानी सेना का मेडिकल कोर छोड़ने के बाद भी वह लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों से मिलते वक्त सैन्य वर्दी पहना रहता था। रिपोर्ट के अनुसार, राणा पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के चिचावटनी गांव का रहने वाला है और उसके पिता स्कूल प्रिंसिपल थे। तहव्वुर राणा के तीन भाई हैं। उसका एक भाई पाकिस्तानी सेना में साइकोलॉजिस्ट है, जबकि दूसरा पत्रकार है। उसने कैडेट कॉलेज हसनाबदल में पढ़ाई की, जहां उसकी मुलाकात डेविड कोलमैन हेडली (दाऊद सईद गिलानी) से हुई, जो 26/11 हमलों से जुड़ा है और फिलहाल अमेरिकी जेल में बंद है।*

### राणा ने दिल्ली की गर्मी पर कहा-वेरी हॉट

जांच एजेंसियां उससे पूछ रही हैं कि मुंबई हमले के बारे में साजिश रचने में कौन-कौन शामिल थे? मुख्य साजिश कहां रची गई? आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले कौन-कौन लोग हैं, पाकिस्तान की तरफ से आईएसआई के अलावा आर्मी और अन्य का भी कितना रोल था। अमेरिकी मार्शलों ने तहव्वुर को जंजीरों में जकड़कर एनआईए टीम को सौंपा था। दिल्ली आते हुए उसकी बेड़ियां खोली गईं और कपड़े दिए गए। जब प्लेन से वह बाहर निकला तो दिल्ली की गर्मी पर कहा- वेरी हॉट।

### पर्यटकों का डेटा खंगाला

### सुरक्षा एजेंसियों को मिली थी ये जानकारी

*अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद तिहाड़ जेल भेजे गए मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा के आगरा में आकर ताजमहल देखने और पत्नी के साथ होटल में रुकने की जानकारी मिली थी। तब सुरक्षा एजेंसियों ने विदेशी पर्यटकों का डाटा खंगाला था। तब बालूगंज के कई होटलों में छानबीन की गई थी। एलआईयू के पुलिस लाइन के ऑफिस में भी विदेशी पर्यटकों का ब्योरा देखा गया था। तब तहव्वुर राणा और उसकी पत्नी के आगरा में ठहरने और ताजमहल देखने के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी थी। आज तक यह साफ नहीं हो सका कि मुंबई हमले से पहले राणा आगरा में क्यों आया था? ऐसे में कयास यह लगाए गए थे कि तहव्वुर राणा ने पहचान बदलकर आगरा में प्रवास किया होगा। अब उसके भारत में आने के बाद एनआईए सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में कुछ राज सामने आ सकते हैं।*

### तहव्वुर राणा का मेजर इकबाल से कनेक्शन

अमेरिका ने साजिद मिर की गिरफ्तारी के लिए 50 लाख डॉलर का इनाम रखा है। साल 2022 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र को एक ऑडियो सौंपा था, जिसमें मिर हमलावरों से बातचीत करता सुनाई देता है। एनआईए सूत्रों के अनुसार, तहव्वुर राणा पाकिस्तानी सेना की वर्दी पहनकर मेजर इकबाल से मिला था, जो एक संदिग्ध आईएसआई अधिकारी है। इकबाल पर हेडली की ओर से टोही मिशनों के लिए फंड देने, निगरानी रखने और निर्देश देने का आरोप है। रिपोर्ट में कहा गया कि हेडली ने 2010 में मृत्युदंड से बचने के लिए अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने उस व्यक्ति के साथ 20 से अधिक ईमेल शेयर करने का खुलासा किया, जिसे वह चौधरी खान के नाम से जानता था और जिसका मेजर इकबाल उपनाम था।

### मुंबई हमले से पहले आगरा आया था तहव्वुर राणा

मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा ने हमले से पहले आगरा में भी रेकी की थी। वह अपनी पत्नी के साथ आगरा आया था। बालूगंज के एक होटल में रुका था। सुरक्षा एजेंसियों ने वर्ष 2011 में रिकॉर्ड खंगाला था मगर पुख्ता साक्ष्य नहीं मिल सके थे।

## आतंकियों को दिया मुंहतोड़ जवाब, ऑपरेशन जारी

# सेना का जेसीओ शहीद, सुरक्षाबलों ने जैश के तीन आतंकी मार गिराए



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को एलओसी पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

### सेना ने शहीद जेसीओ को श्रद्धांजलि दी

*व्हाइट नाइट कोर ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, व्हाइट नाइट कोर और सभी सैनिक सूबेदार कुलदीप चंद की सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। वे आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए चलाए गए ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। वही जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।*


### पाकिस्तान की ओर से लगातार जारी है घुसपैठ

*इससे पहले 4 अप्रैल की रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी को मार गिराया था। 1 अप्रैल को एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर में सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। तब एलओसी से सटे इलाके में 3 धमाके और पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी हुई थी। दावा है कि घुसपैठियों की मदद करने के लिए ऐसा किया गया था।*

## राष्ट्रपति ट्रंप का एक और तुगलकी फरमान

# कभी भी पड़ सकती है प्रशासन को 'प्रूफ' दिखाने की जरूरत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अगर आने वाले वक्त में किसी भारतीय को अमेरिका में रहकर पढ़ाई या नौकरी करनी है। तो उसे चौबीसों घंटे अपने साथ वैध प्रवास का दस्तावेजी प्रमाण लेकर चलना पड़ेगा। क्योंकि इसके बिना पकड़े जाने पर कब दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क से आपको बाहर कर दिया जाएगा, पता ही नहीं चलेगा। जी हां, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने बीते शुक्रवार (11 अप्रैल) को इस संबंध में एक आदेश लागू कर दिया है। जिसमें अमेरिका में रह रहे प्रवासियों को 24 घंटे अपने साथ वैध प्रवास का प्रमाण लेकर रहना पड़ेगा। मूल रूप से ये आदेश अमेरिका की एक अदालत द्वारा अवैध प्रवासियों के दस्तावेजों के साथ पंजीकरण कराने और दस्तावेज साथ रखने के आदेश से जुड़ा हुआ है। जिसकी ट्रंप सरकार ने अपने कार्यकारी आदेश के जरिए अनुपालना शुरू की है। इसकी मदद से अवैध प्रवासियों के साथ-साथ उन लाखों लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सकेगी जो गलत तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन इसे अपने नागरिकों को बाहरी लोगों से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में उठाया गया कदम बता रहा है।

### नियमों न मानने वालों को राहत नहीं

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा अमेरिका में जो लोग वैध वीजा (काम, पढ़ाई) या ग्रीन कार्ड के साथ रह रहे हैं। उन्हें फार्म-जी-325 आर के साथ पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्योंकि वह पहले से ही अमेरिकी प्रशासन के रिकॉर्ड में पंजीकृत हैं। लेकिन उन्हें हमेशा वैध प्रवास के दस्तावेज अपने साथ लेकर रहना पड़ेगा और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को उन्हें दिखाना भी पड़ेगा। नियम न मानने वालों को कोई राहत प्रदान नहीं की जाएगी।

### पंजीकरण से पुख्ता होगी उपस्थिति

पंजीकरण से अमेरिका में रहने का रास्ता साफ नहीं होगा। केवल अमुक व्यक्ति की मौजूदगी के बारे में प्रशासन को जानकारी रहेगी। किसी व्यक्ति के पास वैध दस्तावेज नहीं होंगे तो उसे उसके देश में वापस भेजा जाएंगा। पंजीकरण फार्म में अमुक व्यक्ति और उसके परिवार का पता और व्यक्तिगत जानकारी प्रवास की स्थिति के साथ देनी होगी।

### प्रभावित होंगे 54 लाख भारतीय?

जानकारों की राय में अमेरिका में भारतीय कामगारों की कुल अनुमानित संख्या 54 लाख है। इनमें 3 लाख 31 हजार 602 छात्र, 20 लाख 77 हजार 158 प्रवासी और 33 लाख 31 हजार 904 पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजन हैं। ट्रंप प्रशासन के नए आदेश से यह लोग भी प्रभावित होंगे। अमेरिका प्रवास के दौरान छात्रों और कामगारों द्वारा एच1बी वीजा और ग्रीन कार्ड का प्रयोग किया जाता है। वहीं, एलियन रजिस्ट्रेशन रिक्वायरमेंट एक्ट 1940 (एआरआर) के तहत अमेरिका में प्रवासियों का पंजीकरण अनिवार्य है।

## दोनों देशों ने रक्षा और उच्च तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर दी सहमति

# 'आईएमईईसी' के क्रियान्वयन के लिए साथ मिलकर काम करेंगे भारत-इटली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इटली ने संकल्प जताते हुए यह तय किया है कि वो रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और उच्च तकनीक जैसे क्षेत्रों के साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के क्रियान्वयन के लिए एकजुटता से काम करेंगे।

दोनों देशों की इस कवायद का संबंध संयुक्त सामरिक कार्य योजना (जेएसएपी) 2025-29 से है। यह जानकारी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी की बीते 11 अप्रैल को नई दिल्ली में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के निष्कर्ष के रूप में निकलकर सामने आई है। जिसके



बारे में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया। इतालवी मंत्री बीते शुक्रवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उनकी यह बैठक भी इसी का हिस्सा थी। उधर, जेएसएपी की घोषणा पिछले साल नवंबर में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने संयुक्त रूप से की थी।

### द्विपक्षीय, क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

जयशंकर-ताजानी की बातचीत में भारत और इटली के द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की गई। साथ ही दोनों ने सामरिक भागीदारी को ठोस परिणामों के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। सहयोग के दायरे में जेएसएपी सहित व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और लोगों के संबंध जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। मंत्रालय ने दोनों विदेशों मंत्रियों ने अपनी वार्ता में सहयोग की असीम संभावनाओं वाले अन्य क्षेत्रों जैसे कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर, टेलीकॉम, डिजिटल तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, शिक्षा और युवाओं, व्यवसायियों की गतिशीलता मुख्य हैं।

तंजानिया की पांच दिवसीय यात्रा पर नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी

# आज से होगी अफ्रीका महाद्वीप के देशों संग 'अकेयम' युद्धाभ्यास की शुरुआत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत समेत अफ्रीका महाद्वीप के कुल 9 देशों की नौसेनाओं के बीच रविवार से छह दिवसीय अकेयम (अफ्रीका-इंडिया की मेरीटाइम इंगेजमेंट ऑफ दार-एस-सलाम) संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। जिसमें शामिल होने के लिए नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शनिवार को तंजानिया रवाना हो गए।

इस वर्ष अकेयम युद्धाभ्यास का पहला संस्करण है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धाभ्यास का संस्कृत भाषा में अर्थ एकता होता है और उसमें भारत, कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण-अफ्रीका की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ भाग लेंगी। अकेयम के सह-मेजबानों में भारत और तंजानिया दोनों देश शामिल हैं।



### रक्षा राज्य मंत्री करेंगे शिरकत

अकेयम युद्धाभ्यास बंदरगाह और समुद्री जैसे दो चरणों में पूरा होगा। इसमें बंदरगाह चरण में आयोजित किए जाने वाले उद्घाटन और स्वागत समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तंजानिया के रक्षा मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना की तरफ से युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए उसका जंगी डिस्ट्रॉयर 'आईएनएस चेन्नई' और लैंडिंग शिप टैंक 'केसरी' 10-11 अप्रैल को दार-एस-सलाम पहुंच गए थे। इसके अलावा बीते 5 अप्रैल को हिंद महासागर जहाज 'सागर' के रूप में कारवार से रवाना हुआ बल का अपतटीय गश्ती जहाज आईएनएस सुनयना भी इस युद्धाभ्यास में भागीदारी करेगा।

## ऑपरेशन ब्रह्मा : राजदूत अभय ठाकुर ने 15 टन चावल, तेल सहित अन्य सामग्री सौंपी

# भारत ने म्यांमार में भूकंप प्रभावित प्रवासियों को भेजी और सामग्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून में एक समुदाय राहत समूह को 15 टन चावल, खाना पकाने का तेल और अन्य खाद्य सामग्री और सौंपी। वहीं, भारत के मंडले स्थित वाणिज्य दूतावास ने अंबिका मंदिर की रसोई के लिए जनरेटर, पानी शुद्ध करने वाली मशीन और तेल भेजा। यह रसोई हर दिन लगभग 4000 लोगों को भोजन प्रदान करती है।

इसके अलावा, म्यांमार के सबसे अधिक प्रभावित शहर मंडले में भारतीय सेना द्वारा बनाए गए फील्ड अस्पताल में अब तक 1,651 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। केवल 9 अप्रैल को ही 281 लोगों का इलाज हुआ और कई सर्जरी भी की गईं।

*म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद भारत ने वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों की मदद के लिए बड़ा कदम उठाया है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत ने म्यांमार के यांगून क्षेत्र में भारतीय समुदाय को जरूरी राहत सामग्री भेजी है।*

### खास बातें

- रसोई के लिए जनरेटर, पानी शुद्ध करने वाली मशीन भेजी
- भारतीय सेना ने बनाए फील्ड अस्पताल में 1,651 मरीजों का इलाज किया जा चुका है

### कुल 625 टन राहत सामग्री म्यांमार को भेजी



भारत ने अब तक कुल 625 टन राहत सामग्री म्यांमार को भेजी है, जिसमें 442 टन की हालिया खेप भी शामिल है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 80 सदस्यीय टीम और चार प्रशिक्षित खोजी कुत्तों को भी राहत और बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है।

### अब तक भूकंप में 3,645 लोगों की मौत हो चुकी है

*सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप में अब तक 3,645 लोगों की मौत हो चुकी है, 5,017 घायल हैं और 148 लोग अब भी लापता हैं। भूकंप ने म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ समेत छह राज्यों और क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बिजली, फोन और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए हैं, जिससे स्थिति का पूरी तरह से आकलन करना मुश्किल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक यह आपदा म्यांमार में पहले से जारी गृहयुद्ध के कारण पहले से ही खराब मानवीय संकट को और अधिक गंभीर बना रही है। वहां पहले ही तीन मिलियन से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं और करीब 20 मिलियन लोगों को किसी न किसी तरह की मदद की जरूरत है।*




# डब्लूटीसी : अंक प्रणाली में बदलाव पर सहमत हो सकता है आईसीसी

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अगले चक्र से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक प्रणाली में बड़े बदलावों पर सहमत हो सकता है जबकि सप्ताहांत में जिम्बाब्वे में बैठकों के दौरान टेस्ट क्रिकेट को दो स्तर में विभाजित करने के विवादास्पद प्रस्ताव को स्थगित करने की संभावना है। शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

खेल की वैश्विक संचालन संस्था लंबे समय से जीत के अंतर के आधार पर बोनस अंकों की एक नई प्रणाली पर विचार कर रही है जैसी रग्बी यूनियन में उपयोग की जाती है। इसमें विरोधी टीम की ताकत के आधार पर जीत के लिए अंक दिए जाते हैं और विरोधी के मैदान पर जीत के लिए अतिरिक्त अंक मिलते हैं। यह बैठकों की श्रृंखला के दौरान चर्चा का एक बड़ा मुद्दा हो सकता है।

जीत के अंतर के आधार पर बोनस अंकों की नई प्रणाली पर विचार




### मौजूदा अंक प्रणाली

मौजूदा डब्ल्यूटीसी प्रणाली समान संख्या में अंक प्रदान करती है जिसमें जीत के लिए 12, टाई के लिए छह और ड्रॉ के लिए चार अंक दिए जाते हैं जिससे असंतोष पैदा हुआ है कि क्रिकेट के 'बिग थ्री' भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को 'एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के कारण नुकसान होता है।'

### दक्षिण अफ्रीका की उपलब्धि से नाराजगी

रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस साल के फाइनल में पहुंचने में दक्षिण अफ्रीका की उपलब्धि ने कुछ नाराजगी पैदा की क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले बिना ऐसा किया। वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीतने, भारत के खिलाफ ड्रॉ और भारत में हार के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार फाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त अंक हासिल किए।'

### ओवर गति जुर्माने पर चर्चा

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ओवर गति जुर्माने के मुद्दे पर भी चर्चा होगी। रिपोर्ट में कहा गया, 'मौजूदा सत्र में नौ में से छह टीम को धीमे खेल के लिए जुर्माने का सामना करना पड़ा है जिसमें इंग्लैंड को सबसे अधिक नुकसान हुआ। उन्होंने अपने अभियान में 22 अंक गंवाए और 41.5 के अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर रहे। हालांकि इस अवधि के दौरान उनका जीत प्रतिशत 51.5 रहा जो फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ है।'

### टेस्ट दो स्तर में नहीं होगी विभाजित

रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी फिलहाल टेस्ट क्रिकेट को दो स्तर में विभाजित करने की योजना को रोक सकता है और एकल लीग डब्लूटीसी प्रारूप को जारी रख सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दो स्तर के प्रस्ताव पर मतदान नहीं होगा।' इसमें कहा गया है कि आईसीसी को दो स्तरीय प्रणाली के खेल और वित्तीय प्रभावों को समझने के लिए और समय चाहिए और यह प्रस्ताव 2027-2029 डब्ल्यूटीसी चक्र से पहले एजेंडे में हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, 'अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे को डब्ल्यूटीसी में जोड़कर छह टीम के दो डिविजन के विस्तार करने के बजाय 2027 तक चलने वाला अगला सत्र अपने मौजूदा नौ टीम के प्रारूप को बनाए रखेगा।'

## लखनऊ के नवाबों ने रोका गुजरात का विजय रथ

# सुपर जायंट्स की चौथी जीत



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपरजायंट्स ने शनिवार को आईपीएल-2025 में गुजरात टाइटंस को छह विकेट से मात देकर उसके विजयी रथ को रोक दिया। यह लखनऊ की लगातार तीसरी और ओवरऑल चौथी जीत है। गुजरात जायंट्स छह विकेट पर 180 रन बना सका। लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायंट्स के लिए निकोलस पूरन ने 61 रन और एडेन मारक्रम ने 58 रन की पारी खेली। टाइटंस को इस तरह चार जीत के बाद हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की सुदर्शन (56 रन) ने सत्र का अपना चौथा अर्धशतक लगाया और गिल (60 रन) के साथ मिलकर बड़े स्कोर के लिए मंच तैयार किया। लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और तीन विकेट चटकाकर स्कोरिंग गति पर ब्रेक लगा दिया। पहले विकेट के लिए सत्र की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी के बाद मेहमान टीम आखिरी आठ ओवरों में सिर्फ 60 रन ही बना सकी।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का पूरन बो बिश्नोई | 56 | 37 | 7 | 1 |
| गिल का मारक्रम बो आवेश | 60 | 38 | 6 | 1 |
| बटलर का ठाकुर बो राठी | 16 | 14 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर बो बिश्नोई | 02 | 03 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड पगबाधा बो ठाकुर | 22 | 19 | 3 | 0 |
| शाहरूख खान नाबाद | 11 | 06 | 0 | 1 |
| तेवतिया का मारक्रम बो ठाकुर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राशिद खान नाबाद | 04 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 180/6
गेंदबाजी : शार्दुल 4-0-34-2, आकाशदीप 3-0-33-0, राठी 4-0-30-1, आवेश 4-0-32-1, बिश्नोई 4-0-36-2, मारक्रम 1-0-15-0.

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का गिल बो कृष्णा | 58 | 31 | 9 | 1 |
| पंत का सुंदर बो कृष्णा | 21 | 18 | 4 | 0 |
| पूरन का शाहरूख बो राशिद | 61 | 34 | 1 | 7 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 28 | 20 | 2 | 1 |
| डेविड मिलर बो सुंदर | 07 | 11 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 19.3 ओवर में 186/4
गेंदबाजी : सिराज 4-0-50-0, अरशद 2-0-11-0, कृष्णा 4-0-26-2, राशिद 4-0-35-1, सुंदर 4-0-28-1, किशोर 1.3-0-35-0.

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
349 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : सनराइजर्स के नाम रहा इतिहास का दूसरा सबसे सफल रन चेज

# अभिषेक का रिकॉर्ड शतक, हैदराबाद की दूसरी जीत, पंजाब को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के बड़े स्कोर वाले मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा। पंजाब के 246 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने 18.3 ओवर में दो विकेट पर 247 रन बनाकर जीत दर्ज की। आईपीएल के इतिहास का ये दूसरा सबसे सफल रन चेज रहा। अभिषेक का यह शतक आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। पंजाब ने इससे पहले कप्तान श्रेयस अय्यर की 82 रन की पारी से छह विकेट पर 245 रन बनाए थे।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 256.36 की स्ट्राइक रेट से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 55 गेंदों पर 141 रन ठोक दिए। अपनी इस पारी में शर्मा ने 14 चौकों के साथ ही 10 छक्के भी ठोक दिए। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 171 रनों की पार्टनरशिप हुई। हेड ने 37 गेंदों का सामना किया और 66 रन बनाए। हेड ने 9 चौकों के साथ ही 3 छक्के भी लगाए। हेनरिक क्लासेन नाबाद 21 और ईशान किशन 9 रन बनाकर नाबाद रहे।




### सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

| रन | खिलाड़ी | वर्ष |
|---|---|---|
| 175* | क्रिस गेल | 2013 |
| 158* | बी मैकुलम | 2008 |
| 141 | अभिषेक शर्मा | 2025* |
| 140* | क्विंटन डी कॉक | 2022 |
| 133* | एबी डिविलियर्स | 2015 |

### अभिषेक का पर्ची सेलिब्रेशन

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाजी अभिषेक शर्मा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ तूफानी शतक लगाया। अपने पहले शतक के लिए उन्होंने उन्होंने 40 गेंदों का सहारा लिया। शतक के बाद अभिषेक ने सेलिब्रेशन के लिए अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने सेंचुरी जड़ने के बाद जेब से पर्ची निकाली और सभी को दिखाई। इसके बाद से ही फैंस के मन में सवाल उठने लगा है कि आखिरी इस पर्ची पर क्या लिखा था। अभिषेक ने जिस पर्ची को दिखाया उस पर लिखा था, 'यह शतक ऑरेंज आर्मी के लिए है।'

### अय्यर का अर्धशतक

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर (82) ने निहाल वढेरा (27) के साथ तीसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी भी की। प्रभसिमरन सिंह (42) और प्रियांश आर्य (36) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 24 गेंद में 66 रन जोड़कर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 34) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेलकर टीम का स्कोर 240 रन के पार पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का नितीश बो हर्षल | 36 | 13 | 2 | 4 |
| प्रभसिमरन का कमिंस बो ईशान | 42 | 23 | 7 | 1 |
| अय्यर का हेड बो हर्षल | 82 | 36 | 6 | 6 |
| वढेरा पगबधा बो ईशान | 27 | 22 | 2 | 1 |
| शशांक पगबधा बो हर्षल | 02 | 03 | 0 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो हर्षल | 03 | 07 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस नाबाद नाबाद | 34 | 11 | 1 | 4 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 05 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 245/6
गेंदबाजी : शमी 4-0-75-0, कमिंस 4-0-40-0, हर्षल 4-0-42-4, ईशान 4-0-45-2, जीशान 4-0-41-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का मैक्सवेल बो चहल | 66 | 37 | 9 | 3 |
| अभिषेक का स्था. बो अर्शदीप | 141 | 55 | 14 | 10 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 21 | 14 | 2 | 1 |
| इशान किशन नाबाद | 09 | 09 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 18.3 ओवर में 247/2
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-37-1, यानसेन 2-0-39-0, यश 2.3-0-40-0, मैक्सवेल 3-0-40-0, फर्ग्युसन 0.2-0-1-0, स्टोइनिस 0.4-0-6-0, चहल 4-0-56-1, शशांक 2-0-27-0.

### सॉल्ट-कोहली के सामने आज आर्चर की चुनौती




**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें रविवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जीत की राह पर लौटने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी तो सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों टीमों को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। उनकी तेज रफ्तार गेंदें पिछले दो मैचों से कहर बरपा रही हैं।

### रोहित और राहुल पर होगी निगाह



**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा रविवार को यहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में रिपफों की कड़ी चुनौती से पार पाकर आईपीएल में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास करेंगे। रोहित जहां रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं वहीं मुंबई की टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अपने प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दिल्ली के कुशल बल्लेबाज के एल राहुल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।

### खबर संक्षेप



#### समझ होने के कारण स्पिनर को उतारा

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और मोईन अली के कारण एक अतिरिक्त स्पिनर को मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया। केकेआर का यह फैसला आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ तथा उसके स्पिनरों सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और मोईन अली ने टीम की आठ विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। डिकॉक ने कहा कि मैच आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गया था।

#### चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी है जो मौजूदा समय की जरूरत के मुताबिक नहीं खेल पा रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई की टीम को शुक्रवार को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हराया। चेन्नई ने इस दिन अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर बनाने के बाद हम मैचों में लगातार पांचवीं हार का सामना किया।



#### एशियाई कप 2031 की दावेदारी का समर्थन



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी करने की भारत की इच्छा के लिए सरकार का पूरा समर्थन देते हुए शनिवार को कहा कि प्रमुख प्रतियोगिताओं की मेजबानी से देश का वैश्विक कद बढ़ेगा जिसका लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन करना है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने 31 मार्च की समय सीमा से पहले महाद्वीप के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के 2031 सत्र की मेजबानी के लिए इच्छा पत्र सौंपा है जिसकी घोषणा शुक्रवार को की गई।

## मोंटे कार्लो मास्टर्स

# अल्कराज की संघर्षपूर्ण जीत गत चैंपियन सिटसिपास बाहर




एजेंसी ▶▶| मोनाको

कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन गत चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास हारकर बाहर हो गए।


दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज को क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहला सेट गंवाने के बाद वह दूसरे और तीसरे सेट में भी पीछे चल रहे थे लेकिन आखिर में ढाई घंटे तक चले मैच में 4-6, 7-5, 6-3 से जीत हासिल करने में सफल रहे।

अल्कराज पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका मुकाबला स्पेन के हमवतन खिलाड़ी और 2022 के उपविजेता एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। डेविडोविच फोकिना ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-3, 6-2 से हराया।

सिटसिपास का इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है लेकिन लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद उनकी लय एकदम से गड़बड़ा गई। सिटसिपास 2021, 2022 और 2024 में मोंटे कार्लो चैंपियन रहे हैं और उनका मुसेटी के खिलाफ 5-0 का शानदार रिकॉर्ड था। उन्होंने शुक्रवार को पहला सेट 6-1 से जीता। मुसेटी ने हालांकि आखिरी दो सेट 6-3, 6-4 से जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा, जो ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-0, 6-0 से हराकर तीन साल में पहली बार किसी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

### एमपी, मणिपुर, पंजाब सेमीफाइनल में पहुंचे

झांसी। मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब ने शनिवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई। दिन के पहले मैच में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को शूट आउट में 4-2 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल का नतीजा भी शूट आउट में निकला जिसमें मणिपुर ने शूट आउट में तमिलनाडु पर 4-1 से जीत दर्ज की। दोनों टीम के बीच नियमित समय में मुकाबला गोल रहित ड्रॉ रहा था। तीसरे मैच में पंजाब ने हरियाणा को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



### आडवाणी ने डब्लूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे दिग्गज क्यू खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्लूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंद्रह चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कालों में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की।

# फुटबॉल के विकास में अधिक टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शनिवार को एशियाई फुटबॉल परिसंघ कांग्रेस को दिए एक वीडियो संदेश में दुनिया भर में फुटबॉल के विकास में विस्तारित टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की। इन्फेंटिनो इस वर्ष के क्लब विश्व कप के मेजबान अमेरिका से मलेशिया के कुआलालंपुर में एकत्रित एएफसी के 46 सदस्य संघों को संबोधित किया। इस क्लब विश्व कप का आयोजन जून और जुलाई में होगा जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी।

फीफा प्रमुख ने कहा, 'अलग-अलग महाद्वीपों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका ज्यादा नहीं मिलता है। हम लंबे समय से इस तरह का बदलाव करना चाहते थे।' क्लब विश्व कप में एशिया चार टीम करेंगी। इसमें संयुक्त अरब




अमीरात की अल-ऐन, सऊदी अरब की अल-हिलाल, दक्षिण कोरिया की उल्सान एचडी और जापान की उरावा रेड्स शामिल है। इन्फेंटिनो ने कहा, '1930 के बाद से अब तक हुए सभी फीफा विश्व कप में जितने खिलाड़ी शामिल हुए हैं, उससे कहीं ज्यादा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे।'

### बैसोया ने जीता इंडोरामा वेंचर्स ओपन चैंपियनशिप

**अहमदाबाद।** दिल्ली के सचिन बैसोया ने शनिवार को यहां इंडोरामा वेंचर्स ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार अंडर 68 का कार्ड खेला और प्लेऑफ में पुणे के उदयन माने को पछाड़कर यादगार जीत दर्ज की। बैसोया (68-71-70-68) ने आखिरी दिन शानदार खेल दिखाया। वह तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर काबिज माने से सात शॉट पीछे संयुक्त पांचवें पायदान पर थे। 34 माने आखिरी दौर में 75 का खराब कार्ड खेला जिससे उनका और बैसोया का कुल स्कोर एक समान 11 अंडर 277 हो गया। प्लेऑफ होल (पार-4 18वें) में 29 साल के बैसोया ने बेहतर प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। बैसोया को इस जीत से 30 लाख रुपए का चेक मिला, जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 11वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

## एक दशक से भी अधिक समय से लागू है दो नई गेंद का नियम

# वनडे में दो गेंद के नियम में बदलाव कर सकता है आईसीसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों के दबदबे को लेकर चली आ रही चिंता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद 50 ओवर के प्रारूप में दो गेंद के इस्तेमाल के नियम में बदलाव कर सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। दो नई गेंद का नियम एक दशक से भी अधिक समय से लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा।

### तीन नियमों में बदलाव

आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया, 'आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। एक दिवसीय क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए 'क्लॉक टाइमर' (टाइमर घड़ी) का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना।'



### बल्लेबाजों को मिलता है लाभ

अभी वनडे में दो नई सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नई गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है। क्षेत्ररक्षण पाबंदी (30 गज के घेरे के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षक) के कारण बल्लेबाजों को गेंदबाजों पर अनुचित लाभ मिलता है। यहां तक कि महान सचिन तेंदुलकर ने भी अकसर दो नयी गेंदों से रन बनाने पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात की है।

### ऐसे होगा सरलीकरण

ऐसी संभावना है कि 25वें ओवर तक दो गेंद का उपयोग किया जा सकता है और उसके बाद गेंदबाजी करने वाली टीम को मैच पूरा करने के लिए दो गेंद में से एक को रखने का विकल्प दिया जाएगा। 'टाइमर क्लॉक' के मामले में ओवरों के बीच 60 सेकंड का समय देने और एक दिन में 90 ओवर पूरे करने के लिए समय सीमा तय करने की सिफारिश की गई है। धीमी ओवर गति का नियम टी20 के लिए पहले से ही लागू है जिसमें समय से पीछे चल रही टीम को 19वें ओवर की समाप्ति के बाद सर्कल के भीतर एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक लाने की आवश्यकता होती है।

### अंडर-19 विश्व कप को 50 ओवर का करने पर विचार

आईसीसी इस बात पर भी विचार करेगा कि अंडर-19 पुरुष विश्व कप को मौजूदा 50 ओवर के प्रारूप से टी20 प्रारूप में आयोजित करने की जरूरत है या नहीं। आईसीसी टूर्नामेंट को छोड़कर 50 ओवर की द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खत्म हो रही है। आयु वर्ग के स्तर पर टी20 विश्व कप का मतलब है कि अब उन सभी देशों के लिए एक बड़ा 'टैलेंट पूल' उपलब्ध है जिनके यहां अब फ्रेंचाइजी लीग चल रही हैं। अगला अंडर-19 विश्व कप जिम्बाब्वे में आयोजित किया जाएगा।



# सेलिब्रिटी नाइट में बॉलीवुड गायक अर्जुन कानूनगो ने बिखेरा संगीत का जादू

## आरएनटीयू के एनुअल फेस्ट रिदम 2के 25 में संगीत संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव रिदम 2के 25 के पंद्रहवें संस्करण के अंतर्गत आयोजित सेलेब्रिटी नाइट में बॉलीवुड के प्रख्यात गायक अर्जुन कानूनगो ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। विश्वविद्यालय परिसर संगीत की धुनों और दर्शकों की तालियों से गूंज उठा, जब अर्जुन कानूनगो ने मंच पर कदम रखा और अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी।

### अर्जुन की प्रस्तुति ने रिदम 2के25 को बनाया यादगार

सेलेब्रिटी नाइट के दौरान जब मंच पर अर्जुन कानूनगो ने प्रवेश किया, तो छात्रों और दर्शकों के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया। उनकी प्रस्तुति की शुरुआत उनके सुपरहिट गीत एक दफा से हुई, जिसने माहौल को रोमांटिक और भावनात्मक रंग में रंग दिया। इसके बाद फुर्सत, बाकी बातें पीने बाद, आया ना तू और ला ला ला जैसे लोकप्रिय गीतों के जरिए उन्होंने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



### हर गाने के साथ बजी तालियां

हर गाने के साथ दर्शकों की तालियां और सीटिंया गूंजती रहीं और पूरा प्रांगण एक लाइव कॉन्सर्ट के माहौल से सराबोर हो गया। अर्जुन ने न केवल गाया बल्कि दर्शकों से संवाद करते हुए उनकी ऊर्जा को लगातार बनाए रखा। उन्होंने मंच से बार-बार छात्रों की सराहना की और विश्वविद्यालय के आयोजन की तारीफ की।लाइव बैंड और लाइट शो के साथ उनकी परफॉर्मेंस ने संगीतमय शाम को यादगार बना दिया।



---

### बीएसएसएस के लिए यादगार अवसर

# बीएसएसएस में तीन साहित्यिक कृतियों का किया गया अनावरण



### कलात्मक योगदानों की जीवंत टेपेस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा जब उसने तीन महत्वपूर्ण प्रकाशनों का अनावरण किया। पहला विमोचन, क्रिएटिव एक्सप्रेशंस - वॉल्यूम का रहा, जो शिक्षा विभाग की एक वार्षिक पत्रिका है, जिसका संपादन सिस्टर रोहिणी जाधव ने किया है। यह कलात्मक और बौद्धिक योगदानों की जीवंत टेपेस्ट्री है।

### वीरता और प्रतिरोध की कहानियों पर प्रकाश

दूसरा प्रकाशन स्वतंत्रता संग्रामः भूले हुए अध्याय, डॉ फादर जॉन पीजे, डॉ. विभा राठौड़ और जीशान ए सिद्दीकी द्वारा संपादित है जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, विशेष रूप से मध्य प्रदेश के हृदय स्थल से, वीरता और प्रतिरोध की कम-ज्ञात कहानियों पर प्रकाश डाला गया है। तीसरी पुस्तक डॉ रंजीत कौर और डॉ. संगीता महाशब्दे द्वारा संपादित रूट्सः ए मायरीड ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी नैरेटिव्स का विमोचन, जो हाल ही में एक अकादमिक सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों का आकर्षक संकलन है।

---

### 10वें नृत्य आंगन राष्ट्रीय महोत्सव में दो भव्य प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

# 'हनुमंत कथा' और 'नमामि देवी नर्मदे' की प्रस्तुति ने छोड़ी अमिट छाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कलान्धिका नृत्य नाट्य संस्था समिति द्वारा शहीद भवन में आयोजित 10वां नृत्य आंगन राष्ट्रीय महोत्सव में दो भव्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमें प्रथम प्रस्तुति 'हनुमंत कथा' की रही वहीं दूसरी प्रस्तुति में 'नमामि देवी नर्मदे' की गाथा को सुनाया गया। नृत्य से सजी इस सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को भक्ति, परंपरा और भारतीय सांस्कृतिक गौरव से अनुप्राणित कराया। जहां कथक नृत्य के माध्यम से हनुमान चालीसा की जीवंत व्याख्या राखी दुबे के निर्देशन एवं मांडवी अजय अरुणकर के सह-निर्देशन में साकार होती दिखी। इस प्रस्तुति से पहले गणेश वंदना गाईये गणपति गज वंदन की प्रस्तुति खास रही, जिसमें ताल, लय, भाव और गति की सशक्त अभिव्यक्ति देखने को मिली। इसके बाद शुद्ध कथक के विविध पक्षों को मंच पर साकार किया।



### भावनात्मक, आध्यात्मिक अनुभव देती हनुमंत कथा

कथक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। यह एक भावनात्मक, लयात्मक एवं आध्यात्मिक नृत्य प्रस्तुति रही, जिसमें भगवान हनुमान के अद्भुत पराक्रम, भक्ति और श्रद्धा को कथक की गत-भंगिमा, भावाभिनय और तालों के माध्यम से मंच पर सजीव किया गया।



### नाट्यमय शैली में दिखाई मां नर्मदा की दिव्य उत्पत्ति

वहीं, अगली कड़ी में नमामि देवी नर्मदे आध्यात्मिक नृत्य नाटिका में मां नर्मदा की जीवन यात्रा दर्शाई गई, जिसमें हरीश शर्मा का निर्देशन एवं सहनिर्देशन इशिता जैन का रहा। नर्मदा पुराण एवं शिव पुराण पर आधारित इस प्रस्तुति को कथा के रूप में दर्शाया।

---

### प्रिंसिपल्स, स्टेकहोल्डर्स ने लिया भाग

# टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल में बताया पॉश और पॉक्सो में अंतर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- प्राचार्य डॉ. जेबा ने प्रिंसिपल्स, शिक्षकों, विद्यालय कर्मचारियों को पॉश विषय की दी जानकारी

टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल ने एक आदर्श प्रस्तुत किया है, जिसमें विद्यालय ने पॉश ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल्स, स्टेकहोल्डर्स और शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज़ेबा खान ने सभी उपस्थित प्रिंसिपल्स, शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों को पॉश की विषय में जानकारी दी और पॉश और पॉक्सो में अंतर समझाया। शिखा छिब्बर, जो क्रिमिनल लॉ एक्सपर्ट हैं, ने पॉश एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसके इम्प्लीमेंटेशन के बारे में बताया। उन्होंने कई उदाहरण प्रस्तुत किए ताकि सभी को आसानी से समझ में आ जाए।

---

# यह शोध सम्मेलन न केवल अतीत का स्मरण है, बल्कि एक वैचारिक नींव भी है: मंत्री कृष्णा

## निटर में शोध सम्मेलन का समापन, 5 विषयों पर 120 शोध पत्रों की शोधार्थियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का समापन शनिवार को हुआ। इसका विषय लोकमाता अहिल्याबाईः राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना था। जिसके तहत 5 विषयों पर 120 शोध पत्रों की देश भर से आए विद्वानों और शोधार्थियों ने प्रस्तुति दी।

समापन सत्र की मुख्य अतिथि कृष्णा गौर राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश शासन रहीं। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन समर्पण को संबोधित करते हुए कहा कि यह शोध सम्मेलन न केवल हमारे समृद्ध अतीत का स्मरण है, बल्कि यह एक वैचारिक नींव है, जो



भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी। लोकमाता अहिल्याबाई ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर शासन करते हुए भारतीय प्रशासनिक आदर्शों को नया स्वरूप दिया।

### बौद्धिक परंपरा के साथ छल हुआ

मुख्य वक्ता दीपक विस्पुते ने कहा कि शोधार्थी केवल वही न पढ़ें जो पाठ्यक्रम में है, बल्कि विषय के मूल में जाकर चिंतन करें, स्वतंत्र शोध करें। भारत की बौद्धिक परंपरा के साथ अतीत में जो छल हुआ है, उसे शोध और विचार के माध्यम से पुनः उजागर किया जाना चाहिए। उनके शासनकाल में मंदिरों का पुनर्निर्माण, धार्मिक स्थलों का संरक्षण, लोक-शिक्षा का विस्तार और समाज कल्याण के कार्यों को बहुत अधिक महत्व दिया गया।

---

# मैनिट के एलुमनाई ने निकाली जल संरक्षण पर पदयात्रा, दिया जागरुकता का संदेश

## 1995-96 बैच ने संकाय और छात्रों के साथ मिलकर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के एक सराहनीय प्रयास में, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 1995-96 के एलुमनाई ने जल प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र, मैनिट और छात्रों के सहयोग से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में जागरुकता पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा का उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण और स्थाई जल उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में जनता को जागरुक करना था। मैनिट के संकाय सदस्य डॉ. विकास पूनिया ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।



---

**भोपाल**

### लाड़ली बहना योजना पर दुष्प्रचार करती रही है कांग्रेसः चतुर्वेदी



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने लाड़ली बहना योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना अपनी शुरुआत के समय से ही कांग्रेसियों की आंखों में खटकती रही है और वे इसके खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी हथकंडों पर नहीं, बल्कि जनहित की योजनाओं पर विश्वास करती है। मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी भारतीय जनता पार्टी ने जनता से जो भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी सिर्फ झूठे वादों पर विश्वास करती है। कांग्रेस पार्टी अपने झूठे वादों से मध्यप्रदेश की जनता और भोले-भाले किसानों को ठग चुकी है। इसके अलावा कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भी उसने जनता से जो वादे किए थे, उनके पूरे होने का जनता अभी भी इंतजार कर रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चतुर्वेदी ने कहा कि योजना की लोकप्रियता से घबराई कांग्रेस पार्टी लगातार इसके खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है।

# तेज रफ्तार कार पलटकर खंती में गिरी, मैकेनिक की मौत

## वाहन का ट्रायल लेने निकले थे मेकेनिक और हेल्पर, टर्न करते समय हुआ दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अरवलिया जोड़ तिराहा पर गौशाला के पास गत 9 अप्रेल की रात तेज रफ्तार कार पलटकर खंती में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार मैकेनिक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा हेल्पर घायल है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रिहान अली पिता राशिद अली (18) परेवाखेड़ा ईटखेड़ी में रहता था और चौरसिया ढाबा के पास बायपास पर अदनान भाई के कार गैरेज में काम करता था। अदनान के गैरेज के सामने एक अन्य गैरेज है। उक्त गैरेज के सामने दूसरे गैरेज में शाहिद पिता अली (21) निवासी गरम गड्ढा, थाना स्टेशन बजरिया काम करता है। शाहिद के गैरेज पर आई-20 कार रिपेयरिंग के लिए आई थी। कार का काम पूरा हो गया। रात करीब 11 बजे शाहिद कार लेकर अदनान के गैरेज पहुंचा। उसने रिहान से कहा कि चलो कार का ट्रायल लेकर आते हैं। राशिद के कहने पर रिहान उसके साथ कार में बैठ गया। कार शाहिद चला रहा था। दोनों कार का ट्रायल लेने बायपास पर अरवलिया जोड़ तक पहुंच गए। वहां तिराहा पर राशिद ने गौशाला के पास तेज रफ्तार में कार को टर्न कर दिया। रफ्तार तेज होने के कारण कार पलट गई और पलटी खाकर सड़क किनारे बनी खंती में गिर गई।

### अनहोनी की आशंका पर पहुंचा अदनान

अदनान ने पुलिस को बताया कि गैरेज बंद करने के बाद वह घर जाने की तैयारी में थे, तभी सामने गैरेज में काम करने वाला शाहिद कार लेकर पहुंच गया। वह रिहान को कहने लगा कि चलो कार का ट्रायल लेकर आते हैं। अदनान ने रिहान को जाने के लिए भी मना किया था, लेकिन शाहिद मानने को तैयार नहीं था। वह कहने लगा कि अभी पांच मिनट के अंदर ट्रायल लेकर लौटते हैं। लिहाजा रिहान उसके साथ कार में बैठ गया। करीब बीस मिनट बाद भी रिहान और शाहिद नहीं लौटे तो अदनान उन्हें देखने के लिए अरवलिया जोड़ तक गए थे। इस दौरान पता चला कि कार खंती में पड़ी है। उन्होंने लोगों की मदद से रिहान और शाहिद को कार से बाहर निकाल निजी अस्पताल पहुंचाया था। वहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह रिहान की मौत हो गई। हादसे में राशिद को मामूली चोट है।

### राजपाल टोयटा प्रबंधन पर 20 हजार का फाइन

# डैम के पास लापरवाहीपूर्वक फेंका कचरा टीम ने वसूल लिया बीस हजार का जुर्माना

## कचरा जलाने पर स्टेट बैंक प्रबंधन से वसूला 6 हजार रुपए का जुर्माना

भोपाल। शहर की सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक जगहों और डेम-तालाबों के आसपास कचरा, गंदगी फैलाने और कचरा जलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसी के तहत शनिवार को नगर निगम की टीम ने कलियासोत डेम के किनारे कचरा फेंकने और स्टेट बैंक प्रबंधन द्वारा कचरा जलाने पर जुर्माना लगाया है। निगम के अमले ने शनिवार को कलियासोत डेम के पास कचरा फेंकने वाले राजपाल टोयटा प्रबंधन पर 20 हजार रुपए का स्पॉट फाइन और कचरा जलाने पर स्टेट बैंक प्रबंधन से 5 हजार रुपए की राशि वसूल की है।

### बिल से लगा गैरेज का सुराग

निगम के जोन 8 के अमले ने कलियासोत डेम क्षेत्र में बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा देखा, जिसकी जांच के दौरान अमले ने कचरे में मिले बिल के आधार पर कचरा फेंकने वाले राजपाल टोयटा प्रबंधन से 20 हजार की राशि का स्पॉट फाईन वसूला। अमले ने सभी को कचरा, गंदगी न फैलाने और कचरा न जलाने की समझाइश भी दी।

# विहिप-बजरंग दल ने शोभायात्रा निकाल कर खेड़ापति सरकार को सौंपी गदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने शनिवार को हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं गदा अर्पण का आयोजन किया। यात्रा का शुभारंभ प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने प्रभु राम, हनुमान जी महाराज एवं गदा का विधिवत पूजा अर्चना कर यात्रा को प्रारंभ किया। यात्रा राम मंदिर आंनद नगर से प्रारंभ होकर, पीपलानी पैट्रोल पंप, अन्ना नगर, महाराणा प्रताप नगर, न्यू मार्केट, पॉलिटेक्निक चौराहा, भवानी चौक सोमवारा से भानपुर चौराहा होते हुए श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज सरकार के दरबार पहुंची, जहां गदा अर्पित



की गई। कार्यक्रम में प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान, प्रांत सह संयोजक लोकेंद्र मालवीय, प्रांत सत्संग प्रमुख हरिओम शर्मा, विभाग मंत्री जीवन शर्मा, विभाग संयोजक दिनेश यादव एवं भोपाल विभाग के जिलों के अध्यक्ष, मंत्री संयोजक, प्रखंड खंड इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनसीसी केडेट्स ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में की सहभागिता

भोपाल। राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कॉलेज के सत्र 2024-25 के



एनसीसी बैच ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें अखिलेश कुमार, सुजल, पुष्पेन्द्र, पारुल एवं ताकेश्वरी ने सी सर्टिफिकेट परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त करना, अखिलेश कुमार द्वारा एसएनआईसी अंडमान में सहभागिता करना तथा अंकित, पुष्पेंद्र, सूरज, पंकज, निखिल द्विवेदी, पारुल, करन ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में सहभागिता की। प्राचार्य डॉ संजय जैन एवं एनसीसी आफिसर डॉ. वर्षा चौहान ने सभी कैडेट्स को बधाई दी है।

विज्ञापन........

## इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**
इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**डॉ. प्रमोद पहारिया**
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समयः दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक | व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930